

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 1 अंक: 346 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया



## 'अपने 41 डिप्लोमैट वापस बुलाए',
## विदेश मंत्रालय की दो टूक, ट्रूडो को भारत का अल्टीमेटम

नई दिल्ली. भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने के मुद्दे पर कनाडा के साथ चर्चा कर रहा है. मीडिया में आई खबरों के अनुसार भारत ने कनाडा से दो टूक कहा है कि 10 अक्टूबर तक वो 41 डिप्लोमैट को वापस बुला ले. भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारा फोकस भारत में कनाडा के डिप्लोमैट को कम करने पर है. भारत में इनकी संख्या बहुत ज्यादा हो चुकी है और ये लगातार भारत के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं.

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, "हमने भारत में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की और चर्चा जारी है. उन्होंने कहा, हमारा ध्यान कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने पर है. दो हफ्ते पहले, नई दिल्ली ने ओटावा से भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहा था. जून में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की "संभावित" संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव में आ गया था.

### भारत और कनाडा में राजनयिकों की संख्या में बराबरी होना जरूरी

अरिंदम बागची ने कहा है कि भारत और कनाडा में राजनयिकों की संख्या में बराबरी होना जरूरी है. ये कनाडा पर निर्भर करता है कि वो किस राजनयिक को अपने उच्चायोग के साथ रखेगा. हमारी चिंताएं राजनयिकों की उपस्थिति में समानता से जुड़ी हुई हैं. हमारा ध्यान दो चीजों पर है पहला- कनाडा में ऐसा माहौल हो जहां भारतीय राजनयिक अच्छे से काम कर सकें और दूसरा राजनयिक क्षमता के मामले में समानता हासिल करना.





### कनाडा के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताकर खारिज किया था

भारत ने आरोपों को "बेतुका" और "प्रेरित" कहकर खारिज कर दिया और इस मामले के लेकर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था. भारत सरकार ने कहा है कि कनाडा ने निज्जर की हत्या के दावे के समर्थन में अभी तक कोई सार्वजनिक सबूत उपलब्ध नहीं कराया है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में कहा था कि कनाडा के साथ चल रही समस्या देश में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा को कनाडा सरकार के समर्थन के कारण पिछले कुछ साल से बनी हुई है. जयशंकर ने कहा कि मौजूदा स्थिति को गतिरोध नहीं कहा जा सकता है.

## इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) द्वारा नोएड़ा पुलिस आयुक्त का किया गया सम्मान

गौतमबुद्धनगर/समाज जागरण

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को नोएड़ा पुलिस द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस और मीडिया के साथ अच्छे तालमेल व पत्रकारिता की गरिमा अक्षुण बनाए रखने समेत कई अन्य मुद्दों पर 'चाय पर' चर्चा की गई।

इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) के पदाधिकारियों द्वारा गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह से उनके कार्यालय में नोएड़ा पुलिस द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने पर आयुक्त को संस्था ने सम्मान पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। और पत्रकार व पत्रकारिता की गरिमा को अक्षुण बनाए रखने के साथ तमाम मुद्दों पर चर्चा भी हुई, और संस्था की ओर से पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पंडित, संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार आलोक द्विवेदी, संरक्षक नंद गोपाल वर्मा, संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार आर बी उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव रमन ठाकुर, अमित भाटी, सुमन चौधरी, प्रमोद यादव, अभिषेक, आमिर, प्रखर वार्ष्णेय, ब्रह्मानंद झा, दीपू पंडित, सूंदर सिंह समेत कई अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।



## श्री कुलदीप गुप्ता को जोनल रेलवे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति मे सदस्य नियुक्त किए जाने पर हर्ष का माहौल।

नोएडा समाज जागरण डेस्क

नोएडा के उद्यमी तथा भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता को भारत सरकार मे जोनल रेलवे उपयोगकर्ता

**जेडआरयूसीसी के सदस्य स्टेशन मास्टर या टिकट कलेक्टर या ट्रैवलिंग टिकट परीक्षक को बुलाने के लिए अधिकृत होता हैं, जो किसी भी स्टेशन पर किसी भी चीज की जांच करने के लिए तुरंत उपलब्ध हैं।**

सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त किए जाने पर परिवार तथा व्यापारी वर्ग मे हर्ष का माहौल है। आज सुबह से ही उनको चारों तरफ के ढेरो बधाई मिलने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। इस अवसर पर अविनाश सिंह युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष ने कहा है **'नोएडा के प्रति इनका प्यार और समर्पण प्रेरणादायक है।'**

प्रिय कुलदीप भाई, आपके द्वरा प्राप्त इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरा वैश्य अग्रवाल समाज नोइडा गौतम बुद्ध नगर का हर निवासी अपने को गौरान्वित महसूस करते हुए नोइडा गौतम बुद्धनगर की धरा के निवासियों का आपके द्वरा इन सुवर्णिप पल का सुखद अहसास हुम सबको कराने के लिये कोटि कोटि बधाई शुभकामनाएं ईश्वर आपकी हर गतिविधि में दिव्य भाग्य की वर्षा करें। मैं आपको भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। सुरेन्द्र गर्ग



## न्यूजीलैंड ने चैंपियन इंग्लैंड की निकाली हेकड़ी, 9 विकेट से रौंदकर वनडे वर्ल्ड कप में मचाया हाहाकार

नई दिल्ली. आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के 13वें एडिशन का आगाज धमाकेदार अंदाज में हुआ है. पिछली बार की उप विजेता न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड (ENG vs NZ) को हराकर वनडे वर्ल्ड कप में विजयी शुरूआत की है. युवा बैटर रचिन रवींद्र और ओपनर डेवोन कॉनवे की धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर कीवी टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए वर्ल्ड कप 2023 के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 9 विकेट से पराजित किया. इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने 4 साल पहले इंग्लैंड के हाथों फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया.

इंग्लैंड की ओर से रखे गए 283 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने ओवर 36 .2 ओवर में 1 विकेट पर जीत दर्ज कर ली . रचिन रवींद्र ने 96 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 123 रन बनाए. डेवोन कॉनवे ने 121 गेंदों पर 19 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 152 रन की पारी खेली. कॉनवे और रचिन ने दूसरे विकेट के लिए 273 रन की सझेदारी की.

**रचिन रवींद्र ने रचा इतिहास**

रचिन रवींद्र ने वनडे विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए सबसे तेज शतक ठोका. उन्होंने अपनी सेंचुरी 82 गेंदों पर पूरी की जिसमें 9 चौके और 4 छक्के शामिल थे. रचिन विश्व कप इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले बैटर बन गए हैं. उन्होंने यह उपलब्धि 23 साल 321 दिन की उम्र में हासिल की. रचिन वर्ल्ड कप डेब्यू में शतक जड़ने वाले पांचवें कीवी खिलाड़ी बन गए हैं. 10 के स्कोर पर गिर चुका था

## 275 करोड रुपए की परसवाड़ा बगलीपाठ सिंचाई परियोजना को मंजूरी,मुख्यमंत्री आज करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(06 अक्टूबर )जल संसाधन राज्यमंत्री रामकिशोर नानो कावरे के विधानसभा क्षेत्र परसवाड़ा को विकास की एक और उपलब्धि मिली है। 275 करोड़ रुपए की लागत वाली परसवाड़ा बगलीपाठ माइक्रो प्रेशराइज सिंचाई परियोजना को कैबिनेट बैठक में मंजूरी प्रदान कर दी गई है।जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जनपद पंचायत परसवाड़ा के अध्यक्ष समल धुर्वे ने परसवाड़ा बगलीपाठ माइक्रो सिंचाई परियोजना की स्वीकृति अनुशंसा किए जाने पर जानकारी देते हुए बताया कि आयुष एवं जल संसाधन राज्यमंत्री राम किशोर नानो कावरे जी की दूरदर्शिता, लगन एवं क्षेत्र की जनता के प्रति सेवा भावनाओं के कारण 275 करोड़ रुपए की यह योजना स्वीकृत हुई है।



माननीय मंत्री श्री कावरे जी द्वारा मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विगत 22 फरवरी को लामता आगमन पर अपने भाषण में बगलीपाठ योजना को स्वीकृति दिलाए जाने की मांग की थी। मंत्री जी की मांग पर मुख्यमंत्री जी द्वारा मंच से इस योजना को स्वीकृत करने की घोषणा की थी। इसी तारतम्य में बजट 2023-24 में इस योजना को शामिल किया गया। यह योजना परसवाड़ा तहसील के ग्राम बगलीपाठ के निकट बंजर नदी पर प्रारंभ की जायेगी। आधुनिक तकनीक से बंजर नदी के पानी को लिफ्ट कर होज सिस्टम पाइप के माध्यम से किसानों के खेत तक सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जायेगा। आजादी के 75 वर्षों बाद भी परसवाड़ा में कोई ऐसी बड़ी योजना संचालित नहीं थी। जिससे असिंचित भूमि पर आवश्यकतानुसार सिंचाई की जा सके। बगलीपाठ माइक्रो सिंचाई परियोजना परसवाड़ा क्षेत्र के 30 गांव कुमादेही, कालेगांव, परार्पुर, सैला, मालखेड़ी, मोहगांव, खापा, घाना, कोरजा, दलवाड़ा, हरार्भाट, सरेखा, धनवार ठेकेदारी, धनवार रैयत, झुलुप, नारना, परसाटोला, चरेगांव, कश्मीरी भीलेबानी, सुरवाही, खैरलांजी ठेकेदारी, खैरलांजी रैयत, चंदिया, धानुटोला, मजगांव माल, सांडा, मजगांव रैयत, तीरगांव, गरारी बेहरा को शामिल किया गया है।

## पंजाब विधायक डॉ अमनदीप कौर ने बिलासपुर प्रत्याशी डॉ उज्वला के लिए चुनावी रैली कर किया चुनावी शंखनाद

### विधायक बोलीं बिलासपुर बदलाव के लिए है तैयार मिल रहा भारी समर्थन

बिलासपुर। आम आदमी पार्टी ने विशाल बदलाव यात्रा निकाल कर चुनावी बिगुल फूंक दिया पंजाब आम आदमी पार्टी की विधायक अमनदीप की अगुवाई में पार्टी के इस आयोजन में अप्रत्याशित भीड़ जुटी. क्षेत्रभर से आए हजारों लोगों की यह भीड़ चर्चा का विषय बनी हुई है. भीड़ देखकर गदगद पार्टी के पंजाब विधायक डॉ. अमन दीप कौर ने यह कह दिया कि यह कोई भीड़ नहीं, यह हमारे पार्टी के प्रति भावनात्मक लगाव है.

अमनदीप ने कहा, जनता उन दो पार्टियों को जान चुकी है. पहचान चुकी है, उनके वादाखिलाफी किसी से छुपी नहीं है. जनता ने जिस भाजपा को अपना पूरा समर्थन दिया इस पार्टी ने अपनी सरकार रहते कुछ विकास नहीं कराया. कांग्रेस ने भी इस इलाके का इसलिए उपेक्षा किया, क्योंकि यहां भाजपा को समर्थन देते थे.

अमन दीप ने कहा, इस बिलासपुर में स्वास्थ्य व शिक्षा की कमी है, जिसे पूरा कर जनता को मूलभूत अधिकारों को दिलाने आप पार्टी न केवल चुनाव लड़ेगी, बल्कि हर वो लड़ाई लड़ेगी, जिससे जनता का भला हो सके. पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव व बिलासपुर विधान सभा से आप प्रत्याशी उज्वला कराड़े ने कहा



कि पार्टी को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिल रहा है. दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल छत्तीसगढ़ का भी विकास करेंगे. हमारी पार्टी की बदलाव यात्रा रैली तक सीमित नहीं रहेगी. इसे मतदान में बदलकर पूरी व्यवस्था को बदला जाएगा

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष खगेश चंद्राकर ने कहा कि सब पार्टिया महिला आरक्षण को लेकर केवल बात कर रही हैं लेकिन आम आदमी पार्टी ने बिलासपुर से महिला शक्ति को वोट देकर ये साबित कर दिया की आम आदमी पार्टी बोलती नही करती है सरकार बनने पर केजरीवाल की 10 गारंटी छत्तीसगढ़ में लागू की जाएगी।

क्यों की आम आदमी पार्टी जो कहती है वो करती है।

**कार्यकताओं में दिखा गजब का जोश**

आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के दौरान कार्यकताओं में गजब का जोश देखने को मिला बदलाव यात्रा जिस जिस मार्ग से गुजरी करवा बनता चला गया लोग स्वमेव जुड़ते चले गए जिससे ऐसा प्रतीत हुआ की लोग अब बिलासपुर में दोनो पार्टियों से ऊब गए हो।

## व्यापारी एकता दिवस के रूप मे मनाया गया प्रदेश चैयरमैन नवनीत गुप्ता के जन्मदिन

नोएडा समाज जागरण डेस्क

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश चैयरमैन श्री नवनीत गुप्ता के जन्मदिन पर जहाँ ढेर सारी बधाई मिला वही उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के द्वारा बड़ी धूमधाम से व्यापारी एकता दिवस के रूप मे मनाया गया। इस आशय की जानकारी यूपी व्यापार मंडल (फ) के नाम से एक व्हाटसप ग्रुप से मिला। भूमि शर्मा के द्वारा एक पोस्टर शेयर की गई जिसमें विकास जैन प्रदेश अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल एवं अन्य व्यापारी साथी के द्वारा श्री गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाए देते हुए नजर आ रहे है। इसके अलावा दिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।





ॐ शोक संदेश ॐ



भारतीय योग संस्थान

कोंडली जिला के अध्यक्ष

करण सिंह वर्मा जी का

हृदय गति रूकने से निधन हो गया

ॐ शांति


## देवरिया हत्याकांड: योगी सरकार ने लिया कड़ा एक्शन, SDM-CO समेत 15 अधिकारी सस्पेंड, जानें क्या है मामला ?

लखनऊ. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो अक्टूबर को देवरिया में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के पांच लोगों समेत कुल छह लोगों की हत्या के मामले में कथित लापरवाही पर एक उपजिलाधिकारी और एक पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित 15 पुलिस और राजस्व कर्मचारियों को निलंबित करने के आदेश दिए हैं. सरकार की ओर से जारी एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई. बयान के अनुसार, जिले की रुद्रपुर तहसील के फतेहपुर गांव में हुई घटना की जांच रिपोर्ट से कर्मचारियों और अधिकारियों की ओर से अपने कर्तव्यों के निवर्हन में काफी लापरवाही बरतने का खुलासा हुआ है. इसके बाद, मुख्यमंत्री ने एसडीएम योगेश कुमार गौड़, पुलिस क्षेत्राधिकारी जिलाजीत, दो तहसीलदार, तीन लेखपाल, एक थाना प्रभारी, दो उपनिरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल और चार कांस्टेबल को निलंबित करने का आदेश दिया. बयान के अनुसार, "...दिवंगत सत्य प्रकाश दुबे द्वारा 'ग्राम समाज' की भूमि पर अवैध कब्जे के संबंध में आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) के तहत कई शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग को ऑनलाइन भेजी गईं थीं और दोनों विभागों के संबंधित अधिकारियों द्वारा इस पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समाधान नहीं किया गया."

# वन्यजीवों के साथ जियो और जीने दो

**दैनिक समाज जागरण**

आज पृथ्वी पर मनुष्य नामक जीव ने अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। इसीलिये अब मनुष्य यह भूल बैठा है , कि पृथ्वी में अन्य जीव जंतुओं को भी रहने का उतना ही अधिकार है जितना मनुष्य को। मनुष्य और वन्यप्राणी एक सिक्के के दो पहलू हैं। सृष्टि के प्रारंभ से वे एक दूसरे के पूरक रहे हैं। हमारे पौराणिक ऐतिहासिक ग्रंथो में यदाकदा मानव और वन्य प्राणियों के प्रगाढ़ संबंधों के प्रमाण मिल जाते हैं। वस्तुतः मनुष्य जीवजगत और वनस्पति एक दूसरे के पूरक भी हैं। इनके हितों में कोई टकराव नहीं है। किन्तु मानव जैसे-जैसे सभ्य होता गया, वह सह-विकास, सहसृजनात्मकता और सहयोग की भावनाओं को नजर अंदाज कर उनकी जान का दुश्मन बन गया, वह उन्हें मनोरंजन, शानो-शौकत और धन जोड़ने का साधन समझने लगा! परिणामस्वरुप वन्यप्राणियों की खालें और उनसे बनने वाली अन्य वस्तुयें सजावट के काम आने लगीं। वन्यजीव विनाश का बाजार गर्म हो गया! वन्य प्राणियों की संख्या न्यून होते लगी और उनका जीवन ही नहीं अब तो उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है! हमारे देश में जीवन संरक्षण की परंपरा बहुत पुराना है, धर्म कला आदि सभी में जीवनधारियों. का समान महत्व दिया गया है। भारतीय संस्कृति तथा दर्शन में तो मानव सहित अन्य जीवधारियों को प्रकृति की सृजन योजना का अभिन्न अंग माना गया है! आदिकाल में शिकार जोखिम और बहादुरी का प्रतीक था, तो मध्यकाल में यह शान-शौकत का काम समझा जाने लगा तथा आजकल तो यह व्यवसाय में बदल गया है। यह एक सुखद अनुभव है कि अब पूरी दुनिया के अधिकांश लोग वन्यप्राणी संरक्षण की जरूरत महसूस करने लगे हैं। यह एक शुभ लक्षण है। प्रदेश में वन्व प्राणियों के संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। प्रदेश में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान तथा अभ्यारणों में प्राकृतिक रहवास, संरक्षण तथा विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक रुप से सफलतापूर्वक वन्यप्राणियों का प्रबंध किया जा रहा है। इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान केन्द्रीय सहायता प्राप्त प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत प्रबंधित है। अभ्यारणों में बसे ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए भी विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। वन्यप्राणी संरक्षण की समूची योजना को जनता से जोड़ने, पारस्परिक समझ और सहयोग के मुद्दे को व्यवहारिक ढंग से जनता तक प्रचारित किया जा रहा है। प्रदेश में वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं विकास के फलस्वरुप इनकी संख्या में वृद्धि हुई है। इन वनों में विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के लिये समुचित पानी, चराई, नियंत्रण एवं सहान गश्त के माध्यम से वन्य प्राणियों के. रिहायशी स्थानों को सुरक्षित रखकर बन अपराधों पर नियंत्रण रखा जा रहा है! अभ्यारणों एवं राष्ट्रीय उद्यानों में स्थित अथवा उनके सीमावर्ती ग्रामों का पर्यावरणीय विकास भी किया जा रहा है! वन्य प्राणियों से जो जनहानि अथवा पशुहानि होती है, उसकी क्षतिपूर्ति शासन द्वारा की जाती है! हिंसक वन्य प्राणियों के द्वारा व्यक्ति के घायल होने की स्थिति में क्षतिपूर्ति की राशि अधिकतम पांच हजार प्रतिव्यक्ति देने का प्रावधान है। इसी प्रकार हिंसक वन्य प्राणियों द्वारा मारे गये व्यक्तियों के परिवार को क्षतिपूर्ति की राशि दस हजार रुपये प्रति व्यक्ति देने का प्रावधान है।

भारत सरकार ने वन्य प्राणियों के अस्तित्व की अनिवार्यता को महसूस कर उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 1971 में पूरे राष्ट्र में शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर प्रभावी कदम उठाया. राज्य सरकारों ने वर्ष 1974 में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम बनाकर उन्हें प्राकृतिक वातावरण में स्वछंद रहने के लिये उनकी संख्या में वृद्धि करने के लिये राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की! इस दिशा में निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरुप अब राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यों की संख्या पर्याप्त बढ़ चुकी है। प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण स्थापित करने के लिये उन क्षेत्रों का चयन किया गया है, जो वन्य प्राणियों के लिये उपयुक्त है अथवा जहां लुप्त हो रही वन्य प्रजातियां थी!वन्य प्राणियों के संरक्षण का एकमात्र तरीका संबंधित वन क्षेत्र को राष्ट्रीय उद्यान अथवा अभ्यारण के अंतर्गत लाकर वहां उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करता है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारणों की स्थापना की गई है। प्रदेश का इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान, बारह सिंघा की दक्षिणी नस्ल का आखिरी आश्रयस्थल है! ह्यवह दिन प्रदेश के लिये अत्यंत अशुभ दिन होगा जब वहां के सुंदर सघन साल वनों में हरिण परिवार के शानदार सदस्य बारह सिंघे की आवाज गूंजना बंद हो जायेगी।ह्न इस सदी के प्रारंभ में जब प्रसिद्ध प्रकृतिविद् मिस्टर ब्रांडर ने यह आशंका व्यक्त की थी तब उन्हें क्या मालूम था कि वे भविष्यवाणी करने जा रहे हैं। बस्तर में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान है। मध्यप्रदेश में बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान को वर्ष 1982 से बाघ तथा श्रृंगधारी वन्य प्राणियों की बढ़ती आबादी को आवास स्थल का रूप देने के लिये चार गुना क्षेत्र में बढ़ा दिया गया है।

**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

# जाओ संजय ! तुम भी जाओ

**दैनिक समाज जागरण**

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी जेल यात्रा पर निकल गए । केंद्र सरकार की ' न खाऊंगा और न खाने दूंगा' योजना के तहत संजय सिंह को बीती रात प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया। प्रवर्तन निदेशालय की सहोदर सीबीआई पहले ही संजय सिंह के साथी मनीष सिसौदिया और संजय जैन को जेल यात्रा पर भेज चुकी है। सरकार की नजर में ये तीनों 'महाखाऊ' हैं और न जाने कितना खा चुके हैं। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की सेहत पर अपने साथियों की गिरफ्तारी से कोई फर्क नहीं पड़ता। वे अब पहले से ज्यादा तंदरुस्त नजर आने लगे हैं। जब-जब उनका कोई साथी जेल जाता है ,केजरीवाल की सेहत सुधर जाती है।

संजय सिंह को जेल जाना ही था ,संजय ने अपनी जेल यात्रा का इंतजाम खुद किय। संजय लगातार सरकार के लिए संसद में समस्या खड़ी कर रहे थे । हमारे उदार 'सदनप्रभु' ने संजय को पहले ही सदन से निलंबित कर दिया था । कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सिफारिश के बावजूद भी संजय को बहाल नहीं किया गया। संजय सदन के बाहर धूनी रमाये बैठे रहे। मुझे लगता है कि संजय का 'स्टेमिना' देखकर ही सरकार को ये आशंका हुई होगी कि संजय ने खूब जमकर खाया है ,इसलिए उन्हें गिरफ्तार करना देशहित में ही नहीं आम आदमी पार्टी के हित में भी है। आम आदमी पार्टी का ख्याल सबसे ज्यादा सरकार ही रखती है।

संजय के प्रति हमारी सहानुभूति इसलिए भी है क्योंकि वे एक मुखर सांसद हैं। वे जनता की आवाज को मुखर बनाने के लिए कांग्रेसियों से ज्यादा प्रभावी और मौलिक नारे गढ़ते है। उनकी आवाज भी डॉ मनोज झा की तरह बुलंद है और संसद की दीवारों से टकराकर प्रतिध्वनि करती है अर्थात गूंजती है। ध्वनि से ज्यादा प्रतिध्वनि का असर होता है। इसे अंग्रेजी वाले 'ईको' कहते है। तेज आवाज में बोलने वालों की वजह से संसद का 'ईको सिस्टम' खराब होता है । इसलिए सदन के नेता कोशिश करते हैं कि तेज आवाज में बोलने वाले सांसदों को काबू में रखा जाये । वे न मानें तो उन्हें निलंबित कर दिया जाय। यानि ' न रहे बांस और न बजे बांसुरी। '

सरकार संस्कारित और सनातनी सरकार है। उसे मालूम है कि ' न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी । इसीलिए जहाँ जहाँ ज्यादा तेल नजर आता है सरकार उसे कम करा देती है। ये फामूर्ला प्रामाणिक फामूर्ला है। यही वजह है कि इसे न केवल सांसदों पर बल्कि पत्रकारों और वेब साइटों पर भी आजमाया जा रहा है। ' न्यूज क्लिक ' वालों पर इसका जोरदार इस्तेमाल हो रहा है । वे भी संजय सिंह की भांति बहुत जोर-जोर से सरकार के खिलाफ




बोलते हैं। अभिसार शर्मा और उर्मिलेश जी की आवाज भी संजय सिंह की भांति पैनी और प्रतिध्वनियां पैदा करने वाली है। इसलिए उन्हें भी हिरासत में लिया जाता है। संकेत दिए जाते हैं कि -' मान जाओ ! वरना संजय सिंह की तरह जेल यात्रापर भेज दिए जाओगे ' उर्मिलेश और अभिसार से परामर्श लेकर 'न्यूज क्लिक ' चलने वाले प्रबीर पुलकायस्थ को तो सरकार गिरफ्तार कर ही लेती ,वो तो भला हो है कोर्ट का जो उसने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी ,अन्यथा वे भी कब के 'जेलाटन' कर रहे होते।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए तेज आवाज में बोलने वालों कोई मुश्कें कसना ही पड़तीं है। भाजपा सरकार को इस विधि का पता पूर्ववर्ती इंदिरा गाँधी की सरकार दे गयी थी । पुरानी सरकार का ' आपातकाल ' लगाने का फामूर्ला इस सबके मूल में है । भाजपा को ले-देकर सरकार चलाने का तजुर्बा कुल 16 साल का है जबकि कांग्रेस ने पांच दशक से ज्यादा सरकार चलाई है । इसलिए मजबूरन मौजूदा सरकार को कांग्रेस सरकार के अनुभवों से काम चलना पड़ता है। कांग्रेस के अन्वेषण ,कांग्रेस द्वारा किया गया विकास सब कुछ आज की सरकार के काम आ रहा है।सर्कार को कांग्रेस का आभारी होना चाहिए।

हमारी सरकार ने हाल ही में उज्ज्वला योजना वालों के लिए रसोई गैस के सिलेंडर पर सब्सिडी बढ़ाई लेकिन इस लोकोपयोगी घोषणा का डंका बज ही नहीं पाया । उज्ज्वला बहनों को मिले इस उपहार को न्यूज क्लिक और संजय सिंह ले डूबे । ये दोनों सरकार विरोधी काम करते है। आप इसे राष्ट्रविरोधी भी मान सकते हैं। न्यूज क्लिक वाले चीन से पैसे लेकर भारत सरकार के खिलाफ काम करते है। जबकि इस पर खुद भारत सरकार का एकाधिकार है । भारत सरकार 'पीएम केयर फंड' के लिए चीन से धन ले सकती है लेकिन न्यूज क्लिक वाले नही। न्यूज क्लिक वाले लेंगे तो उन्हें 'किक' कर दिया जायेगा । किया जा रहा है । सरकार खुद चीनी पैसे से चलने वाले 'पेटीएम' का विज्ञापन कर सकती है लेकिन आपको चीनी धन का इस्तेमाल नहीं करने दे सकती। ये सरकार की प्रतिष्ठा के खिलाफ है। सरकार की प्रतिष्ठा बचाने के लिए ही ईडी को मेहनत करना पड़ती है। बेचारी ईडी ! मुफ्त में बदनाम हो रही है। आप मानें या न माने मुझे तो अपनी ईडी और सीबीआई पर बहुत दया आती है। दोनों मन मारकर काम करते है। राष्ट्रहित की बात न होती तो ये दोनों एक भी आदमी को गिरफ्तार न करते फिर चाहे वो मनीष सिसोदिया होते या संजय सिंह या केरल वाले कप्पन मियाँ। ईडी और सीबीआई पहले भी थे लेकिन इतने निरीह और नख-दंतहीन नहीं थे। अब तो दोनों की दशा राजस्थानी कठपुतलियों जैसी हो गयी है । दोनों की डोर किसी और के हाथों में है ,जो उन्हें गुजराती स्टाइल में नचाता रहता है । जिसे बचाना होता है उसे बचाता रहता है । जिसे देश के बाहर भगाना होता है ,भगाता रहता है । न उनका ईडी कुछ बिगाड़ पाती है और सीबीआई। मुझे मेरे एक सांसद मित्र ने बताया कि ईडी और सीबीआई से बचने का एक स्त्रोत्र है। बिलकुल रामरक्षा स्त्रोत्र की तरह काम करता है । आप जी भर कर खाइये,खिलाइये केवल आपके हाथों में लक्ष्मी देवी की भांति कमल पुष्प होना चाहिए। जिसके हाथ में कमल पुष्प होता है उसे लक्ष्मी जी का वरदान मानकर अक्षुण्ण समझ लिया जाता है। कमल पुष्प प्रेमी को ईडी और सीबीआई सपने में भी पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती,गिरफ्तारी तो बहुत दूर की बात है। आप ईडी और सीबीआई का रोजनामचा उठाकर देख लीजिये ,एक भी कमल पुष्पधारी नेता ,पत्रकार या समाजसेवी आपनो जेलयात्रा पर जाता नहीं दिखाई देगा। कमल पुष्प सरकार की तमाम गारंटियों में से एक गारंटी जैसा है। मेरी मानिये तो आप भी अपने यहां एक गढ्ढा बनाकर उसमें कमल की क्यारी बना लें।

अपनी आदत से मजबूर होने की वजह से मै संजय सिंह की गिरफ्तारी का समर्थन नहीं कर सकता । मै न्यूज क्लिक के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के भी खिलाफ हूँ। मैं इन दोनों कार्रवाइयों को अलोकतांत्रिक मानता हू। किसी भी तंत्र में इस तरह की कार्रवाइयां नहीं होना चाहिए। लेकिन मेरी सुनता कौन है ? नक्कारखाने में भला तूतियों की आवाज सुनाई देती है ? फिर भी तूतियाँ हैं कि बजती रहतीं हैं ,लगातार बजती रहतीं है। आपातकाल में भी बजतीं थीं । आज भी बज रहीं है। कल भी बजेंगीं । टूटियां अपना काम बंद नहीं करतीं । वे हर नक्कारखाने में बजती हैं फिर चाहे नक्कारखाना सांपनाथ का हो या नागनाथ का।

**@ राकेश अचल**

# अभी के जनरेशन में प्यार का बुखार ज्यादा लग रहा, जो घरेलू हिंसा का एक बहुत बड़ा कारण है-ऋतुराज।

## कहीं-कहीं तिरिया चरित्र नारियां लड़का को ब्लैकमेल करने लगती है।

### अभी की बेटियों में सहनशक्ति बहुत कम हो गई है, बड़े बुजुर्ग का सेवा, आदर सम्मान वाला संस्कार बिल्कुल विलुप्त होते जा रहे हैं, जो बढ़ते घरेलू हिंसा का प्रमुख कारण हैं।

**दैनिक समाज जागरण**

**विश्वनाथ आनंद, वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल।**

गया (बिहार) 5 अक्टूबर 2023:- समाज सेवा के क्षेत्र में चर्चित व वरिष्ठ समाजसेवी पूजा ऋतुराज नव सृजन संस्था कदमकुंआ पटना की सचिव है , यह लगातार घरेलू हिंसा कैसे रुके, इस पर शोध करते रहती है। ऋतुराज बताती हैं कि मैं प्रतिदिन पांच से छः मामला घरेलू हिंसा का देखती हूं। जिसमें ज्यादातर मामला प्रेम विवाह रहता है और दहेज उत्पीड़न का रहता है। आज की लड़कियां ही नहीं शादीशुदा महिलाएं भी बिना सोचे समझे किसी भी लड़के से प्यार में पागल हो जा रही है , तो कहीं-कहीं तिरिया चरित्र नारियां लड़का को ब्लैकमेल करने लगती है कि शादी नहीं करोगे तो हम आत्महत्या कर लेंगे ,ऐसे में दोनों का शादी तो हो जाता है लेकिन शादी के बाद जो झेलना पड़ता है वो पति ही समझता है ।एक -एक दिन कष्टदायक हो जाता है, ऐसी हालत में उसे कोई मदद करने वाला नहीं मिलता, अभी के समाज में महिलाएं भी अपना इज्जत ताक पर रख दे रही है ,उसे अपने परिवार समाज का कुछ भी ख्याल नहीं रहता और प्रेम में पागल होकर पति रहते हुए दूसरे के पति से प्यार कर बैठती है।

बहुत शर्मसार कर देने वाली बात तब होती है जब चार-पांच बच्चों की मां किसी कुंवारा लड़का को प्रेम जाल में फंसा कर अपने घर में रखा रुपया पैसा जेवर लेकर घर से फरार हो जाती है , पति बेचारा बाहर में कमाता है और सारा पैसा अपनी पत्नी को दे देता है जमीन जायदाद भी पत्नी के नाम से ही लेता है और उसके साथ ऐसा धोखा करने वाली पत्नी का क्या कहना, इज्जत को तार तार कर देती है और गांव, समाज को भी महका देती है ,कहीं कहीं से ऐसा मामला सुनने को मिलता है की हंसी आती है, कुछ महिला पुरुषों में प्यार का बुखार ज्यादा ही चढ़ जाता है, कुछ पीड़ित युवा - लड़कियों का कॉल आता है। बताती है कि मेरे साथ कुछ लड़कों ने कोल्ड ड्रिंक में नसा का गोली डालकर पिला दिया और मेरे साथ गलत किया है। मुझे मदद कीजिए।

समाज में बुराइयां लगातार बढ़ते जा रहा है, अभी के जनरेशन में प्यार का बुखार ज्यादा लग रहा , जो घरेलू हिंसा का एक बहुत बड़ा कारण है। हम महिलाएं को ही ज्यादा दोषी मानते हैं।अभी की बेटियों में सहनशक्ति बहुत कम हो गई है ,बड़े बुजुर्ग का सेवा,आदर सम्मान वाला संस्कार बिल्कुल विलुप्त होते जा रहे हैं। अधिकतर सभी समाज में यही देखते हैं कि वहां की बहू बेटियां अपने डॉगी का साफ सफाई में कोई कटौती नहीं करती यहां तक की डॉगी का पॉटी भी खुद साफ कर लेती है, लेकिन उसके घर में बड़े बुजुर्ग का तबीयत खराब हो जाती है तो उन्हें एक गिलास पानी तक देना दुश्वार हो जाता है ।जहां वृद्धाओं को शारीरिक सेवा बहुत जरूरी होती है जो घर के परिवार ही कर सकते हैं उस जगह पर उन्हें कोई देखने वाला नहीं रहता यहां तक की पेंशन धारी बुजुर्गों वृद्ध महिलाओं का पेंशन तो उनके बाल बच्चों को बड़ा प्यारा लगता है ,लेकिन सेवा करना दुश्वार, यहां तक कि उनके सेवा के लिए पैसा देकर भी सेवा करवाना नहीं चाहते, उनके संपत्ति और पैसे पर पूरा अधिकार रखते हैं

जहां सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं था परिवार में कभी छोटा-मोटा झगड़ा भी होता तो आपस में ही निपटा लेते थे आसपास के लोग नहीं जानते थे, घर के गार्जियन जो कहते थे वही होता था, एक समान खाना पहनना और परिवार में बहुत ही उसने प्यार इज्जत सम्मान भरा होता था , झगड़ा होने के बाद भी लोग एक साथ बैठकर खाते पीते थे। आज के माहौल में शिक्षा तो अनेकों प्रकार के हो गए हैं जहां शिक्षा से लोग ओतप्रोत है । वहीं ज्यादा घरेलू हिंसा देखने को मिल रहा है।

लोगों में एक से बढ़कर एक पहनावा हो गया है लोगों के पास पैसा भी बहुत है लेकिन प्रेम



स्नेह परिवार में बिल्कुल खत्म के कगार पर है ,हमको लगता है कि कुछ दिन में रिश्ता का भी नामो निशान मिट जाएगा , ये एक चिंतनीय स्थिति को रेखांकित करते हैं।

**हमारे देश में घरों के बंद दरवाजों के पीछे बड़े बुजुर्गों को प्रताड़ित किया जा रहा है।**

ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों, शहरों और महानगरों में भी घरों के बंद दरवाजों के पीछे बड़े बुजुर्गों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

ऐसा काम निर्बाधगति से हो रहा है. मामूली बात को लेकर बतंगड़ बना रहता है,जैसे कहीं बहु खाना बनाने में ज्यादा रोटी बना दी या सब्जी में तेल मसाला ज्यादा डाल दी तो,या फिर मायके में रहने वाली तलाक लेकर जो बेटी रहती है। उसका चलती ज्यादा घर में चलता है। अपनी भाभियों पर ही चलती जमने लगती है,अधिकतर मामला ऐसा ही आता है,जिसमें बेटी के कारण मां अपने बहू बेटे से झगड़ा कर अलग रहती है, कहीं-कहीं भाई भाभी अपनी बहन की शादी में पैसा खर्च नहीं करने देते, माता-पिता भी बेटा के ही कहने पर चलते हैं और उन्हें बेटी से उतना लगाव नहीं रहता, मात्र दिखावा करते हैं कि बेटी को हम ज्यादा मानते हैं। लेकिन अंदरूनी बात यही है,जो धन कमाते हैं,वह बेटा के लिए ही कमाते हैं। किसी तरह से बेटी का शादी ब्याह कर देते हैं। जैसे तैसे कम खर्च में पार लग जाए वैसा ही लड़का ढूंढने में लगे रहते हैं।

चाहे बेटी का उम्र क्यों ना शादी से पार हो जाए। ऐसे में कई बेटियां मेरे पास आती हैं कि मेरा विवाह आप करा दीजिए और मैंम आप हमारी मां के सामान बन जाइए। तब बहुत अफसोस लगता है कि इतना ज्यादा बेटा बेटी में अंतर क्यों। आज भी बहुत सारी बेटियों को मायके में झेलना पड़ता हैं। इसलिए कहते है कि बेटियां सिर्फ ससुराल में ही प्रताड़ित नहीं होती, मायका में भी भाभियों के द्वारा तंग किया जाता है, तंग नन्द आत्महत्या तक कर ले रही है,

**बहुत शर्मसार कर देने वाली मामला भी सामने आता है, जिसमें सगा भाई भी बहन के साथ गलत संबंध बना लिया होता है**

बहुत शर्मसार कर देने वाली मामला आता है कि सगा भाई भी बहन के साथ गलत संबंध बना लिया होता है जो किसी से कहने लायक नहीं रहता ,पीड़ित बेटी की मां भी उसे किसी से कहने को नहीं कहती है, तो कभी काम करने वाली की बेटियों के साथ उसके पिता ही शारीरिक संबंध बनाता हैं और रोने चिल्लाने पर बहुत पीटता हैं और उल्टे इल्जाम लगाता हैं कि इसका किसी और से संबंध है, इसलिए मार रहे हैं, ऐसा मामला भी मेरे पास आता है । ऐसी महिलाएं जिनके पति दूर में नौकरी करते हैं। वैसी महिलाएं में ज्यादातर देखा गया है कि,सीधा सास ससुर, पति का फायदा उठाकर बहु किसी और से गलत संबंध बना लेती है और बाहर में तो घूमती फिरती है और भाई बनकर घर में ही बुलाने लगती है। ऐसा बहुत सारा मामला को निपटाना होता है,तो कहीं बाल बच्चा सहित ही किसी प्रेमी के साथ फरार हो जा रही है ।

**सीधा पति बेचारा अपना इज्जत बचाने के लिए पत्नी और बाल बच्चा को रखना चाहता है,**

पर पत्नी बाल बच्चा को इसलिए नहीं देती कि उसी के आधार पर पहला पति से पैसा लेकर दूसरे पति के साथ ऐश करेगे । अब तो ज्यादातर ऐसा मामला आ रहा है,जो गैर मर्दों से संपर्क बना रही है और अपने सीधे पति और उनके परिवार को बुरे तरह से फंसा रही है ,ऐसे में पीड़ित पति के लिए सरकार से कोई मदद भी नहीं मिलती ।तो कई महिलाएं अपने घर गृहस्ती में रहकर घर का काम में तन मन से दिन भर लगी रहती है फिर भी घर के लोग सराहना नहीं करते ,ऐसे में कामकाज करने वाली महिलाओं का मनोबल गिरता है ।

**सब लोग चाहता है कि मेरा बड़ाई हो,**

महिला को घर गृहस्थी के काम करने के बदले में कोई धन या वेतन नहीं मिलता और उनके घर का सारा कार्य को उनका कर्तव्य मानकर करना पड़ता है उसका कुछ भी महत्व नहीं दिया जाता, लेकिन उसके बदले में उसकी सराहना जरूर करनी चाहिए तभी तो उनका मनोबल बढ़ेगा, ऐसे ही छोटी-छोटी बातें बहुत सारी घरेलू हिंसा में बदल जाती है, जो बहुत ही निंदनीय है, ऐसे में धीरे-धीरे परिवार में स्नेहा में कमी व विश्वास टूट जाता है और घर बिखर जाता है, नारी शक्ति के बिना मनुष्य के कुछ भी नहीं कर सकता ।

**नारी घर के इंजन के समान है,कहां जाता है कि जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ पर देवताओं का वास होता है।**

बिना नारी वाले घर को भूतों का डेरा बताया गया है, और कहा गया है ह्न बिन घरनी घर भूत का डेराह्न। ऐसी मान्यता है कि जिस घर में नारी का आदर सम्मान नहीं होता है वहाँ पर लक्ष्मी का निवास नहीं होता है इसके बावजूद नारी आदिकाल से उपेक्षित होती चली आ रही है जबकि समय-समय पर इसकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वहीं पुरुष का भी उतना ही महत्व है।

**पुरुष भी दिन प्रतिदिन घरेलू हिंसा का शिकार हो रहे हैं।**

पुरुष पर भी पत्नियों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगातार आ रहा है, इतना ही नहीं परिवार के पूरे सदस्य भी हिंसा के शिकार हो रहे हैं और पूरा परिवार डिप्रेशन में चले जा रहे हैं,इतना ही नहीं,सबसे व्यापक प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। सीटीस्कैन से पता चलता है कि जिन बच्चों ने घरेलू हिंसा में अपना जीवन बिताया है,उनके मस्तिष बहुत कमजोर रहते हैं। उनका याददाश्त ठीक नहीं रहता। और इन बच्चों का भी आदत झगड़ालू किस्म का हो जाता है। इसलिए हम सबसे महत्वपूर्ण बात यह कहेंगे कि पति पत्नी आपस में एक दूसरे को अच्छे से समझे कोई भी एक दूसरे को परेशान करते हैं तो खुद भी परेशान होते हैं,तो जीवन में खुश रहे। संतोषजनक जीवन जीना सीखें.

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित कर रहे पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा और रीना पाण्डेय

## पुलिस दंपती द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की अनूठी पहल

पुलिस का खौफ मिटा, बच्चो को बताया पुलिस सबकी मित्र

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ते भारत के कदम पर आयोजित हुई कार्यशाला

कबाड़ के सामान से बच्चों ने बनाया वैज्ञानिक प्रोजेक्ट।





संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

उन्नाव । खाकी वर्दी में पुलिस केवल अपराध ही नहीं बल्कि अशिक्षा के अंधकार को भी मिटा सकते हैं। यह साबित किया है उन्नाव पुलिस में तैनात उपनिरीक्षक पुलिस दंपती ने। एक तरफ जहां वह ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करतें हैं, उतनी ही लगन व सच्चे से गरीब बच्चों के जीवन में शिक्षा का उजाला लाने की कोशिश करते हैं। ये हैं पुलिस कंट्रोल रूम उन्नाव में तैनात उप निरीक्षक अनूप मिश्रा अपूर्व और उनकी पत्नी उप निरीक्षक रीना पाण्डेय मिश्रा । अनूप मिश्रा को बच्चे पुलिस वाले अंकल कहते हैं, लोगों में वे वर्दी वाले मास्टर और उनकी पत्नी पुलिस वाली दीदी के नाम से लोकप्रिय हैं । वे बच्चों से बहुत प्यार करते हैं और निःस्वार्थ भाव से उन सभी की जरूरतों का ध्यान रखते हुए हर संभव मदद करते हैं । इसी कड़ी में सब इंस्पेक्टर पुलिस दंपती अनूप मिश्रा अपूर्व और रीना पाण्डेय मिश्रा के सहयोग व मार्गदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद अवस्थी के संचालन में परफेक्ट एकेडमी द्वारा निःशुल्क क्लासेस में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला " आओ संवारें बचपन ..." का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम विषय के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ के तहत विज्ञान प्रदर्शनी सहित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व और उनकी पत्नी रीना पाण्डेय मिश्रा सब इंस्पेक्टर ने विज्ञान प्रदर्शनी का उदघाटन करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने, अपने आसपास की चीजों को नए पहलू से देखने, समझने व जानने के साथ क्षेत्रीय समस्याओं को वैज्ञानिक तरीके से हल करने से संबंधित मॉडल बनाकर प्रस्तुत करके विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ कर नवीन अनुसंधान करने हेतु बच्चों को प्रोत्साहित करना है। पुलिस दंपती द्वारा गरीब बच्चों को चंद्रायन 3 की सफल यात्रा , भारतीय वैज्ञानिकों का परिचय व उल्लेखनीय कार्यों और विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई । कार्यशाला में आयोजित पुलिस की पाठशाला -" बाल संवाद " में पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व द्वारा कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को बाल अपराध, गुड टच और बैड टच में फर्क, डिजिटल वर्ल्ड , मोटीवेशन फॉर सक्सेज, पर्यावरण आदि कई विषयों पर रोचक ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई । सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय मिश्रा ने बच्चों से कहा कि मन में पुलिस का डर नहीं डालें बल्कि मित्र और हितैषी समझें । किसी भी समस्या या मुसीबत में पड़ने पर जनपद पुलिस कंट्रोल रूम , 112, 1090, 1098 सहित कई अन्य हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करके पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को समझाया । पुलिस दंपती ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों के मन में पुलिस के प्रति मित्र भाव जागृत करना है । इस दौरान बच्चों ने पुलिस अंकल और आंटी से जमकर सवाल पूछे।बच्चों को पुलिस कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी बच्चे पुलिस अंकल और आंटी से मिलकर काफी उत्साहित और खुश दिखे। सभी में पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जानने की जिज्ञासा दिखी।काफी बच्चों ने बोला की वो बड़े होकर पुलिस ही बनेंगे । बाल चौपाल द्वारा कार्यशाला में गरीब बच्चों के मध्य उनकी कलात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से " विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम " विषय के अंतर्गत अयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जया यादव, द्वितीय - मयंक सोनकर, तृतीय - आशी सोनकर को मिला । कबाड़ से जुगाड के जरिए उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल बनाने वाले सुमित राजपूत, अमित, उत्कर्ष , अविरल को "बाल वैज्ञानिक सम्मान" हेतु चयनित किया गया । सभी विजयी प्रतियोगी बच्चों को मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा अपूर्व सब इंस्पेक्टर और रीना पाण्डेय मिश्रा सब इंस्पेक्टर द्वारा पुरुस्कार और उपहार प्रदान करके सम्मानित किया गया । इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जया यादव, सृष्टि गुप्ता, बॉबी यादव, निहारिका सैनी, सिद्धार्थ ने उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया । राधिका मण्डल की सदस्या गुड़िया चौहान, अनामिका अग्निहोत्री, दिव्या शुक्ला, नीतू त्रिवेदी द्वारा सभी जरूरतमंद बच्चों को उपहार स्वरूप पठन सामग्री, फल, बिस्किट आदि का वितरण किया गया । दो दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा अपूर्व और रीना पाण्डेय मिश्रा द्वारा सरस्वती पूजन उपरांत दीप प्रज्वलित करके किया गया । कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को परफैक्ट एकेडमी की संचालिका अस्मिता अवस्थी द्वारा "सेवा सम्मान प्रतीक चिन्ह" और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया । श्लोक अवस्थी द्वारा आए हुए अतिथियों को तुलसी का पौधा भी प्रदान किया

# गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की जन्म जयंती मनायी गयी

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा बृहस्पतिवार को गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वी जन्म जयंती मनायी गयी।

प्रचार्या तथा अन्य प्रवक्ताओं ने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विभागध्यक्ष प्रफेसर शोभा मिस्र रानी दुर्गावती के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1524 में कालिंजर के चंदेल राजा कीर्ति सिंह के गा दुर्गाष्टमी के घर उनका जन्म हुआ इसी लिए उनका नाम दुर्गावती रखा गया । विवाह गोंडवाना के राजा संग्राम सिंह के पुत्र दलपट शाह से हुआ । पति की असमय मृत्यु के बाद पुत्र वीर नारायण की संरक्षिका के रूप में शासन सम्भाला। मुगलों से अपने साम्राज्य की रक्षा की और युद्धभूमि में लड़ते हुए घायल होने पर स्वयं अपनी कतर से अपने प्रणों की आहुति दी।

व्याख्यान के बाद छात्राओं ने स्पीच कंपटीशन में भाग लिया । निर्णायक मंडल में शामिल प्रफेसर सृष्टि स्त्रीवास्टवा तथा प्रफेसर जयोतिका राठोर ने बड़े स्टब से छात्राओं को सुना और निर्णय दिया निष्ठा यादव प्रथम सुरभि त्रिपाठी द्वितीय सुप्रिया गोपाल तृतीय सिमरन तथा वैष्णवी शुक्ला सांत्वना सोनम अवस्थी विशेष पुरस्कार। कार्यक्रम में इतिहास विभाग की ही प्रो.सुषमा त्रिवेदी का भी योगदान रहा। प्रचार्या प्रफेसर मंजुला उपाध्याय ने आशीर्वचन देते हुए रानी दुर्गावती के जीवन और संघर्ष से जुड़ी अनसुनी बातों पर प्रकाश डाला और छात्रों के प्रयासों को सराहा।

# चकबंदी : सीएम योगी का चला चाबुक, एक दर्जन लापरवाहों पर गिरी गाज

**- चकबंदी के मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही और अनियमितता पर लिया गया एक्शन**

**- चकबंदी अधिकारी से लेकर लेखपालों के खिलाफ की गई कार्वाई, कौशांबी के 6 लोगों को किया निलंबित**

**- निलंबन से लेकर एफआईआर और नौकरी से बर्खास्तगी की कड़ी कार्वाई की गई**

लखनऊ, 5 अक्टूबरः चकबंदी संबंधी मामलों के निपटारे में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता पर मुख्यमंत्री की सख्त नाराजगी का असर दिखने लगा है। सीएम योगी के कड़े रुख के बाद चकबंदी विभाग में बड़े स्तर पर आधा दर्जन जिलों के चकबंदी अधिकारी से लेकर लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। चकबंदी आयुक्त ने सीएम योगी के निर्देश के बाद गुरुवार को कौशांबी में तिहरे हत्याकांड में पट्टे की भूमि विवाद में लापरवाही पर चकबंदी अधिकारी समेत 6 लोगों को निलंबित कर दिया है जबकि कुल एक दर्जन लोगों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। इनमें निलंबन से लेकर एफआईआर और यहां तक कि नौकरी से बर्खास्तगी की कार्रवाई भी की गई है। वहीं चकबंदी आयुक्त की ओर से पिछले एक माह में एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 16 सितंबर को एनेक्सी में राजस्व की समीक्षा बैठक में लापरवाही और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके बाद विभागीय स्तर पर उनकी लिस्ट तैयार की गयी। वहीं सीएम योगी से हरी झंडी मिलते ही ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। जानकारों की मानें तो अभी और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है।

### चकबंदी अधिकारी को नौकरी से किया बर्खास्त

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कौशांबी में तिहरे हत्याकांड में पट्टे की भूमि विवाद में लापरवाही पर चकबंदी अधिकारी मिथिलेश कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी अफजाल अहमद खां, तीन चकबंदी लेखपाल शिवेश सिंह, शीलवंत सिंह, रवि किरन सिंह और चकबंदीकर्ता राम आसरे को

# जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को दिया गया ज्ञापन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया लखनऊ में मीरा देवी पत्नी विनोद पासवान निवासी गुलजार नगर जिनकी ऐशबाग रेलवे स्टेशन के सामने चाय की दुकान थी उसे जबरन हटवा दिया गया है जबकि वहां पर अनलॉक अपना ठेला लगा रहे हैं समय-समय पर इसका नगर निगम द्वारा जुमार्ना भी जमा करवाया जाता था उनकी दुकान जाने के कारण इनका परिवार भुखमरी के कगार पर पहुँच गया है। बिहार नगर कॉलोनी लखनऊ ककोरी मोड़ पर मजदूरों की झुग्गी झोपड़ी हटाई जा रही बिना नोटिस के जबकि अमीरों के मकान भी अवैध बने हैं सरकार उनको नहीं हटा रही है।

वीरांगना रानी दुर्गावती के जन्म दिवस पर जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने मुख्यमंत्री आवास पर गये। जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल में निम्न लोग शामिल रहे मीरा देवी, दिव्या गौतम, मंजू देवी,सुभाष पाठक, कुसुम देवी, अजंतू कुमार, शेर बहादुर सिंह , आशा, पायल, हलीमा खान, सुनीता,दीपक आदि।

# 23 वें कैप्टन शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने किया शुभारंभ।



गौतम बुद्ध नगर 05 अक्टूबर 2023 /पाकिस्तानी सैनिकों से लोहा लेते हुए देश की खातिर अपनी जान कुर्बान कर देने वाले, गेलेंट्री अवार्ड सेना मेडल से सम्मानित शहीद कैप्टेन शशिकांत शर्मा की याद में गत 23 वर्षों से मानव सेवा समिति, डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोशिएशन एवं नोएडा स्पोर्ट्स ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कैप्टेन शशिकांत शर्मा के शहीदी दिवस 5 अक्टूबर को 23वें कैप्टेन शशिकांत मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज़िलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर, मनीष कुमार वर्मा, विशिष्ठ अतिथि पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह एवं पूर्व ज़िलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर एनपी सिंह के द्वारा नोएडा स्टेडियम पर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित हुए ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शहीद की याद में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता एवं आयोजन समिति के सदस्यों की प्रसंशा व शहीद कैप्टेन शशिकांत शर्मा के माता-पिता को नमन करते हुए इस प्रतियोगिता को शीघ्र ही राज्य स्तर की बनाने में आर्थिक व प्रशासनिक स्तर पर पूरे सहयोग की बात कही। विशिष्ठ अतिथि के रूप में रामबदन सिंह ने कहा कि देश के शहीद की याद में क्रिकेट जैसे खेल का आयोजन अपने आप में बहुत बड़ी बात है वो भी निरन्तर गत 23 वर्षों से, ऐसे खेल आयोजन को शासन स्तर पर भी मान्यता दिलाने का प्रयास व सहयोग करायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व ज़िलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर एनपी सिंह ने इस प्रतियोगिता से सदैव जुड़े रहकर अपना पूरा सहयोग देने की बात कही व प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी। पुलिस उपायुक्त रामबदन सिंह ने ज़िलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को बॉल फैंकी जिसे ज़िलाधिकारी ने शानदार ड्राइव खेलकर आज के मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच ग्रास रूट क्रिकेट अकादमी व स्टार क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर ग्रास रूट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में 9 विकेट के नुक्शान पर 125 रन बनाए जिसमें राज ने 29 बॉल पर 25 रन एवं रितिक अरोड़ा ने 3 चौके के साथ 21 बॉल में 23 रन बनाये। स्टार क्रिकेट अकादमी की ओर से शानू ने 3 व रितिक ने दो विकेट झटके। जवाब में खेलने उतरी स्टार क्रिकेट टीम ने पूरे बीस ओवर खेलकर 125 रन बनाए जिससे आज का मैच टाई हो गया। स्टार के बल्लेबाज शानू सैनी ने 48 बॉल में 67 रन व सुमित अग्रवाल ने 29 बॉल खेलकर 25 रन का योगदान दिया। ग्रास रूट की ओर से सुमित बैनीवाल ने सर्वाधिक 4 विकेट प्राप्त किये। मैच की समाप्ति पर शानू सैनी को यूके भारद्वाज एवं सुभाष शर्मा द्वारा मेन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। अम्पायरिंग में डीडीसीए के अंपायर सतेंद्र व रविंदर तथा स्कोरर अतुल रहे। कार्यक्रम के दौरान शहीद कैप्टेन शशिकांत को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कैप्टेन शशिकांत के पिता फ़्ला० लेफ़्टी० जेपी शर्मा व माता सुदेश शर्मा, भाई डॉक्टर नरेश शर्मा, ड़ा० नरेश की पत्नी ड़ा० संगीता शर्मा के अतिरिक्त वरिष्ठ अधिवक्ता अमित खेमका, सुरेश शर्मा, महेंद्र अवाना, आर के शर्मा, सुधीश चौधरी, अधिवक्ता कमल निझावन, एम एल शर्मा, राकेश शर्मा, आजाद सिंह, मनीष शर्मा, अतुल गौड़, भूपेन्द्र शर्मा, शुभम भारद्वाज, राजेंद्र सिंह, शिवा भारद्वाज, सुरेखा गौड़, संसृति भारद्वाज, अमन भारद्वाज सहित नगर के अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

# स्वच्छता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत आदर्श वैदिक कन्या इंटर कॉलिज में किया गया स्वच्छता जागरुकता शिविर का आयोजन।



माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में दिनांक 02-10-2023 से दिनांक 08-10-2023 तक गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किये जाने निर्देशित किया गया। इसी श्रृंखला में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 04.10.2023 को माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्वनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्वनगर की अध्यक्षता में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन भारतीय आदर्श वैदिक कन्या इंटर कॉलिज में किया गया। शिविर में बताया कि जिस प्रकार से हम अपने घर पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते है, इसी प्रकार अपने कार्यालय स्थल व अन्य स्थानो पर पाये जाने वाली गंदगी को देखने पर तुरंत उसकी साफ-सफाई करें व कराये और अपने आस पास के क्षेत्रों में पायी जाने वाली गंदगी को भी साफ-सफाई कराया जाये, जिससे इस स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने में हम सब की भागीदारी रहे। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी श्री बालचन्द नागर व अन्य उपस्थित रहे।

# यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे दो लाख से अधिक किसान

## दिसंबर में लखनऊ में संभावित है कृषि कुंभ 2.0, आयोजन को ग्लोबल बनाने में जुटी योगी सरकार

लखनऊ, 5 अक्टूबरः देश-दुनिया के लगभग दो लाख से अधिक किसान यूपी की कृषि संस्कृति से अवगत होंगे। इसके लिए योगी सरकार दिसंबर में संभावित कृषि कुंभ 2.0को अभूतपूर्व बनाने की तैयारियों में जुट गई है। नवीन तकनीक व नवाचार से भी यूपी के किसान अवगत होकर तकनीकी रूप से और संपन्न होंगे। इसका आयोजन लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में कराया जाएगा। 2017 में योगी सरकार के गठन के पश्चात 2018 में कृषि कुंभ 1.0 आयोजित किया गया था, जो काफी सफल रहा।

### कृषि कुंभ का दूसरा एडिशन कारगर बनाने पर जोर

विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक ली थी। इसमें कृषि कुंभ के दूसरे संस्करण में 02 लाख से अधिक किसानों की प्रतिभागिता पर उनका जोर रहा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की कृषि एवं संवर्गी सेक्टर की ख्यातिलब्ध कंपनियों/संस्थाओं, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्रों, प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया था। इसमें जापान, इजरायल, जर्मनी, यूएसए समेत कई देशों में खेती-किसानों के नए कार्यों को जानने के लिए इनके सहभागिता पर भी बल दिया।

### कृषि से जुड़े कई विषयों पर होगी चर्चा

कृषि कुंभ के दौरान गौ-आधारित प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने की तैयारियों, श्री अन्न के प्रोत्साहन, एफपीओ आधारित व्यवसाय, खेती की लागत को कम करने, पराली प्रबन्धन के साथ-साथ $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाले राज्य में कृषि सेक्टर के योगदान को बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा भी पर सीएम का जोर रहा। इसमें कृषि के विभिन्न आयामों से जुड़े विषयों पर चर्चा-विमर्श, व्याख्यान, कृषि ड्रोन का प्रदर्शन, कृषि प्रदर्शनी आदि भी लगेगी।

### उपलब्धियों से भरा था कृषि कुंभ 1.0

2017 में योगी सरकार बनने के बाद 2018 में पहला कृषि कुंभ लगा था। इसकी सराहना पूरे देश में की गई थी। कृषि व अन्य विभागों की तरफ से एक लाख से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया था। 14 सत्रों में कई विषयों पर चर्चा भी हुई। इसमें 300 से अधिक कंपनियों व संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। इसमें दो करोड़ की राजस्व प्राप्ति भी हुई थी। पराली प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला भी हुई थी। कृषि कुंभ 1.0 काफी उपलब्धियों भरा रहा।

# राशन कार्ड धारक/लाभार्थी का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरंत राशन न देने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई।

## खाद्यान्न न मिलने या कम मिलने पर संबंधित अधिकारी, क्रियाशील कॉल सेंटर या टोल फ्री नंबर 18001800150 पर कर सकते हैं शिकायत।

उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संज्ञान में आ रहा है कि जनपद में कतिपय विक्रेताओं द्वारा खाद्यान्न वितरण अवधि में ई-पॉस मशीन से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण करते हुए तत्समय लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जोकि नियमानुसार उचित नहीं है। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने समस्त क्षेत्रीय कार्यालय खाद्य तथा रसद विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्ड धारक/लाभार्थी का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरंत खाद्यान्न का वितरण कराना सुनिश्चित किया जाए और यदि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरंत खाद्यान्न वितरित नहीं किया जाता है, तो ऐसे उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने राशन कार्ड धारकों का आह्वान करते हुए कहा कि यदि उचित दर विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाने के तुरंत बाद खाद्यान्न नहीं दिया जाता या कम खाद्यान्न दिया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संबंधित तत्काल अपनी शिकायत संबंधित तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक के साथ-साथ जिला पूर्ति अधिकारी या क्रियाशील कॉल सेंटर एवं टोल फ्री नंबर 18001800150 पर भी दर्ज कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# जनपद के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आगामी 06 अक्टूबर को हाईरैंक विजिनेस स्कूल नोएडा में वृहद रोजगार मेले का किया जाएगा आयोजन

आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा लिया जाएगा साक्षात्कार उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 06 अक्टूबर को जिला सेवायोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर द्वारा प्रातः 10:00 बजे से हाईरैंक विजिनेस स्कूल प्लॉट नंबर ए 42 सुशील मार्ग, इंस्टीट्यूशनल एरिया सेक्टर 62 नोएडा में बृहद हद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा उपस्थित होकर रोजगार के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता बी.बी.ए, बी.सी.ए, एम.बी.ए, स्नातक, परास्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अतः उक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां आगामी 06 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपने सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम

# ग्रुप हाउसिंग सोसायटी तथा बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाए जाने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न।



भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज एवं बहुमंजिली इमारतों में मतदेय स्थल बनाए जाने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। आयोजित बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप बहुमंजिली इमारतों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदेय स्थलों के प्रस्ताव का आलेख्य प्रकाशन बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। जिला मजिस्ट्रेट ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र 61 नोएडा में 9 मतदान केंद्र बदलने एवं 27 अतिरिक्त मतदेय स्थल बनाए जाने तथा विधानसभा क्षेत्र 62 दादरी में 25 मतदान केंद्र बदलने व 18 अतिरिक्त मतदेय स्थलों के प्रस्तावों का आलेख्य प्रकाशन किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 63 जेवर से कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। बैठक में राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों ने जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि प्रस्ताव की संख्या कम है, मतदेय स्थलों को और बढ़ाया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप जो भी मतदेय स्थल संबंधित प्रस्ताव राजनीतिक दलों के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे उन पर विचार किया जाएगा तथा भारत निर्वाचन आयोग की मानकों के अनुरूप पाए जाने पर मतदेय स्थलों को बढ़ाया, घटाया या बदला जा सकता है। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिला अधिकारी सदर अंकित कुमार उप जिलाधिकारी दादरी आलोक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव तथा सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष तथा सांसद व विधायक गणों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# बनतारा मध्य विद्यालय में विश्व शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**
औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के बनतारा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. खालिद इमाम खान की अध्यक्षता व शिक्षक अमजद अली खान के संचालन में विश्व शिक्षक दिवस सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बनतारा मुखिया मृत्युंजय कुमार, देवकुंड थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार, खुदवां थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार के साथ शिक्षक अनंत कुमार, प्रभारी शिक्षक पन्नालाल सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व फूल माला भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



वक्ता शिक्षक मुकेश झा ने कहा कि गुरु का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। वहीं विद्यालय परिवार द्वारा युवा क्लब के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें दसवीं कक्षा से तनवीर हैदर, सीमा खातून, नुसरत खातून, मुदस्सिर खान व नौवीं कक्षा के माहिरा रफीक, साहिब खातून, गुलाब शाह व बेबी रिजवाना सहित अन्य छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक आबिद हुसैन, सनोज कुमार, मोहनजय कुमार, आसिफ इकबाल, शहला खातून, मेहंदी हसन सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# औरंगाबाद के अनुग्रह नारायण नगर भवन में सीआरपीएफ 47 वी बटालियन के तत्वाधान में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का किया गया आयोजन- सत्येंद्र नारायण सिंह

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद के जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह नारायण नगर भवन में सीआरपीएफ 47 वी बटालियन के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका विधिवत उद्घाटन सीआरपीएफ 47वीं बटालियन के कमांडेंट व राणा मुंद्रि-का प्रसाद सिंह रियासत घटराइन बिहार के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी के परिवार जनों में राणा मुंद्रिका प्रसाद सिंह के उत्तराधिकारी उनके नाती वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह ,औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ,जिला प्रशासन , सहित अन्य स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित औरंगाबाद के स्थानीय स-ांसद सुशील कुमार सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को अंग वस्त्र देकर व पुष्प का माला पहनाकर सम्मानित किया . उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दिन हम सभी के लिए गौरवान्वित के दिन है. स्वतंत्रता सेनानियों ने देश को अंग्रेजों के जंजीरों से आजाद कराने के लिए अपनी कुबार्नी दिया है. जिसको बुलाया नहीं जा सकता. उन्होंने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के प्रति सजग दिखाते हुए राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है ,जिससे भारत का नाम और रौशन हुआ है. उन्होंने आगे कहा कि जात-पात ,भाई भतीजा वाद से ऊपर उठकर एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करने की जरूरत है. तभी भारत विकास की अग्रणी भूमिका में आगे होगा. वही वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सीआरपीएफ मुख्यालय के दिशा- निर्देश के आलोक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है . कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन से



लेकर जनप्रतिनिधियों ,पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों का काफी सहयोग रहा. वही ग्रामीण, स्कूली बच्चे, जन प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं मीडिया कर्मियों ने भी बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया. और कार्यक्रम को सफल बनाया. उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड के 19 पंचायतो से मिट्टी को एकत्रित कर एक क्लस में रखा गया है. राणा मुंद्रिका प्रसाद सिंह रियासत घटराइन बिहार के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों में एक थे. जिनके घर से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजन में कलश में मिट्टी भरकर लाया गया. जो देखने में आकर्षित लग रहा था. उपस्थित लोगों ने उनके परिवारजनों एवं वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह को अंग वस्त्र पुष्प का माला पहनाकर एवं भेट में गमला के साथ पौधा देकर स्वागत किया. ज्ञातव्य हो कि देश की राजधानी दिल्ली में सरकार के द्वारा एक अमृत वाटिका का निर्माण कार्य प्रस्तावित है ,जिसमे देश के समस्त परिवार के घर से मिट्टी और चावल का योगदान वांछनीय है.समस्त एक-त्रित मिट्टी एवं चावल को जिला मुख्यालय के माध्यम से देश की राजधानी तक पहुंचाना है. इसी उद्देश्य को लेकर सीआरपीएफ 47 वी बटालियन ने कार्यक्रम कर लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटा है. वरीय अधिवक्ता सत्येंद्र नारायण सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि अमर शहीदों की याद में देशभर में ह्यअमृत कलश यात्राह्ल निकाली जा रही है, तथा ह्यदेश के कोने-कोने से कलशों में मिट्टी लेकर यह ह्यअमृत कलश यात्राह्ल देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी . कलशों में आने वाली मिट्टी को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास ह्यअमृत वाटिकाह्ल बनाया जाएगा. यह ह्यअमृत वा-टिकाह्ल ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल का भव्य प्रतीक भी बनेगी. जो देश का गौरव बढ़ाएगी. उन्होंने आगे कहा कि उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया .कार्यक्रम की समाप्ति भारत माता की जय .वंदे मातरम. जय हिंद कहकर किया गया. इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका ने दिया धरना।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 5 अक्तूबर 2023:-**
औरंगाबाद जिले के देव प्रखंडके आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका ने प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका अपनी मांगों को लेकर विभिन्न नारा लगाकर आवाज बुलंद किया। इस अवसर पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंजू कुमारी, सचिव सुनीता कुमारी, कोषाध्यक्ष पुष्पा देवी, सरोज देवी, सविता कुमारी, उर्मिला देवी, किरण कुमारी, राजमणि देवी,सीता देवी, उर्वशी कुँवर के अलावा अन्य लोगों ने बताया कि पांच सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी से-विका-सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। से-विका-सहायिका से अत्यधिक काम लेने के बाद भी कम मानदेय मिलने से दयनीय हालत से जीवन व्यतीत हो रहा है। सेविका सहायिका को कम मानदेय मिलने से परिवार की भरण पोषण में दिक्कत होती है। कहा कि उनलोगों से काम तो लिया जाता है। लेकिन जब उनलोगों के हक की बात आती है तो सरकार मुकर जाती है। आंगनबाड़ी संचालन के साथ - साथ सरकार के अन्य विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में भी वे लोग अपनी भूमिका



निभा रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों को नजरअंदाज कर दिया जा रहा है।हम सरकार से भीख नहीं अपना हक मांग रहें हैं। सरकार किए गए कार्य का मेहनताना भी सही तरीके से नहीं दे रही है।
प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता है तब तक सेविका को 26 हजार एवं सहायिका को अठारह हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय राशि दिया जाए। योग्य सहायिका से सेविका में बहाली हेतू अतिरिक्त दस बोनस अंक देने के प्रावधान को लागू किया जाए। 16 मई 2017 एवं 20 जुलाई 2022 के समझौते के आलोक में लंबित मांगों को लागू किया जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका मौजूद थी।

# शक्ति मिश्रा फाउंडेशन ने जनहित में कई निर्णय लिए है।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 5 अक्तूबर 2023**
औरंगाबाद जिले में समाजसेवी संस्थानों में अग्रणी कुरका गांव के न्वयुक शक्ति मिश्रा फाउंडेशन ने जनहित में कई निर्णय लिए है ।जिस-।की जानकारी देते हुए शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के चेयरमैन युवा समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने कहा कि योजनाएं बाद में बनती है कार्य पहले शुरू हो जाता है कि तर्ज पर देव प्र-खंड के सभी ग्रामों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नही होने से जन जीवन प्रभावित होता है । ऐसे में युवाओं को पढ़ने से लेकर गांव में रात्रि में घूमने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के कार्यकताओं और जनहित में जिम्मेवारी के स्वरूप सभी ग्रामों में स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ।
समाजसेवी शक्ति मिश्रा ने बताया कि फाउंडेशन के सभी सदस्यों की राय से देव प्रखंड के बहुआरा ग्राम में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस लाइब्रेरी का निर्माण भी किया गया है ।लाइब्रेरी का कार्य लगभग संपन्न होने के कगार पर है जिसका जल्द ही विधिवत उद्घाटन होगा ।इस लाइब्रेरी के माध्यम से आसपास के



लगभग 20 गांव के युवाओं और युवतियों को लाभ मिलेगा ।यह लाइब्रेरी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे नौजवानों के लिए क्रांति होगा ।शक्ति मिश्रा फाउंडेशन ने शिक्षा के महत्व पर सदैव जोर दिया है ।प्रखंड मुख्यालय से दूर गांवों में रहने वाले युवा छात्र छात्राएं महंगी फीस की वजह से शहरो में पढ़ाई के लिए नही जा पाते है क्योंकि गांव की आर्थिक स्थिति उनकी महंगी पढ़ाई को प्रभावित करती है ऐसे में शक्ति मिश्रा फाउंडेशन की यह लाइब्रेरी उन छात्र छात्राओं के लिए क्रांतिकारी कदम साबित होगा जो अपनी प्रतिभा को मारकर गांव में रह जाते है । बहुआरा गांव का यह लाइब्रेरी आम जनता को समर्पित है । शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के चेयरमैन शक्ति मिश्रा ने बात करते हुए जानकारी दी कि फाउंडेशन ने सामाजिक दायित्व के तहत देव प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण इलाको में अवस्थित सटवट गांव में पंकज कुमार ठाकुर का घर ज्यादा बारिश के कारण गिर गया ।शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के सदस्यो ने जानकारी प्राप्त होते ही दौरान तत्काल मदद पहुंचाया । शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के मूल मंत्र मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा के तर्ज पर आधारित है जिसके माध्यम से सहयोग पहुंचाया गया ।शक्ति मिश्रा ने कहा की प्रत्येक दिन मानव सेवा के साथ सामाजिक दायित्व का निर्वहन फाउंडेशन की ओर से निरंतर जारी है , बस जरूरत है आम जनता के आशीर्वाद की जो शक्ति मिश्रा फाउंडेशन को लगातार मिल रही है ।

# चार दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष- उपेंद्र कुशवाहा

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**
औरंगाबाद (बिहार)गोह विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद को लेकर पहुंचे केंद्र सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सह राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने गुरुवार को हसपुरा क्षेत्र के धमनी, सिहाड़ी , हैबसपुर , कोईलवां , मुंजहड़ , जैतपुर तथा गोह प्रखंड के देवहरा , लोहड़ी, बर्मा खूर्द , जमुआईन ,फाग गांव का दौरा कर पंचायत के सभी ग्रामीण जनताओं की समस्या को सुना और जनसंवाद कार्यक्रम को सफल बनाया ।
इस कार्यक्रम में शामिल सभी गणमान्य लोगों को प्रखंड अध्यक्ष वशिष्ठ शर्मा के नेतृत्व में पुष्प माला के साथ स्वागत किया गया। इस जनसंवाद कार्यक्रम का संचालन गुड्डू कुशवाहा ने किया। मुख्य अतिथि रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने फाग के ग्रामीणों की समस्यायों को सुनने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि को कैंथी मोड़ से फाग गांव तक आने वाली मुख्य सड़क की हालत जर्जर होने के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया। तो वहीं फाग से गोविंदपुर पाली गांव तक पक्की सड़क का निर्माण कराने पर विचार दिया। इस पथ को निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को शिक्षा , स्वास्थ्य एवं सिंचाई से संबंधित कार्यों में काफी सफलता प्राप्त होगी। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हम आप लोगों से मिलकर आपकी जनसंवाद के माध्यम से समस्या को सुनने का मौका मिला । उन्होंने यह भी कहा कि बिहार का जितना विकास होना चाहिए था उतना नहीं हो सका। यहां की सरकार जाती पाती कि राजनीति करने में लगा हुआ है। इन्हें शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। ग्रामीण



क्षेत्रों में बच्चों को पढ़ने के समय ही बिजली गुल हो जाती है। और लोगों को 24 घंटे बिजली देने की बात करते रहते हैं। इनके शासन काल में भ्रष्टाचार और अफसर शाही चरम सीमा पर पहुंचा हुआ है। सरकारी योजनाओं में बिचौलिए पुरी तरह से हावी है। जिससे गरीबों को लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं गोह प्रखंड के पूर्व विधायक सह नक्सलियों को चुनौती पूर्ण जबाब देने वाले रालोजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. रणविजय कुमार ने लोगों की समस्यायों को सुना और उन्होंने कहा कि यहां के निकम्मी सरकार पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में लिप्त है। इन्हें जनता से कोई लेना-देना नहीं है। केवल इनको कुर्सी चाहिए। इसलिए आप लोगों को समझाने की जरूरत नहीं है। आप लोग खुद समझदार हैं , इस बार समझ बुझकर कार्य करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महासचिव राम कुमार वर्मा , हिमांशु पटेल , सुभाष चन्द्रबंशी , अशोक राम, अंगद कुशवाहा , जिला अध्यक्ष अशोक मेहता , अजय कुशवाहा , युवा जिला अध्यक्ष निर्भय पासवान , निरंजन कुमार , विनोद कुमार सिन्हा , राकेश कुमार , नंदकिशोर कुशवाहा , चितरंजन वर्मा, श्रीकांत प्रसाद , विकास कुमार , जलेंदर वर्मा , कृष्णा मेहता सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी सेविका,सहायिकाओ ने अपनी मांगों को लेकर नबीनगर के प्रखंड कार्यालय मुख्यालय पर सातवें दिन भी जारी रखा धरना प्रदर्शन - शांति देवी.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**
औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड मुख्यालय पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर सातवें दिन भी अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा. बताते चलें कि विगत कई दिनों से धरना प्रदर्शन पर बैठीआंगनबाड़ी से-विका सहायिकाओं ने कहा कि जब तक मेरी मांगों एवं शर्तों को सरकार नहीं मान लेती है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. धरना का नेतृत्व कर रही शांति देवी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बिहार सरकार हर परिस्थितियों में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं से सरकारी कर्मचारियों के तर्ज पर कार्य ले रही है . लेकिन सरकारी तर्ज पर



आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का सरकार व्यवस्था सुनिश्चित नहीं किया है. जिसके लेकर आंगनबाड़ी से-विका सहायिकाओं ने कई दिनों से नवीननगर प्रखंड मुख्यालय पर धरना पर बैठी है. उन्होंने आगे कहा कि उक्त मांगों को लेकर बिहार सरकार एवं जिला पदाधिकारी के समक्ष कई बार ज्ञापन भी सौपा गया. कई बार प्रदेश से लेकर जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय तक धरना प्रदर्शन की गई. लेकिन सरकार के कानों तक जू नहीं रेगा. विवश होकर आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठी है. उन्होंने आगे कहा कि सरकार जब तक मेरी मांगों को नहीं मानती तब तक मेरा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा.

# नबीनगर से एक शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर ( बिहार) 5 अक्टूबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर मोहल्ला से एक शराबी को पुलिस गश्ती के दौरान गिरफ्तार किया गया है ।पि एस आई राजीव कुमार एवम टीम ने गश्ती के दौरान अंबेडकर नगर निवासी अमन कुमार पिता लखन राम को शराब पीकर हंगामा करते हुए अंबेडकर नगर से गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि रेफरल अस्पताल नबीनगर मे शराब पीने की पुष्टि के बाद उक्त




शराबी पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है

# देव में डीएम ने स्वच्छता, राजस्व, आवास, ऑडिट सहित अन्य पंजियों का लिया जायजा।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 5 अक्तूबर2023:-**
औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड में गुरुवार को जिलाधिका-री श्रीकांत शास्त्री प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। डीएम के अचानक आगमन पर प्रखंड कार्यालयों के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। भागे भागे प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मी कार्यालय पहुंचे। वहीं डीएम श्रीकांत शास्त्री ने प्रखंड कार्यालय कक्ष में बीडीओ कुंदन कुमार एवं सीओ आशुतोष कुमार के साथ बैठक कर तमाम संचिकाओं का अवलोकन किया।प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बीपीआरओ कक्ष, बीडीओ कक्ष,प्रखंड स्थापना कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय समेत अन्य कार्यालय का निरीक्षण किया।
इस दौरान स्वच्छता, राजस्व, आवास, ऑडिट सहित अन्य संचिकाओं के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में बायोमेट्रिक में हाजिरी लगाकर अनुपस्थित एवं लेट लतीफ आने वाले कर्मचारियों को फटकार लगाई गई। वही देव में आगामी छठ पूजा को देखते हुए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा देव सूर्य मंदिर ,सूर्यकुण्ड सिंचाई कॉलोनी एवं मार्ग का निरीक्षण किया. वहीं सिंचाई कॉलोनी के मैदान मे फेवर ब्लॉक लगाने का निर्देश दिया।
निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड और अंचलकर्मी अपने अपने कार्यों में लापरवाही नहीं बरते। लापरवाही पाए



जाने पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों का कार्य समय पर हो। जिसके लिए निर्देश दिया गया है। अगर किसी पदाधिकारी और कर्मी की शिकायत साक्ष्य के साथ मिलेगा तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं छठ पुजा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार के असुविधा न हो इसको लेकर निर्देश दिया गया। इस दौरान डीसी अभयानंद मोहन सिंह, एस-।डीएम विजयंत बीडीओ कुंदन कुमार, सीओ आशुतोष कुमार के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जितिया पर्व नहाए खाए से हुआ शुरुआत।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 5 अक्तूबर 2023:-
औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के देव में जितिया को लेकर बाजारों में सोना चांदी के दुकानों पर महिलाएं का भीड़ देखने को मिल रहा है इस बार जितिया व्रत 6 अक्टूबर को मनाया जा रहा है यह व्रत आसिन माह के कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को मनाया जाएगा इस बार अष्टमी तिथि 6 अक्टूबर को सुबह 6 बचकर 34 मिनट से शुरू होकर अगले दिन यानी 7 अक्तूबर को सुबह 8 बजकर 8 मिनट पर समाप्त हो जाएगा सनातन धर्म में उदय तिथि मान है इसलिए 6



अक्टूबर को जितिया मनाया जा रहा है। जितिया व्रत बिलकुल छठ पूजा की तरह है इस व्रत में भी नहाए खाए से शुरूआत होता है इस दिन महिलाएं सुबह सुबह, उठकर तालाब,नदी, या,नाला मे स्नान करते हैं और पूजा करते हैं नहाए खाए के दिन सिर्फ एक बार ही भोजन करना पड़ता हैं जितिया व्रत के पहले दिन ही महिलाएं सूर्य उदय से पहले जाग कर स्नान करके पूजा करती है और फिर एक बार भोजन ग्रहण करती हैं उसके बाद पूरा दिन निर्जला व्रत रखती हैं इसके बाद दूसरे दिन सुबह सवेरे स्नान के बाद महिलाएं पूजा पाठ करते हैं और फिर पूरा दिन निर्जला व्रत रखते हैं व्रत के तीसरे दिन महिलाएं पारण करते हैं।

# कुटुंबा अंचल के तालाबों का होगा अल्पकालीन बंदोबस्ती

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**
औरंगाबाद (बिहार) 5 अक्टूबर 2023 :- जिला मत्स्य विभाग के द्वारा कुटुंबा अंचल के अबंदोबस्त जलकरों के अल्पकालीन बंदोबस्ती की जाएगी। इस मामले में जानकारी देते हुए प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अवस्थित मत्स्य जलकरों की बंदोबस्ती सीमित/खुली डाक से जिला मत्स्य पदाधिकारी औरंगाबाद की उपस्थिति में समय ग्यारह बजे पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक जिला मत्स्य पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। सीमित डाक के लिए 10 अक्टूबर 2023 तथा खुली डाक के लिए 12, 13, 19, 20, 27 एवं 28 अक्टूबर 2023 की तिथि निर्धारित की गई है। जलकरों की बंदोबस्ती के पूर्व डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक डाक वक्ता को प्रतिभूति राशि के रूप में सुरक्षित जमा की पूरी राशि जमा करनी होगी। जो डाक समाप्ति के पश्चात उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि डाक की राशि में समायोजित कर ली जाएगी एवं अन्य असफल डाक वक्ताओं की प्रतिभूति राशि लौटा दी जाएगी। निवास के संबंध में किसी प्रकार की गलत सूचना दिए जाने पर बिना किसी कारण पृच्छा बंदोबस्ती रद्द किए जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

# शराब के नशे में युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**
औरंगाबाद (बिहार) 5 अक्टूबर 2023 :- अंबा थाना कि पुलिस ने गुरुवार के शाम सात बजे अंबा चौक से शराब के नशे में धुत एक शराबी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के प्रेम बिगहा गांव निवासी महेंद्र राजवंशी के रूप में हुई है। यह कार्यवाही पीएसआई सुमित सुमन ने की। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# हथियारों से लैस नकाब पॉश अपराधियों ने 3 लाख 17 हजार 765 रुपए उड़ा ले गए।

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार प्रखंड संवाददाता हसपुरा**
औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरूखिया - देवहरा एन एच 120 पथ में गोड़ारी के समीप पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक विनय कुमार से अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर 3 लाख 17 हजार 765 रूपया छिन लेने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे का बताया जा रहा है। इसकी लिखित जानकारी संचालक विनय कुमार ने हसपुरा थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार को दी है। संचालक ने बताया कि देवहरा बाजार में पीएनबी का ग्राहक सेवा केंद्र चलाता हुं। पचरूखिया बाजार स्थित पीएनबी बैंक से 3 लाख 17 हजार 765 रुपए निकाल कर स्कूटी से देवहरा केंद्र पर जा रहा था।जैसे ही मुख्य पथ में गोड़ारी के समीप पहुंचा की ओवर टेक कर बाईक पर सवार नकाबपोश अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर बाईक रूकवा दिया और जबरन रूपया भरा बैग छिनतई कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। अपराधियों ने जाते जाते स्कूटी की चाभी,मोबाइल भी छीन लिया। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

# एटीएम के समीप से पैसा छिनतनई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**
औरंगाबाद (बिहार)देवकुंड थाना कांड संख्या 34/22 के प्राथमिक अभियुक्त राहुल कुमार को गया जिले के खिजरसराय थाना के मकसूदपुर गांव से बुधवार की देर शाम गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पीछले वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ देवकुंड पेट्रोल पंप स्थित पीएनबी एटीएम के पास से एक व्यक्ति से पैसे छिनकर फरार हो गया था जहां चोर-चोर की हल्ला होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने इसके साथी को पकड़ कर देवकुंड थाना को सुपूर्द किया था जबकि यह भागने में सफल रहा था।

# टिकारी नगर में भाजपा कार्यकताओं की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**
गया (बिहार)- गया जिला के टिकारी अनुमंडल स्थित टिकारी नगर के जैन मैरेज हांल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की बैठक आयोजित



किया गया.बैठक में औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने कार्यकताओं के द्वारा उठाए गए स्थानीय मुद्दों से अवगत होते हुए सभी समस्याएं की समाधान का आश्वासन दिया .उन्होंने केन्द्र सरकार की उपलब्धि पर चर्चा करते हुए कार्यकताओं से केन्द्र में फिर से सरकार बनाने के लिए लग जाने का आग्रह किया .लधु उधोग प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी ई. शम्भु नाथ केशरी ने केन्द्र सरकार के द्वारा धारा ३७० की समाप्ति, नागरिक संशोधन बिल, राम मंदिर निर्माण, गरीबों का मुक्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं की चर्चा करते हुए लाभान्वित लोगों से सम्पर्क करने का आग्रह किया! बैठक की अध्यक्षता पुष्पा चौरसिया ने किया .वहीं संचालन संचालन पूर्व अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने किया . बैठक के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर प्रसाद जैन, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,विधानसभा प्रभारी रमेश कुमार, जिला मंत्री भुवन मोहनी, माया सिंह, सिन्धु जैन,उतरी अध्यक्ष कुंदन शर्मा, दक्षिणी अध्यक्ष अनिल पासवान, नगर महामंत्री सुधीर टूट,प्रभाष आनंद, संजय गुप्ता,शशी प्रियदर्शी, प्रभात गुप्ता,रंजीत चंद्रवंशी, अनिरुद्ध विश्वकर्मा,राजू ठाकुर, पंकज कुमार,सिदनाथ कसेरा आदि सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

# भाजपा के वरिष्ठ नेता दिवंगत कैलाशपति मिश्र के100वी जयंती शताब्दी समारोह में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का भाजपा कार्यकताओं ने भव्य तरीके से किया स्वागत.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया (बिहार )भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के तत्वाधान में दिवंगत कैलाशपति मिश्र के 100वी जयंती शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को पटना के बापू सभागार में उपस्थित होने पर व पटना के एयरपोर्ट से बापू सभागार पहुंचने के क्रम में प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के



द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक लखेंद्र पासवान के नेतृत्व में सचिवालय पुनाईचक के पास फूलो का पंखुड़ी उड़ाकर स्वागत किया गया .इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, महामंत्री संजय राम,प्रदेश प्रभारी प्रवीण तांती, निवर्तमान मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,भोला भास्कर,नरेश तुरी,भारती सुमन पासवान,हीरामन पासवान,मिलन रजक,सुनील दास, आनन्द राम ,राहुल कुमार,प्रेमशंकर पासवान,राणा राजेंद्र प्रसाद,,अरुण नटराजन, संजय पासी,सुनीता पासवान, गजेंद्र पासवान,आनंद राणा,राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, युगेश कुमार,संतोष ठाकुर,दीपक पाण्डेय,रामप्रवेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित होकर स्वागत किया.

# विश्व शिक्षक दिवस पर स्कूली बच्चों ने किया शिक्षकों का सम्मान।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**
स्कूली बच्चों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शुक्रिया अदा किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा में विश्व शिक्षक दिवस के मौके पर बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नृत्य व गायन के माध्यम से शिक्षकों को उनके दायित्व निर्वहन के प्रति धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए शिक्षक चन्द्र शेखर ने बताया कि यूनेस्को ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संघठन के सिफारिश पर 05 अक्टूबर 1994 से प्रत्येक वर्ष शिक्षकों के अधिकारों व दायित्वों के परिप्रेक्ष्य में विश्व शिक्षक दिवस मनाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यूनेस्को ने वर्ष 2023 के विश्व शिक्षक दिवस को लेकर जारी बयान में कहा है कि इसका उद्देश्य शिक्षकों की संख्या में कमी को कम करना और वैश्विक स्तर पर उनकी ताकत बढ़ाना है। यह इस बात की भी जांच करेगा कि शिक्षा प्रणाली, समाज, समुदाय और परिवार शिक्षकों को कैसे पहचानते हैं और उनका कैसे समर्थन करते हैं।
शिक्षक तपेश वर्मा ने बच्चों को बताया कि यूँ तो भारत में हमसभी 05 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाते हैं। किंतु ठीक इसके एक माह बाद 05 अक्टूबर को समस्त विश्व में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने




कहा कि हमसभी शिक्षक आपसभी बच्चों से इस कदर सम्मानित होकर भाव भिवोर हैं। हमसभी शिक्षक-शिक्षिकायें आपसभी के बेहतर शिक्षा हेतु सभी आवश्यक उपाय करेंगे। किन्तु आपसभी की जिम्मेदारी होगी कि सभी नामांकित बच्चे रोजाना ससमय स्कूल पहुंचे।हमारे साथी चन्द्रशेखर सर आपसभी के लिए आवश्यक बेंच-डेस्क का इंतजाम करवाने हेतु पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।
इस मौके पर उपस्थित शिक्षक कन्हैया लाल शर्मा, राजेश कुमार, रिजवी सजेदा बेगम, मोनिका राय ने बारी-बारी से बच्चों को इस कार्यक्रम का आयोजन करने व उनसभी के सम्मान में मनमोहक तरीके से उनसभी शुक्रिया अदा करने के लिए धन्यवाद देने के साथ-साथ सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनसभी शिक्षकों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और अच्छी तालीम हासिल कर विभिन्न संवैधानिक पदों को सुशोभित करने हेतु प्रेरित किया।
बच्चों ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करने में शिक्षिका रिजवी सजेदा बेगम के सहयोग और निर्देशन हेतु उन्हें धन्यवाद दिया।

# महज 24 घंटे के अन्दर हत्या में शामिल सभी चार अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
बहादुरगंज प्रखंड स्थित सुजित कुमार बसाक उम्र 25 वर्ष पिता-महावीर लाल बसाक, साकिन बसाक टोली वार्ड नं. 09, थाना-बहादुरगंज ने हाथ में दबिया(छुरा) लेकर खुन से लथपथ थाना पर आकर आत्मसर्मपण कर बताया कि मैं प्रिंस कुमार बसाक का हत्या कर दिया हूँ, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर घटना कारित करने में उपयोग किये गये हथियार को जप्त किया गया। तत्क्षण पुलिस बल द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल, किशनगंज भेजा गया। तत्पश्चात मृतक की मां बबीता देवी, पति-बंसत लाल बसाक साकिन बसाक टोली वार्ड नं.-09. थाना- बहादुरगंज के फर्दव्यान के आधार पर बहादुरगंज थाना कांड सं.-339/23 दर्ज किया गया।
तत्पश्चात किशनगंज पुलिस द्वारा घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की गयी तो प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त सुजित कुमार बसाक, महावीर लाल बसाक,राजो देवी, सीता देवी सभी



साकिन बसाक टोली वार्ड नं.-09 थाना- बहादुरगंज, जिला-किशनगंज को छापामारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। कांड में अग्रतर अनुसंधान जारी है। घटना का मूल कारण मृतक प्रिंस कुमार बसाक की शादी पाँच-छः वर्ष पूर्व महावीर लाल बसाक की बेटी पूजा कुमारी से हुई थी प्रिंस कुमार बसाक के गलत संगत में पड़ने के कारण चोरी-चकारी करने लगा जिस कारण कई बार जेल जा चुका था। जब वह जेल में था तो महावीर लाल बसाक ने अपनी बेटी की शादी दूसरी किसी अन्य व्यक्ति से कर दिया। जब प्रिंस कुमार बसाक जेल से बाहर आया तो उसे पता चला कि उसकी पत्नी की शादी किसी और से हो गयी है। जिसके कारण दोनों परिवारों के बीच विवाद बढ़ गया जिसके कारण यह घटना कारित हुई।

# चोरी का साईकिल एवं बैट्री के साथ 02 चोरों को 12 घंटे के अन्दर किया गया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान , समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
ठाकुरगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दोदीगच्छ वार्ड नं.-13 स्थित मस्जिद से बैट्री एवं मो. साबिर उम्र 40 वर्ष पिता मो. नुरद्दीन साकिन दोदीगच्छ वार्ड नं.-13, थाना-ठाकुरगंज के ट्रैक्टर का बैट्री एवं मुमताज पिता युनूस के घर से एक साईकिल चोरी कर लिया गया था। उक्त सूचना का सत्यापन एवं चोरी की सामानों की बरामदगी एवं घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान, सी.सी.टीवी फुटेज, आसूचना संकलन, विश्वस्त सूत्रों / ग्रामीणों के सहयोग से लगातार छापामारी किया गया। जिसके फलस्वरूप चोरी गये समानो यथा एक साईकिल एवं दो बैट्री की बरामदगी एवं घटना में संलिप्त अपराधकर्मियो लतीफुल पिता-बहरूल साकिन दोदीगच्छ वार्ड नं.-13, थाना-ठाकुरगंज एवं कदरूल पिता दाउद साकिन मुकरीबस्ती थाना कुलीकोट को गिरफ्तार कर लिया गया तथा इस संदर्भ में ठाकुरगंज थाना कांड सं.-217 / 23, दर्ज करते हुए बरामद सामानों को उसके वास्तविक मालिक को सौंपा दिया पकड़े गये दोनों अपराधकर्मी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# शराब तस्करों के विरुद्ध की गई प्राथमिकि दर्ज।

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**
बिहपुर - बिहपुर प्रखंड के हरियो में बुधवार को बिहपुर पुलिस ने कार से शराब बरामद किया था।हरियो पंचायत के पीछे से एक इंडिगो कार से 65.21 लीटर अंग्रेजी शराब की खेप को भी बरामद हुआ।यहां मौके पर से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।वहीं पुलिस ने मामले की अग्रेतर कार्रवाई व मामले की छानबीन किया।मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष राजेशरंजन कुमार ने इस मामले में दो तस्करों को नामजद करते हुए थाना में केस दर्ज कराया है।

# गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग- जिले में एक लाख मरीजों की हुई है स्क्रीनिंग

***- सदर अस्पताल सहित 05 सीएचसी में संचालित है एनसीडी क्लीनिक***

***-30 सितंबर तक 1,09,146 मरीजों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।***

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**
जिले में सदर अस्पताल सहित 05 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर गैर संचारी रोग के मरीजों के इलाज के लिए गैर संचारी क्लीनिक की स्थापना की गई है। इन एनसीडी क्लीनिके में जिले के गैर संचारी रोग मरीजों की निःशुल्क जांच, उपचार व दवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार की योजना है। विदित हो कि इसके लिए सरकार द्वारा सदर अस्पताल के लिए एक लाख तथा प्रति सीएससी 50 हजार रु.का बजट उपलब्ध कराया जातो है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,58,949 लोगों की स्क्रीनिंग की जानी है। जिसके विरुद्ध अप्रैल से लेकर 30 सितंबर तक 68.66 फीसदी अर्थात 1,09,146 मरीजों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

**अलग से डॉक्टर व स्टाफ की होगी तैनाती:**

सिविल सर्जन डॉ. कौशल किशोरे ने बताया एनसीडी क्लीनिक में हृदय रोग विशेषज्ञ कार्डियो व मेडिसिन विशेषज्ञ को पदस्थापित करने की योजना है। जहां विशेषज्ञ डॉक्टर पदस्थ नहीं हैं वहां के लिए अलग से अंकोलॉजिस्ट व कार्डियोलॉजिस्ट की भर्ती कर लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। नर्सिंग स्टाफ को भी अलग से ट्रेनिंग देकर पदस्थापित करने की योजना है। कैंसर रोगियों के लिए कीमोथेरेपी व सेकाई के लिए दवा और मशीन उपलब्ध कराकर जिलास्तर पर ही इलाज मुहैया करायो जा रहा है ।

**सप्ताह में तीन दिन होता है विशेष कैंप का आयोजन :**

जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया एनसीडी कार्यक्रम के तहत सभी पीएचसी, एपीएचसी, एचएससी के कार्य क्षेत्र में सप्ताह मे तीन दिने सोमवार, गुरुवार व शनिवार को कैंप का आयोजन होता है। कैंप के माध्यम से आशा कार्यकताओं द्वारा उपलब्ध कराये गये सी-बैक फार्म अंकित सूचनाओं का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत डाटा इंट्री ऑपरेटर व एएनएम के माध्यम से डिजिटाइजेशन किया जाता है। इसके उपरांत सभी संबंधित व्यक्तियों की संबंधित क्षेत्र के सीएचओ व एएनएम द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर सहित अन्य रोगों की स्क्रीनिंग की जाती है । कैंप से संबंधित तमाम गतिविधियों का पर्यवेक्षण व अनुश्रवण कर इससे संबंधित प्रतिवेदन प्रभारी चिकित्सा प्रभारी के माध्यम से जिला स्वास्थ्य समिति व गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यालय को उपलब्ध करायी जाती है।

**क्या है एनसीडी क्लीनिक -**

सिविल सर्जन डॉ. कौशल किशोरे ने बताया नॉन कम्युनिकेबल डिजीज अर्थात गैर संचारी रोग संक्रामक नहीं है। लेकिन इनके ग्रसित व्यक्तियों का यदि समय पर सही इलाज ना हो तो उसकी मौत भी हो सकती है। ऐसे मरीजों को निःशुल्क रूप से जांच, उपचार व दवा प्रदान करने के लिए एनसीडी क्लीनिके स्थापित की गयी है। यह क्लीनिके राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित होता है। गैर संचारी रोग के मरीजों के लिए केंद्र व राज्य सरकार की संयुक्त योजना है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार दोनों के द्वारा राशि मुहैया कराई जाती है।

**क्या कहते हैं आंकड़े--**
जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ उर्मिला कुमारी ने बताया एनसीडी कार्यक्रम के तहत पापुलेशन बेस्डे स्क्रीनिंग के आंकड़ों को देखा जाए तो अप्रैल 2023 से 30 सितंबर 2023 तक बहादुरगंजे में 26,213 मरीज, कोचाधामने में 18,652, पोठियो में 13,073, ठाकुरगंजे में 17.187, दिघल्बेंके में 11,792, तेधागाछे में 7.394, किशनगंज ग्रामीण में 14,835 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई है।

# महिला को डाईन बताकर हत्या करने के आरोप में दो अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
टेढ़ागाछ क्षेत्र स्थित पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम छतियन डाँगा (कुआँरी) में एक वृद्ध महिला की हत्या कर दी गयी है। इसी सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सशस्त्र बल के साथ पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुँची तो पाया कि मृतिका तारा देवी उम्र करीब 70 वर्ष पति स्व. सरीलाल मंडल साकिन छतियनडांगा (कुआँरी) वार्ड नं.-02, थाना टेढागाछ को उनकी बहु गौरी देवी उम्र करीब 32 वर्ष पति बिनोद मंडल साकिन छतियन डांगा (कुआँरी), वार्ड नं0-02, थाना टेढागाछ ने अपने पिता जितन लाल मंडल पिता स्व. मंगी लाल मंडल, साकिन देवरी दुगार्पुर, थाना-बहादुरगंज, जिला - किशनगंज के साथ मिलकर डायन होने के संदेह में मारपीट कर एवं गला दबाकर हत्या कर दीया था । मृतिका तारा देवी के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल किशनगंज भेजा गया। इस संबंध में टेढ़ागाछ थाना काण्ड



सं.-63/23 के अन्तर्गत दर्ज आरोपी गौरी देवी, पति बिनोद मंडल, साकिन छतियनडांगा (कुऑरी), थाना-टेढागाछः जिला - किशनगंज एवं जीतन लाल मंडल, पिता स्व. गनजी लाल मंडल, साकिन दियौरी दुगार्पुर, थाना- बहादुरगंज, जिला - किशनगंज के विरूद्ध दर्ज किया गया। तत्पश्चात दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कोलकाता के छात्रों ने स्वच्छता ही सेवा के तहत झाडग्राम के विभिन्न पर्यटन स्थलों में चलाया स्वच्छता अभियान

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**
पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीसरे चरण के विशेष अभियान के तहत इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कोलकाता के बीस विद्यार्थियों एवं दो प्राध्यापक सदस्यों ने झाडग्राम के राजबाड़ी, सावित्री मंदिर, खादी एक्सीलेंस सेंटर,जनजातीय व्याख्या केंद्र, केंदुआ, चिल्कीगढ़, कनक दुर्गा मंदिर, औषधीय उद्यान, क्रिस गार्डन आदि जगहों पर स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई अभियान चलाया गया।
क्षेत्रीय निदेशक पूर्व, पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार डॉ सागनिक चौधरी ने इस संदर्भ में बताया कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के कोलकाता स्थित पूर्वी क्षेत्र कार्यालय ने विशेष अभियान के तहत पश्चिम बंगाल समेत पूर्वी क्षेत्र के अन्य राज्यों के 50 विभिन्न पर्यटन स्थलों को इस अभियान में शामिल किया गया है। जिसमें युवा टूरिज्म संघो




के छात्रों में विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, व हितधारक संघ के सदस्य गण पर्यटन मंत्रालय के साथ साझेदारी करेंगे। इस अभियान के तहत आने वाले पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षक एवं परिवर्तनशील बनाने का प्रयत्न करेंगे यह अभियान 2 अक्टूबर से प्रारंभ हुई है जो 30 अक्टूबर को समाप्त होगी ।
झाड़ग्राम टूरिज्म के संस्थापक सह आई ए टी ओ सदस्य सुमित दत्ता ने इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कोलकाता के द्वारा झाड़ग्राम पर्यटन स्थलों को चयन करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा की झाड़ग्राम के पर्यटन स्थल प्राकृतिक सुंदरता के कारण जहां लोगों को अपने ओर आकर्षित करता है। वहीं हरियाली एवं स्वच्छता के कारण यहां साल भर लोग भ्रमण करने आते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम से झाड़ग्राम के पर्यटन स्थलों का प्रचार व प्रसार होगा। साथ ही स्वच्छता के प्रति पर्यटकों एवं आम लोगों में जागरूकता फैलेगी।

# डेंगू से बचाव- लोगों को जागरूक करने की मुहिम में जुटा है स्वास्थ्य विभाग

***-जिले में अब तक 13 संक्रमित मरीज मिले***

***-अस्पतालों में जांच के पर्याप्त किट उपलब्ध, डेंगू जांच में लाएं तेजी***

***-डेंगू को लेकर ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं, एहितायती उपायों पर अमल से बचाव संभव***

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

वर्तमान में सूबे सहित जिले में डेंगू का प्रसार जारी है। डेंगू मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वहीं तेजी से लोग इससे उबर रहे हैं। जिले में डेंगू प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़ कर 13 हो गयी है। इसमें फिलहाल 01 एक्टिव मरीज हैं। जो होम आइसोलेशन में है। इस पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभागीय प्रयास जारी है। वहीं अब तक कुल 963 लोगों की जांच की गयी है। पीएचसी स्तर पर डेंगू की जांच व इलाज का इंतजाम उपलब्ध कराया गया है। सदर अस्पताल में 10 एवं माता गुजरी मेडिकल कॉलेजे में 15 बेड क्षमता वाला विशेष डेंगू वार्ड संचालिते है। डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं जिलाधिकारी तुषार सिंगला के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला स्वास्थ्य समिति डेंगू के लक्षणों वाले मरीजों की निगरानी कर रही है। संक्रमित सभी मरीजों को नियमित रूप से फॉलोअप किया जा रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग एहतियाती उपायों पर जोर दे रहा है। संभावित मरीजों की खोज व समुचित इलाज पर विभाग की निगाहें टिकी हुई हैं। इसे लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास जारी है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ मंजर आलमे की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में कुल 500 से



अधिक डेंगू जांच किट उपलब्ध करायी गयी है।

**डेंगू से बचाव के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक-**

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोरे ने बताया कि जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर प्रभावित इलाके में प्राथमिकता के आधार पर फॉगिंग का कार्य संचालित किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में फॉगिंग का जिम्मा जहां स्वास्थ्य विभाग संभाल रहा वहीं शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग का कार्य नगर प्रशासन संभाल रहा है। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव को लेकर जरूरी एहतियाती उपायों पर अमल जरूरी है। जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा जागरूकता रथ के द्वारा लगातारे विभिन्न स्तरों पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

- डेंगू से बचाव के लिए सही जानकारी जरूरी :
जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलमे ने बताया, आमलोगों के बीच डेंगू से बचाव के लिए सही जानकारी नहीं होने के कारण उनके लिए डेंगू शब्द ही खौफ का मुद्दा है। यदि इसके विषय में आम लोगों को पूरी जानकारी दी जाए तो लोगों के मन से डेंगू का भय खत्म हो सकता है। वहीं, उन्होंने बताया, एडीज नामक मच्छर के काटने से डेंगू बुखार होता है। यह मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है, जो अधिकांश दिन में ही काटता है। डेंगू को हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है। 3 से 7 दिन तक लगातार बुखार, सर में तेज दर्द, पैरों के जोड़ों मे तेज दर्द, आँख के पीछे तेज दर्द, चक्कर एवं उल्टी, शरीर पर लाल धब्बे आना एवं कुछ मामलों में आंतरिक एवं बाह्य रक्तस्त्रावे होना डेंगू के लक्षणे में शामिल हैं। कुशल प्रबंधन एवं चिकित्सकों की निगरानी से डेंगू को जानलेवा होने से बचाया जा सकतो है। इसलिए, जरूरी है कि डेंगू के लक्षणे दिखाई देने पर चिकित्सकीय सलाह ली जाए। डेंगू के लक्षण दिखाई देने पर बिना चिकित्सकीय सलाह के बुखार की दवा खाना खतरनाक हो सकता है।

दिन में सोते समय भी लगाएं मच्छरदानी :
डॉ मंजर आलमे ने बताया कि दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ- सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें। गमला, फूलदान का पानी हर दूसरे दिन बदल दें। घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता जरूरी है। मॉल व दुकान चलाने वाले लोग भी खाली जगहों पर रखे डिब्बे और कार्टनों में पानी जमा नहीं होने दें। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें।

**डेंगू के लक्षण :**
- अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार
- मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना
- आंखों के पीछे दर्द होना जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है
- जी मिचलाना एवं उल्टी होना
गंभीर मामलों में नाक, मुंह व मसूड़ों से खून आना
- त्वचा पर चकत्ते उभरना

**बचाव के उपाय:**
ड्रकूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें एवं धूप में सुखाकर प्रयोग करें
- घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली परदे लगाएं ।

# * सांसद डॉ मोहम्मद जावेद, की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय (दिशा) की बैठक संपन्न*

**सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में जन भागीदारी सुनिश्चित करें: डॉ मो0 जावेद**

**समेकित प्रयास से विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा: डीएम**

राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

डॉ मोहम्मद जावेद, माननीय सांसद-सह-अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) के द्वारा बैठक में जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों के तालमेल से सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में जनभागीदारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। जिला परिषद, सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय समिति (दिशा) की बैठक में अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। सांसद ने कहा कि दिशा विकास योजनाओं के कार्यान्वयन की एक महत्वपूर्ण माध्यम है। तंत्र को जनोपयोगी एवं प्रभावी बनाने में इस बैठक की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे प्रशासन व जन प्रतिनिधियों में समन्वय स्थापित करने में सहायता प्राप्त होती है एवं विकास की प्रक्रिया को अपेक्षित गति मिलती है। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय विकास के कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम सबको मिलजुलकर समस्याओं का निदान करना चाहिए।
इस अवसर पर सदस्य-सचिव, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति-सह-जिला पदाधिकारी, किशनगंज,तुषार सिंगला ने सांसद-सह-अध्यक्ष, दिशा एवं अन्य उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सांसद-सह-अध्यक्ष, दिशा के मार्गदर्शन से हमसब में एक नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होता है। इससे जिले के विकास को नया आयाम मिलता है। उन्होंने सभी माननीय जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि दिशा की बैठक नियमित रूप से तीन माह में होती है, जो केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा का बेहतर मंच है। उन्होंने कहा कि जिले के विकास में सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। हमसभी समाज के हर व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। समेकित प्रयास से सुगमता से लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बैठक में उठाए जाने वाले मुद्दों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, जनप्रतिनिधियों के लोककल्याणकारी सुझाव को आत्मसात करते हुए उसे क्रियान्वित किया जाएगा।
गौरतलब हो कि बैठक की शुरूआत बिहार गीत के साथ की गई। सभी सदस्य गीत के सम्मान में खड़े रहें।
बैठक में स्थानीय विभिन्न मुद्दों पर विमर्श हुआ। माननीय सांसद डॉ मोहम्मद जावेद ने जिले में विभिन्न सब्जी (मशरूम आदि) की खेती पर जोर दिया।साथ ही उपस्थित माननीय विधायक गण ने पोठिया पंचायत अंतर्गत जहांगीरपुर में बने पुल की ऊंचाई अधिक होने तथा अप्रोच की ढाल अधिक होने के कारण दुर्घटना की ज्यादा संभावना होने का मुद्दा लाया गया। तदनुसार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल 2 के कार्यपालक अभियंता को इसकी स्थिति रोकने एवं इस पर ध्यान देने का निदेश दिया है ' माननीय ने किशनगंज के विभिन्न प्रखंड की सड़क की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि जर्जर सड़को को रिपेयरिंग करना अति आवश्यक है। सिंचाई से संबंधित कार्य के लिए उत्पन्न समस्याओं को ठीक कराने एवं पंप की आधुनिक सुविधाओं को जल्द से जल्द ठीक कराने का भी निर्देश दिया गया।
अटल मिशन फॉर रिजर्वेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉरमेशन (अमृत ) के जल मीनार से पानी की आपूर्ति नहीं होने का मामला प्रकाश में लाया गया है। विशेषकर किशनगंज शहरी क्षेत्र के वार्ड संख्या 31 और 32 के पेयजल में आयरन एवं



स्वस्थ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्य योजनाओं में माननीय सांसद द्वारा टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत समेत अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन व स्वास्थ्य कर्मियों के अपेक्षित संख्या में पदस्थापन नहीं होने के संबंध में सदन को अवगत कराया गया। तदनुसार असैनिक शल्य चिकित्सक - सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी किशनगंज को इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा अंतर्गत माननीय सांसद के द्वारा सभी प्रखंडों में शिक्षक की कमी, विद्यालय भवन अनुपलब्धता, सीमांकन, भवन मरम्मती सुनिश्चित कराने तथा विद्यालय प्रबंधन समिति की नियमित बैठक का निर्देश दिया गया। साथ ही, किशनगंज जिला अंतर्गत निजी विद्यालयों में नए सत्र में पाठ्य पुस्तक बदल देने की प्रवृत्ति को रोकने पर ठोस कदम उठाने और पुरानी किताबो के पुनर्प्रयोग पर निर्देश दिया गया। विधायक गण के द्वारा एनएचएआई के पुल से पानी टपकने तथा जेब्रा क्रॉसिंग बनाने पर निर्देश दिया गया।
खनन से संबंधित समीक्षा के क्रम में सभी खनन घाट की सूची उपलब्ध कराने तथा खनन की निर्धारित सीमा पर विभागीय प्रावधान उपलब्ध कराने का मामला उठाया गया।
बिजली से संबंधित प्रीपेड स्मार्ट मीटर से अत्यधिक बिलिंग होने का मामला लाया गया।कार्यपालक अभियंता ,ऊर्जा को निर्देश दिए गए।
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं का अत्यधिक लाभ दिलवाने हेतु प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया।
बता दें कि जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं, स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना(पीएमजीएसवाई), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम), समेकित बाल विकास योजना(आईसीडीएस), सर्व शिक्षा अभियान(एसएसए), पीएम पोषण योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम(एनएसएपी), दीन दयाल अंत्योदय योजना(एनआरएलएम), दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना(डीडीयू-जीकेवाई), प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम(पीएमईजीपी), जल-जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम-जी), प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाय-जी), महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन-राष्ट्रीय रूर्बन मिशन (एनआरयूएएक), प्रधानमंत्री उज्जवला योजना (पीएमयूवाय)-बी.पी.एल. परिवारों के लिए एलपीजी कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम), स्मार्ट सिटी मिशन, डिजिटल इंडिया-पब्लिक इंटरनेट एक्सेस प्रोग्राम-प्रत्येक ग्राम पंचायत में साझा सेवा केन्द्र उपलब्ध कराना, टेलीकॉम, रेलवेज, हाइवेज, वाटरवेज, माइन्स आदि जैसे अवसंरचना संबंधी कार्यक्रम, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेवाई), एकीकृत विद्युत विकास योजना(आईपीडीएस), परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई), मृदा स्वास्थ्य कार्ड(एसएचसी), पी.एम.के.एस.वाई (एचकेकेपी) योजनाओं की समीक्षा की गई। सदस्यों को सभी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी पावरप्वाइंट प्रस्तुति द्वारा दिया । अध्यक्ष द्वारा योजनाओं में अद्यतन प्रगति का अवलोकन किया गया। सदस्यों ने योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अपना विचार व्यक्त किया।
सचिव - सह - जिलाधिकारी,तुषार सिंगला ने कहा कि माननीय सदस्यों के सुझावों पर तत्काल कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। कार्यक्रमों एवं योजनाओं का पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। इस बैठक में डीएम, डीडीसी, एडीएम समेत जिला परिषद अध्यक्षा,किशनगंज के सभी चार विधान सभा क्षेत्र के माननीय विधायक,सभी नगर निकाय के मुख्य पार्षद, जिला परिषद सदस्य, स्थानीय त्रिस्तरीय पंचायत राज के जन प्रतिनिधि के अतिरिक्त सभी संबधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मूसलाधार वर्षा होने के कारण 500 एकड़ धान की खेती बर्बाद

*किसान की परेशान ,हताश एवं निराश, किसान की सपना पर फिर गया पानी*

*सैकड़ों किसानों ने जिला परिषद सदस्य , स्थानीय विधायक एवं स्थानीय सांसद सहित सरकार के आला अधिकारियों के प्रति नाराजगी एवं रोस व्यक्त किया*

*60 वर्षों से होती है फसल बर्बाद चुनावी वादों को भूल जाते हैं जनप्रतिनिधि*

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकसील के कुरूर गांव के किसान का फसल बर्बाद हो गया। मूसलाधार बारिश होने एवं पानी के निकास नहीं होने के चलते लगभग 500 एकड़ भूमि में लगी फसल बर्बाद हो गई। किसान निराश और हताश है तथा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कोस रहे हैं। सैकड़ों किसानों ने बताया कि लगभग 60 वर्ष से फसल बर्बाद होता है विडंबना यह है कि अगर धान की फसल बर्बाद हुआ तो चैती फसल भी नहीं हो पाती है कारण की उधर धान में ही पैदा किया जाता है अगर धन नहीं हुआ तो कोड़ा मकोड़ा चैती फसल के बीज को खा जाते हैं जिस कारण से अगर अगहनी फसल बर्बाद हुआ तो चैती फसल भी नहीं हो पाती है। किसानों ने कहा कि हम लोग खेती पर ही निर्भर हैं धान का जब खेती कर रहे थे तब मन में अनेकों अरमान थी की फसल जब होगा तब बच्ची की शादी किया जाएगा। बच्चों को पढ़ाया जाएगा अच्छा इलाज कराया जाएगा लेकिन सब पर पानी फेर दिया बार-बार जनप्रतिनिधि चुनाव के समय में वादा करते हैं कि चुनाव जीते हैं इस समस्या का हाल करेंगे लेकिन चुनाव जीतने के बाद जब इनको एक का हवा लग जाता है तो किसान मजदूर को शुद्ध लेना भूल जाते हैं वादा केवल वादा ही रहता है। सैकड़ों किसानों ने स्थानीय जिला परिषद सदस्य , स्थानीय विधायक एवं स्थानीय सांसद से मांग किया कि आप विलंब बर्बाद फसल की मुआवजा दिलवाई जाए तथा पानी निकासी के लिए व्यवस्था किया जाए ताकि बबादी से बचाया जा सके। कुरूर गांव निवासी किसान अभय सिंह , मंजेश सिंह, गोपाल सिंह ,कलेक्टर सिंह , सुरेश सिंह , भवन शाह , भानु यादव सहित किसानों ने सरकार जन प्रतिनिधि और अधिकारियों से मांग किया कि जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था किया जाए ताकि किसानों की समस्या हल हो सके।

# आवास,पेंशन व स्वच्छता की समाधान के लिए सभी पंचायतों में दो दिन शिविर

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत आवास,पेंशन व स्वच्छता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार दो दिन छः व सात अक्टूबर को सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया है.जहां सभी योग्य लाभुकों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं का लाभ दिलाने,सरकार से सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाले पेंशन व पुराने पेंशन धारकों की समस्याओं के निराकरण व स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छता मिशन अंतर्गत गांव में संचालित स्वच्छता समबन्धित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन लिये जायेंगे। जानकारी देते हुए बीडीओ रविराज ने बताया कि सभी पंचायत के सरकार भवन अथवा पंचायत भवन पर लगातार दो दिन शिविर का आयोजन किया गया है। जहां आवास,सामाजिक सुरक्षा व स्वच्छता से संबंधित समस्याओं के



निराकरण के लिए आवेदन जमा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवास योजनाओं के लिए पंचायत में प्रतिनियुक्ति आवास सहायक,सामाजिक सुरक्षा के लिए विकास मित्र एवं स्वच्छता संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए स्वच्छता पर्यवेक्षक आवेदन जमा लेंगे। आवास योजना के लिए पंचायत सचिव,सामाजिक सुरक्षा के लिए कार्यपालक सहायक अमित कुमार व स्वच्छता के लिए लोहिया स्वच्छता मिशन के ब्लॉक कोआर्डिनेटर मोहम्मद दानिश नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं.वहीं शिविर के लिए आवास के सुपरवाइजर को प्रखंड स्तरीय नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

# देसी कट्टा दिखाकर कोरियर वाले से कोरियर का सामान छीनकर फरार

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिला स्थित नटवार थाना के सहायक सेमरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत करहंसी निरंजनपुर सड़क मार्ग पर गुरुवार को देसी कट्टा का भय दिखाकर कोरियर वाले से कोरियर का सामान छीनकर अपराधी फरार हो गए। पीड़ित बलीगांवा निवासी दीनदयाल सिंह का पुत्र सुशील सिंह ने बताया कि कोरियर का सामान लेकर नोखा ऑफिस से बांटने के लिए क्षेत्र में गया था। करहंसी निरंजनपुर में भी कोरियर का सामान देने के लिए गया था। उन्होंने बताया कि करहंसी, निरंजनपुर तथा धरहरा रोड में कोरियर देना था। करहंसी वाले ने बताया कि परीक्षा देने के लिए जाना है आप निरंजनपुर पुल के पास ठहरिए मैं वहीं आकर अपना करियर ले लूंगा। जहां उजले रंग के कार से मुंह बांधे दो की संख्या में लोग आए तथा कोरियर का सामान मांगने लगे। जैसे ही पीड़ित ने कोरियर का सामान निकालने के लिए झोला खोलने लगा वैसे ही गमछा से मेरा मुंह तथा हाथ पैर बांधकर गाड़ी में बैठा दिया तथा मारपीट करने लगे। उन्होंने बताया कि धनकुटिया के पास चलते गाड़ी से ही मुझे फेंक दिया तथा मेरा मोबाइल तथा कोरियर का सामान लेकर फरार हो गए। उसके बाद किसी अन्य मोबाइल से इसकी सूचना कंपनी को दिया। ओपी प्रभारी मनोज कुमार राम ने मामले की जांच करने की बात कही।

# रोहतास पुलिस को मिली बड़ी सफलता, जिला के टॉप 10 सूची में शामिल कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

रोहतास पुलिस को आज कल सफलता पर सफलता हाथ लग रही है। जिला पुलिस द्वारा अपराध करने वालो के विरुद्ध विशेष ध्यान देखने को मिल रही है। जिससे अपराधिक गलियारों में हड़कम्प मचा हुआ है। कांड में फरार चल रहें अपराधियो की धर-पकड़ के लिए रोहतास पुलिस पहले से भी काफी मुस्तैद दिख रही है। बोते दिनों अकोढ़ीगोला थानान्तर्गत 14 फरवरी 2023 को आवर कोठा चौक से सासाराम वेदा नहर डेरा जाने के दौरान अकोढ़ीगोला राईस मिल, बालू डम्प के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों के द्वारा गाली-ग्लौज करते हुए अवैध हथियार का भय दिखाकर लैपटॉप, मोबाइल, एक मोटरसाइकिल व अन्य सामान लूट पाट करने की घटना सामने आई थी। इस संबंध में वादी अमीत कुमार पेठ-स्व० कमला कात प्रसाद, सा० कोल्हुआ पैगम्बरपुर थाना अहियापुर, जिला-मुजफ्फरपुर (वर्तमान सासाराम वेदा नहर) के फर्दव्यान के आधार पर आकोढ़ीगोला थाना काण्ड सं०-27/23, 14 फरवरी 2023 धारा 392 भा०द०वि० दर्ज कराया गया था। जिसके बाद रोहतास पुलिस द्वारा इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए इस घटना में शामिल अपराधकर्मियों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु अकोढ़ीगोला थाना के थानाध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों तथा जिला आसूचना ईकाई की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम के द्वारा इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी हेतु एसटीएफ टीम की मदद से लगातार छापेमारी की जा रही थी, के क्रम में उक्त लूट काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मी सतेन्द्र नट, पे०-कन्हैया नट, को उक्त ट्रेन के बोगी नं. एस 01 से कटनी रेलवे स्टेशन पर 04 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। रोहतास पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मी से पूछ-ताछ



लेकिन पुलिस के भय से अपराधकर्मी भागे फिर रहे थे। इसी क्रम में रोहतास पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त कांड में संलिप्त अपराधकर्मी चेन्नई से डिहरी आने के लिये ट्रेन नं०, 12390 चेन्नई - गया विकली एक्सप्रेस से आने वाला है। इस सूचना का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु अकोढ़ीगोला थाना के पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों एवं जिला आसूचना इकाई टीम को जबलपुर (MP) भेजा गया। जैसे ही ट्रेन नं0-12390 चेन्नई-गया विकली एक्सप्रेस जबलपुर पहुँची तो विशेष टीम द्वारा उक्त ट्रेन में चढ़कर खोजबीन किया गया तो खोजबीन के दौरान उक्त घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी इस कांड के 02 अपराधकर्मी, रवि रंजन प्रसाद, पे०-रमेश साह व भोले शंकर, पे०-दिनानाथ राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। तथा इस कांड में लूटी गयी मोटरसाईकिल को अनुसंधान के क्रम में बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अपराधकर्मी सतेन्द्र नट, रोहतास जिले के कई लूट व डकैती के कांड में आरोपित है तथा कई कांडो में फरार चल रहा था, उसे रिमाण्ड पर लेकर रोहतास पुलिस द्वारा अग्रेतर कारंवाई की जा रही हैं।

# जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग का किया समीक्षात्मक बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को जिला पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की गई। सहायक निदेशक, दिव्यांगजन द्वारा बताया गया कि ट्राई साईकल हेतु 1056 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमे प्रखंड 123 आवेदनों का वेरिफिकेशन अप्राप्त है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि तीन दिनों के अन्दर वेरिफिकेशन कराना सुनिश्चित करें। सहायक निदेशक द्वारा बताया गया कि ट्राई साईकल हेतु प्रति माह लगभग 60 आवेदन प्राप्त होते है। जिसमे जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए, बैनर, पोस्टर, पम्पलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया गया तथा प्रत्येक प्रखंड मे एक होर्डिंग मे प्रचार-प्रसार सामग्री लगाई जाय। सामाजिक सुरक्षा की समीक्षा मे पाया गया कि तीन बुनियादि केन्द्र जिला मे कार्यरत है। जहाँ से निशुल्क वृद्धजन दिव्यांग एवं विधवाओं को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाये प्रदान किया जाता है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि सभी बुनियादी केन्द्र समय पर खुले यह सुनिश्चित किया जाय। यू०डी०आई०डी० कार्ड बनाने हेतु पंचायत सचिव विकास मित्र, आशा कार्यरता के माध्यम से जागरूक कराये, जिससे सभी दिव्यांगो का यू०डी०आई०डी० कार्ड बनाया जा सके।

# परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक शाहनवाज अख्तर काराकाट जनप्रतिनिधियों व गणमान्य जनता से क्षेत्र की ली जानकारी

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक भवन में गुरुवार को जनप्रतिनिधियों से संपर्क हुये परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक व थानाध्यक्ष काराकाट शाहनवाज अख्तर जानकारी हो कि अभी काराकाट थाना में नये थानाध्यक्ष पदभार ग्रहण किये है। नगर पंचायत काराकाट के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि,वार्ड पार्षद,पंचायत क्षेत्र के मुखिया,सरपंच,वार्ड सदस्य तथा सामाजिक कार्यकताओं से मुलाकात कर क्षेत्र के बारे में गहन जानकारी लिया। उपरांत परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक शाहनवाज अख्तर ने अपनी परिचय दी। फिर सभी को परिचय के साथ अपने क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस जानकारी में सबसे खास शराब बिक्री पर रोक लगाने की बात पुलिस अधिकारी से चर्चा की गई। उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया जहां सबसे ज्यादा शराब का धंधा होता है। पुलिस अधिकारी ने इसमें सहयोग करने की सभी से अपील किया। मुख्य पार्षद काराकाट प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने कहा कि थाना में दलालों के जमावड़ा है उसे सबसे पहले उस पर ध्यान दिया जाये कि दो माह में आपके कार्यकाल में लगे कि पुलिस का कुछ खौफ क्षेत्र में हो जाये। सोनवर्षा पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि राम प्रसाद सिंह ने कहा कि शराब धंधेबाज हथियार से लैस होकर शराब का धंधा करते है हमलोगों को सुरक्षा के लिए कोई साधन नहीं है। उनका सामना करना काफी मुश्किल होता है। सरपंच कृष्णा सिंह ने कहा कि गांव में छोटी छोटी घरेलू विवाद होता है उसे थाना से सरपंच के





कचहरी में उस विवाद को समाधान के लिए नहीं भेजा जाता है उस पर गौर किया जाये। पुलिस अधिकारी ने सवाल पर जवाब दिये कि घरेलू विवाद में एक पक्ष का आरोप हो जाता है। परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक शहनवाज अख्तर ने कहा कि दुर्गापूजा का अवसर है आप सभी का सहयोग से ही पूजा संभव है सहयोग करें पुलिस प्रशासन से आप सभी हर वक्त सहयोग ले थाना के नंबर पर सूचना दीजिए आपका हमेशा सहयोग किया जाएगा। सभी जनप्रतिनिधियों से शांति समिति की अगली बैठक में उपस्थित होने की अपील किया। मौके पर एस आई अंजली कुमारी, मिथलेश कुमार पासवान, एएसआई संजय पांडे, घनश्याम कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष सह काराकाट पंचायत मुखिया योगेंद्र सिंह, बेनसागर मुखिया अनिल कुमार सिंह, सोनवर्षा मुखिया राजीव रंजन सिंह, धनहरा मुखिया प्रतिनिधि विंध्याचल ठाकुर, बुढ़वल मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह, गम्हरियां मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, मोथा मुखिया प्रतिनिधि मनोज साह, प्रमुख अभिभावक नारायण पासवान , प्रखंड राजद युवाध्यक्ष विकाश यादव, प्रो यमुना सिंह, विकास कुमार, बीडीसी अकबर अंसारी, जितेंद्र पाल, लक्ष्मण कुमार, दिनेश पासवान, अजय साह, भूषण सिंह, तुलसी यादव, हरेंद्र यादव, अवधेश राम सहित कई थे।

# पुलिस ने चोरी गई टवेरा गाड़ी के पार्ट्स पुर्जे के साथ कबाड़ी संचालक व गाड़ी मालिक को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाने की पुलिस ने गुरुवार को चोरी गई टवेरा गाड़ी के पार्ट्स इंजन चेचीस के साथ दो को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए कोचस थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि 25 सितंबर को टवेरा गाड़ी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 पीसी 3870 की चोरी की प्राथमिकी आवेदन के माध्यम से कोचस थाने मे दर्ज कराई गई थी। जिसमें कोचस पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर छापेमारी करते हुए कबाड़ मे कटे हुए पार्ट्स ,इंजन, चेचिस सहित गाड़ी मालिक व कबाड़ संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 निवासी संजय कुमार सिंह पिता



रामाशीष सिंह व दुसरा कबाड़ मालिक सासाराम तकिया निवासी हिमांशु सोनी उम्र 20 वर्ष पिता मुना राम सोनी बताए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त संजय कुमार ने अपना टवेरा गाड़ी बक्सर के रहने वाले सत्येंद्र कुमार को बेच दिया था और किसी दिन सत्येंद्र सिंह के यहा से संजय कुमार ने टवेरा गाड़ी की चोरी कर सासाराम के एक कबाड़ी संचालक को बेच दी थी। जिसमें कोचस पुलिस ने प्राप्त आवेदन के आधार पर संजय कुमार को गिरफ्तार कर सासाराम कबाड़ी में छापामारी की जिसमें टवेरा गाड़ी की पार्ट्स, इंजन, चेचिस बरामद की। वहीं पुलिस कबाड़ी मलिक तथा गाड़ी मालिक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

# स्नातक पार्ट-2 परीक्षा में नकल करते 12 परीक्षार्थी निष्कासित

*वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर सख्ती से परीक्षार्थियों में हड़कंप*

*केंद्राधीक्षक ने कहा कदाचार के खिलाफ और होगी सख्ती*

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

स्नातक पार्ट-2 परीक्षा के दूसरे दिन गुरुवार को नकल के आरोप में 12 परीक्षार्थियों को केंद्राधीक्षक द्वारा निष्कासित किया गया। ज्ञात हो कि वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय,आरा द्वारा संचालित सत्र 2021-24 स्नातक पार्ट-2 परीक्षा अंतर्गत बिक्रमगंज में चार निर्धारित परीक्षा केंद्र वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर, अंजलित सिंह महाविद्यालय, इंदु तपेश्वर महिला महाविद्यालय सहित पटेल महाविद्यालय परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। जहां सबसे अधिक परीक्षार्थियों की संख्या 2966 वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र में है। वही गुरुवार को संचालित परीक्षा के पहली पाली में ग्रुप-सी के कला संकाय विषय की परीक्षा में नकल करते हुए पहली पाली में 6 व दूसरी पाली में 6 सहित 12 परीक्षार्थियों को केंद्राधीक्षक डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने निष्कासित कर दिया। ज्ञात हो कि पहली पाली में विभिन्न कला संकाय विषय के सभी परीक्षार्थियों की 1154 अंतर्गत 6 परीक्षार्थी निष्कासित किए गये। जबकि दूसरी पाली में ग्रुप-डी की कला संकाय और साइंस विषय की संचालित परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या 823 अंतर्गत 6 परीक्षार्थी निष्कासित किए गये। इस संबंध में वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा कुलपति शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के दिशा निर्देश पर स्नातक पार्ट-2 पर-



िक्षा में नकल के खिलाफ सघन जांच करते हुए प्रथम पाली व दूसरी पाली सहित सभी 12 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है। जो विश्वविद्यालय कुलपति के दिशा निर्देश पर नकल के खिलाफ सघन जांच निरंतर जारी रहेगी। जबकि परीक्षा केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी रमाशंकर राम भी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये हुए है।

# नहीं मिला पीएम आवास योजना का लाभ, बारिश में धराशाई हुए घर के एक हिस्से में लेनी पड़ी शरण

*बारिश ने इस परिवार पर ऐसा संकट डाला कि बहुतेरे लोगों को पड़ोसी के घरों में लेना पड़ रहा पनाह*

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से संझौली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चांदी इंग्लिश पंचायत के ग्राम औराई वार्ड संख्या 11 में बारिश के कारण एक घर धराशाई हो गया। अनिल सिंह का परिवार बेघर हो गया है। पीड़ित अनिल सिंह ने कहा कि उनके परिवार में कुल 7 सदस्य हैं एक बूढ़ी मां है जिनको आंख से दिखाई भी नहीं देता है। हम लोग जान जोखी में डालकर इस टूटे घर के एक हिस्से में रह रहे हैं। बताया कि 4 साल पहले पीएम आवास योजना में उनका नाम आया था, लेकिन आज तक उसका लाभ नहीं मिला है। आज भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के काट रहे हैं चक्कर सरकार ने इसी उम्मीद के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की थी कि 2022 तक प्रत्येक गरीब व पात्र व्यक्ति के रहने के लिए पक्का आशियाना हो, वहीं गरीब भी यहीं उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उन्हें रहने



के लिए सिर पर पक्की छत मिलेगी। लेकिन सच तो यह है कि आज भी गरीब व पात्र व्यक्ति तो योजना का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में नेताओं, अधिकारियों के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश में कई परिवार को बारिश ने बेघर होने पर मजबूर कर दिया है। पिछले कई दिनों से जारी बारिश ने इस परिवार पर ऐसा संकट डाला कि पडोसी के घर पनाह लेना पड़ रहा है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाला यह परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना का हकदार है, लेकिन कोई लाभ नहीं मिल रहा। वही नहीं पंचायत में गरीब परिवार ऐसे हैं, जिनको प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल किया गया है, लेकिन उन्हें आज तक अपने मकान की पक्की छत नसीब नहीं हुई। समाजसेवी जनार्दन सिंह, बिपिन कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों की हर तरह से मदद करने के जो दावे करती है, जमीनी स्तर पर वह खोखले साबित हो रहे हैं। गरीब लाचारी की जिंदगी बसर करने को मजबूर हैं।

# 59 वर्षीय वृद्ध शिक्षक में अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर शिक्षक हुए घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना अंतर्गत नौवा कॉलेज के निकट बृहस्पतिवार को सड़क को पार करने के दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात वाहन ने एक 59 वर्षीय शिक्षक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे शिक्षक बुरी तरह घायल हो गए। घायल शिक्षक ग्राम पुरहरा निवासी स्वर्गीय बबन शर्मा के 59 वर्षीय पुत्र शिक्षक सुरेंद्र शर्मा बताए जाते है। घटना के बारे में बताया जाता है कि शिक्षक नित दिन की तरह नौवा कॉलेज में पढ़ाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 सड़क को पार कर रहे थे कि तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी जिसमें वे बुरी तरह घायल हो गए। वही इस घटना को अंजाम दें वाहन चालक भागने में सफल रहा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल शिक्षक को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौके पर मौजूद डॉक्टर अखिलेश व डॉक्टर विकास कुमार ने स्थिति बिगड़ते देख बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है।

# विद्यालय में रसोईया के अनुपस्थिती होने से नाराज प्रधानाध्यापक ने दिया आवेदन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत कोचस प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भारहुआं मे मध्याहन भोजन प्रभावित होने के कारण कार्यरत रसोईया को चयन मुक्त करने तथा नए रसोईया नियुक्ति को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विभाग को आवदेन दिया है। इस विषय में प्राथमिक विद्यालय भरहुआ के प्रधानाध्यापक नित्यानंद सिंह ने बताया कि विद्यालय से 25 जुलाई से ही लगातार रसोईया धर्मशिला कुंवर अनुपस्थित रह रही थी जिसमें 27 जुलाई को विद्यालय शिक्षा समिति के द्वारा फोन कर बुलाया गया तो उन्होंने अनेको कार्य का बहाने बना उपस्थित नहीं हुई। सभी सदस्य के द्वारा चेताया गया फिर भी आज तक विद्यालय में उपस्थित नहीं हुई जिसके कारण मध्याहन भोजन प्रभावित रहता है। सिर्फ विद्यालय में एक रसोईया है जो उनके सहारे मध्याहन भोजन बना बच्चों को खिलाया जाता है। तकरीबन तीन महीना से अभी तक रसोईया अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुई जिसको लेकर समिति के सदस्यों ने बैठक कर नए रसोईया की नियुक्ति की मांग की है। कार्यरत रसोईया को चयन मुक्त को लेकर समिति की सहमति प्राप्त है।

# दो पियक्कड़ गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले कोचस थाने की पुलिस ने नगर पंचायत के गांधी चौक के समीप से दो लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि शराब के नशे में दो लोग गाली गलौज कर रहे है तभी पुलिस ने नगर पंचायत के गांधी चौक के समीप से दिनेश पासवान उम्र 28 वर्ष पिता लाल बहादुर पासवान ग्राम मुजिया थाना कुदरा जिला कैमूर तथा दूसरा चंदन पासवान उम्र 23 वर्ष पिता धनजी पासवान ग्राम रूपी थाना दिनारा जिला रोहतास को शराब के नशे में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस दोनों को अपने हिरासत मे ले अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# डीएम ने आईसीडीएस विभाग की समीक्षात्मक बैठक, संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये कई निर्देश

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

आई०सी०डी०एस० विभाग की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष में की गई। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला में कुल 3388 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जिसमे 1245 केन्द्रो की अपना भवन है तथा 200 भवन अन्य सरकारी भवनों में संचालित है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 67 आगनबाड़ी केन्द्रों को विद्यालय में स्थानांतरित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि बीडओ एवं सीडीपीओ द्वारा संयुक्त जाँच की जायेगी की कौन से विद्यालय में कमरा उपलब्ध है। यदि कमरा विद्यालय में उपलब्ध है तो आंगनबाड़ी केन्द्रों को विद्यालय में स्थापित किया जायेगा। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कितने भवन अच्छे स्थिति में



है तथा कितने जर्जर स्थिति मे है उसका डाटा तैयार करें। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी करगहर द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह 35 आंगनबाड़ी केन्द्रों का जाँच सीडीपीओ द्वारा कराते हुए आंगन ऐप मे इन्ट्री की जाती है, जिसकी मॉनिटरिंग जिला समन्वयक द्वारा की जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पोषण ट्रैकर ऐप में जितने बच्चो की संख्या दर्ज है उतने ही बच्चो की पोषाहार राशि स्थानांतरित की जायेगी। यदि संख्या बढ़ाकर अंकित की गई तो समतुल्य राशि की कटौती आंगनबाड़ी सेविका के मानदेय से की जायेगी। जिला समन्वयक द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका हड़ताल पर है। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि क्रिटिकल आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका की परियोजना वार डाटाबेस तैयार करें। जिला समन्वयक द्वारा बताया गया कि ग्रोथ मॉनिटरिंग-90.84 प्रतिशत तथा होम विजिट 89.80 प्रतिशत है, जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई तथा इसको 100 प्रतिश करने का निदेश दिया गया तथा निदेशित किया गया कि बच्चो को राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तानांतरित की जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया कि 100 प्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्र खुले यह डीपीओ ,आइसीडीएस सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजनान्तर्गत जिला में 60 प्रतिशत आवेदनों का पंजीकरण होने पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा प्रत्येक घर-घर जाकर सर्वे करते हुए योग्य लाभुको का पंजीकरण शत प्रतिशत कराने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मे भी योग्य लाभुकों की प्रविष्टि 15 दिनों में कराने का निदेश दिया गया। रोहतास जिला में 20 परियोजना केन्द्र हैं तथा सीडीपीओ की संख्या मात्र 9 है। जिस संदर्भ मे जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त प्रभार बगल वाली परियोजना का ही दिया जाय। यदि इसमे कोई विषंगती है तो संशोधन हेतु विभाग से पत्राचार की जाय।

# जिलाधिकारी ने किया जिला बाल संरक्षण ईकाई का बैठक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

जिला बाल संरक्षण ईकाई, रोहतास की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय कक्ष में की गई। समीक्षा के दौरान पर्यवेक्षण गृह एवं बाल गृह में आवासियों के संबंध में समीक्षा की गई। विभागीय पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे पर्यवेक्षण गृह में 37 एवं बाल गृह में कुल 21 बच्चे आवासीत है। पर्यवेक्षण गृह मे रोहतास एंव कैमूर के बच्चे आवासीत है, जबकि बाल गृह मे रोहतास कैमूर एवं औरंगाबाद के बच्चे आवासीत हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण गृह के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने, बच्चो के पठन-पाठन एवं कौशल विकास की गतिविधियों को बढ़ाने का निदेश दिया गया। साथ ही परवरिश योजना के लाभुकों के पठन-पाठन एवं यथोचित देख-भाल करने एवं नियमित निरीक्षण करने का निदेश दिया गया।

# करंट की चपेट में आने से पटना निवासी पेंटर की मौत

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में गुरुवार की सुबह करंट की चपेट में आने से पटना निवासी एक पेंटर की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक का पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के कुजावान गांव निवासी स्व.मिश्री लाल सिंह के 37 वर्षीय पुत्र हरखेन कुमार है। वह पेशे से पेंटर था एवं अपने गांव से दूसरे जिला जाकर भी पेट का काम करता था। इधर मृतक के साथ काम कर रहे उसके के चाचा बिरेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव के छह लोग प्रतिदिन पैसेंजर ट्रेन से आरा पेंटिंग व पुट्टी का काम करने आते हैं और शाम में चले जाते हैं। गुरुवार की सुबह भी वे लोग ट्रेन से नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर मोहल्ले में गांव से छह लोग पेंट व पुट्टी का काम करने आये थे। जहां गुरुवार की सुबह व पुट्टी का काम कर रहा था। उसी बीच वह लगुशंका करने के लिए बाहर गया था। वहां पर एक बिजली का पोल था और उसमें करंट आ रहा था। लघुशंका करने के बाद जब वापस लौट रहा था। उसी दौरान उसका हाथ उसी बिजली के खंभ्भा में स्पर्श कर गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और वहीं पर गिर पड़ा। इसके बाद जब छत से उसे जमीन पर पड़ा देखा तो साथ काम कर रहे सभी लोग वहां गए और उसे उठाकर फौरन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व दो बहन में छोटा था। मृतक के परिवार में पत्नी जूली देवी व दो पुत्री अमृता,रीता व दो पुत्र अमरजीत एवं इंद्रजीत है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी जूली देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अखिल भारतीय किसान महासभा का अध्यक्ष पृथ्वी राम व सचिव रामकिशोर राय बने

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला के सहार प्रखंड अंतर्गत बहुआरा चौरी लख के समीप अखिल भारतीय किसान महासभा का सम्मेलन तथा 15 सदस्यीय कमिटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। भाकपामाले के नेतृत्व में अखिल भारतीय किसान महासभा का सम्मेलन कराकर 15 सदस्यीय टीम का गठन किया गया । सम्मेलन का अध्यक्षता भाकपा माले के प्रखंड सचिव उपेंद्र भारती एवं संचालन तरारी विधायक सुदामा प्रसाद के द्वारा किया गया । सम्मेलन में किसान महासभा की ओर से सचिव पद के लिए कामरेड रामकिशोर राय एवं अध्यक्ष कामरेड पृथ्वीराम को चुना गया है। जिसमें अखिल भारतीय किसान सम्मेलन के द्वारा सर्व सम्मति से 15 सदस्यीय



टीम में कामरेड रामकिशोर राय को सचिव, पृथ्वीनाथ राम को अध्यक्ष , मुन्ना सिंह कुशवाहा को उपाध्यक्ष, कमलेश राय हरेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह अवधेश सिंह कौशल यादव उमेश सिंह कपिल साव, परमेश्वर रावानी, शर्मा सिंह यादव, सुधीर शर्मा उर्फ बनारस राय मनबोधी चौधरी एवं मोहम्मद आफताब आलम को मिलाकर 15 सदस्यीय टीम का गठन किया गया । मौके पर तरारी विधायक सुदामा प्रसाद, प्रखंड सचिव उपेंद्र भारती पूर्व प्रमुख मदन सिंह रामदत्त राम अशोक सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण एवं कार्यकर्ता सभा में सम्मिलित हुए।

# समारोह पूर्वक मनाई गई पूर्व प्रधानाध्यापक की पहली पुण्यतिथि

**दैनिक समाज जागरण: वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के उदवंतनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय कोहड़ा के पूर्व प्रधानाध्यापक स्व अयोध्या उपाध्याय की पहली पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर आरा के बैंक कॉलोनी मोड़ स्थित उपाध्याय भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उस दौरान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तोताद्द मठ के विद्वान आचार्यगण के द्वारा विधिवत रूप से पूजा पाठ के बाद उनके तैलचित्र पर गण्यमान लोगो ने माल्यार्पण कर उनको नमन किया। तत्पश्चात गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र वितरण के बाद दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगो को भोजन कराया गया। इसके उपरांत श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जीवनपर्यंत उपाध्याय जी शिक्षा का अलख जगाते रहे और बच्चों के पढ़ा लिखाकर उनको आगे बढ़ाने के प्रति उनकी उत्सुकता देखते बनती थी। तभी तो आज उनके पढ़ाये हुए बच्चे देश और विदेश में अपना नाम रौशन कर रहे है। गुरुवार को उनकी पहली पुण्यतिथि पर जिले के कोने कोने से



आये हुए सैकड़ो लोगो ने उनको नमन करते हुए एक सच्चा और कर्तव्यपरायण शिक्षक बताया वही पूरे नौकरी काल में स्व उपाध्याय शिक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित रहे। उनके पुण्यतिथि पर आये लोगो ने उनको याद किया और उनके कृत्यों पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों में गुड्डु सिंह बबुआन चितरंजन सर बिपिन उपाध्याय सनु ओझा बबलू ओझा मुना ओझा , प्रमोद उपाध्याय, सिरराम उपाध्याय, चन्दन कुमार नेहरू युवा के डायरेक्टर कृष्णकांत सिंह निर्भय कुमार सिंह पिन्टू सिंह के के सिंह , अमरेश सिंह पूर्व वार्ड पार्षद शशि सक्सेना बैजनाथ उपाध्याय डॉक्टर कुमार जितेन्द्र , डॉक्टर मदन मोहन द्विवेदी बिनकटेश उपाध्याय अनिल उपाध्याय अमरेंद्र कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# आगामी 8 अक्टूबर को होगी पालीगंज प्रखण्ड शिक्षक संघ की चुनाव

*अध्यक्ष और सचिव पद के साथ संघ की अन्य पदों के दावेदारी के लिए छिड़ी पोस्टर जंग*

**समाज जागरण संवाददाता- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के निर्देश और देखरख में आगामी 8 अक्टूबर दिन रविवार को होने वाले पालीगंज प्रखंड शिक्षक संघ की चुनाव की बिगुल बज चुकी है। वही संघ की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाअध्यक्ष समेत संघ के अन्य पदों के लिए दावेदारी के साथ संघ पर मजबूत पकड़ और कब्जे लिए जंग छिड़ चुकी है। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान सचिव विमल कुमार वर्मा ने बताया कि संघ की नियमित प्रक्रिया के तहत बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के दिशनिदेर्शों के अनुसार आगामी 8 अक्टूबर दिन रविवार को चुनाव की तारीख तय हुई। जिसमें संघ के पटना जिला के नोडल पदाधिरियों की टीम के मौजूदगी में निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए सभी जरूरी एवं आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई। यह चुनाव पालीगंज अनुमंडल बजार स्थित राजकीय मदनधारी सिंह उच्च विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिसकी देखरेख एवं प्रवेक्षक के रूप में प्रतिनुक्त पालीगंज के सबसे बुजुर्ग व पूर्व शिक्षक एवं संघ की अध्यक्षता कर चुके जुदगी सिंह यादव के नेतृत्व में संपन्न कराई जाएगी। वहीं पालीगंज प्रखंड अध्यक्ष पद एवं सचिव पद के उम्मीदवार के तौर पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने




की तस्वीरे सामने आने शुरू हो गए हैं। यहां दो गुटों ने अभी तक अपनी मजबूत दावेदारी पेश किया है। जिसकी पोस्टर बैनर की जंग छिड़ चुकी है। दोनों गुटों द्वारा आपने पक्ष में गोलबंदी करते हुए जोर शोर से प्रचार प्रसार अभियान शुरू कर दिया है। सभी ने अपने- अपने दावे ठोकते हुए पोस्टरों -बैनरों पर अच्छे अच्छे संदेश और स्लोगन छपवा कर स्कूलों में लगवाने शुरू कर दिए हैं। साथ ही सोसल मीडिया पर भी पोस्टर जंग छिड़ चुकी है। सभी अपने अपने पक्ष में वोटरों को लुभाने और स्कूलों की विकास की दावे कर रहे हैं। बैनर - पोस्टरों पर स्लोगनों में लिखा है की "आप दे हमारा साथ सब जगह होगी स्कूलों में विकास। आप रखे हम पर विश्वास , हर समस्या का होगा समाधान।" वहीं दूसरे में लिखा है की "सबका साथ, सबका विश्वास , और सबका विकास। जैसे लिखे नारे और स्लोगन से अपने-अपने पक्ष में शिक्षक वोटरों को लुभाने की कोशिश हो रही है ।चौक चौराहे पर हो या स्कूलों में जाकर या घर घर जाकर सघन प्रचार प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। वहीं एक गुट के लिए पालीगंज प्रखंड शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए शशि कुमार तो सचिव पद के उम्मीदवार के तौर मिथलेश कुमार की नाम सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरे गुट से अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार सुधीर कुमार तो सचिव पद के लिए हर्षवर्धन शर्मा को नाम अभी तक सामने आते हुए दिखाई दे रहा है। दोनों गुटों में संघ पर मजबूत पकड़ और कब्जे के लिए लड़ाई छिड़ चुकी है। आने वाले 8 अक्टूबर को ही उसके परिणाम सामने आएंगे

# पालीगंज में पुनपुन नदी में डुबने से हुआ किशोर लापता

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ गुरुवार को सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के पास पुनपुन नदी में स्नान करने के दौरान एक युवक नदी की गहरे पानी मे लापता हो गया। जानकारी के अनुसार सिगोड़ी थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के समीप पुनपुन नदी में गुरूवार की सुबह एक युवक स्नान करने के दौरान पानी के तेज धारा में बह गया। युवक की पहचान देवरिया गांव निवासी अखिलेश यादव के 17 वर्षीय पुत्र शैलेश कुमार के रूप में हुआ। वही आसपास के लोगो द्वारा शोर गुल मचाने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जूट गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिगोड़ी थाना की पुलिस ने सूचित कर एसडीआएफ की टीम को बुलाया। काफी खोजबीन के बाद भी देर शाम तक युवक का कोई पता नही चल पाया। वही अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को सुबह से फिर पुनपुन में लापता युवक की खोजबीन एसडीआरएफ की टीम करेगी। वहीं युवक के स्वजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# आरा में बेलगाम डंपर ने बाइक सवार होंडा शोरुम कर्मी को रौंदा,हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के धोबी घटवा स्थित पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की दोपहर बेलगाम डंपर ने बाइक सवार एक होंडा शोरूम के कर्मी को रौंद दिया हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव निवासी विश्वनाथ राय क्या 38 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार है। वह पकड़ी रोड स्थित होंडा शोरूम में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। वहीं सड़क हादसे में जख्मी कर्मी के मौत के बाद उनके परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड में स्वास्थ्यकर्मियों के लापता होने और समय से इलाज न होने के का आरोप लगाते हुए सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में जमकर हंगामा किया। हंगामें के दौरान परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड में जमकर तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ के दौरान में लगे इमरजेंसी वार्ड के ओटी में ऑक्सीजन,बीपी-प्लस मशीन का मॉनिटर,टेबल पर रखे पानी के बोतल एवं इंजेक्शनों की शीशी कुर्सी को तोड़ दिया। यही नहीं परिजनों ने हंगामा के दौरान इमरजेंसी ओटी में मौजूद एक महिला स्वास्थ्यकर्मी को भी पीटा। इसके अलावा उनके द्वारा ऑन ड्यूटी चिकित्सक से हाथापाई तथा गाली-गलौज भी की गई। घटना को लेकर इमरजेंसी वार्ड में करीब ढाई घंटे तक अफरा-तफरी मची रही एवं इमरजेंसी सेवा भी पूरी तरह ठप पड़ा रहा। जिसके कारण वार्ड में भर्ती मरीज उनके परिजनो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बाद सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना एवं नवादा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर दोनों थाने की पुलिस आरा सदर अस्पताल पहुंची। जिसके बाद पुलिस के काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजनों को शांत कराया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। आपको बता दे की सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड एवं लेबर वार्ड में अक्सर परिजनों ने जमकर बवाल काटा है। अक्सर ऐसे हंगामे के दौरान उनके द्वारा तोड़फोड़ एवं स्वास्थ्यकर्मियों की पिटाई भी की जा चुकी है। लेकिन इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन द्वारा ऐसे स्वास्थ्यकर्मियों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड का हाल ऐसा है कि यदि कोई भी इमरजेंसी केस वहां आता है तो अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में एक भी बाय अटेंडेंट एवं स्ट्रक्चर देखने को नहीं मिलता है। जिसके कारण परिजन आक्रोशित हो जाते हैं और हंगामा करने लगते हैं। जिसको लेकर उसे दौरान इलाज कराने आए अन्य मरीज एवं उनके परिजन के अलावा पहले से इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीज एवं परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इधर मृतक कर्मी के परिजन ने बताया कि गुरुवार के दोपहर वह होंडा शोरूम से अपने किसी काम से बाइक पर सवार होकर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल जा रहे थे। उसी दौरान धोबी घटवा स्थित पेट्रोल पंप समीप विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम डंपर ने उन्हें रौंद दिया। जिसे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। वहीं घटना के बाद चालक डंपर छोड़ मौके से फरार हो गया। इसके बाद डायल 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उन्हें आनंद-खनन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उधर घटना की सूचना मिलती है स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल से उक्त डंपर को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व बहन में छोटा था। मृतक के परिवार में पत्नी बेबी देवी व एक पुत्र अमरजीत कुमार एवं एक पुत्री काजल कुमारी है । हादसे के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। वही इस हादसे से के बाद मृतक की पत्नी बेबी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सांप काटने से युवक की मौतं

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड अन्तर्गत सिकरहटा थाना क्षेत्र के बागर गांव में बुधवार की देर रात चिलवन पर मछली मारने गाएं एक युवक की विषैले सांप के काटने से मौत हो गई। युवक ने सदर अस्पताल आरा में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिसके बाद कोहराम मच गया। मृतक 25 वर्षीय पुत्र राज कुमार तरारी प्रखण्ड के बागर गांव निवासी धनेश्वर राम का पुत्र था। बताया जाता है कि तरारी प्रखण्ड के बागर गांव निवासी राजकुमार बुधवार की रात अपने पिता धनेश्वर राम के साथ चिलवन पर मछली मारने गया हुआ था। इसी दौरान किसी विषैले जन्तु का काटने का एहसास हुआ लेकिन युवक द्वारा इस बात को नजर अंदाज कर पिता के संग मछली मारने में मशगुल रहा। इसके बाद घर खाना खाने के उपरान्त तबियत बिगडने पर किसी विषैले जन्तु द्वारा काटने का अभास जताते हुए परिजन को बताया ,जिस्के बाद परिजन आनन फानन में आरा सदर अस्पताल ले जाया गया ,जहाँ इलाज के बाद उसकी हालत



मे कोई सुधार नही हीते देख चिकत्सको द्वारा पटना रेफर कर दिया गया। इसके बाद युवक ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया।

**शादी शुदा है जो काल गाल में समा गया राजकुमार**

बताया जा रहा कि तरारी प्रखण्ड के बागर गांव निवासी राजकुमार अपने तीन भाई बहनो में सबसे बड़ा था। जो गाँव में मजदूरी करता था। मृतक के पिता प्राईवेट कम्पनी में ही मजदूरी करते हैं जो दस दिन पहले ही छुटी में घर आए है। मृतक के परिवार में मां संझारो देवी ,पत्नी निशां ,दो भाईयो में छोटा पवन कुमार व बहन प्रियांका कुमारी है चार वर्षीय पुत्री प्रिया व दुधमुहा बच्चा राजेश ।मृतक की मां संझारो देवी व पत्नी निशां व बहन प्रियांका एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृत्क के घर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधी बलिराम यादव ,समिति प्रतिनिधी अनील राय पैवस अध्यक्ष अजय राय ,पुर्व मुखिया प्रतिनिधी संजय राय , अखिलेश राय वार्ड सदस्य अशोक साह समेत आसपास के लोग ढांढस बंधाने में लगे थे।

# नदी में डूबने से किशोर की मौत

**दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में गुरुवार की दोपहर नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत किशोर बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी मो.लतीफ मियां का 14 वर्षीय पुत्र मो.शमशेर अली है। इधर मृत किशोर के भाई मो.सोनू ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह अपने चचेरे भाई के साथ गांव में स्थित नदी किनारे घूमने गया था। तभी उसे शौच लग गई। शौच करने के बाद जब नदी किनारे पानी छूने गया। उसी दौरान वह नदी में गिर कर डूब गया। इसके बाद वह मौजूद लोगों द्वारा फोन एवं वहां के मठिया स्थित मंदिर से अनाउंसमेंट की गई। जिसके बाद सूचना पाकर परिजन



फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे नदी से बाहर निकला। जिसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे इलाज के लिए आरा अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत किशोर अपने तीन भाइयों में छोटा था। मृत किशोर के परिवार में मां लैला खातून, दो भाई मो.सोनू ,मो.मोनू व दो बहन सोनी परवीन एवं नजमा परवीन है। घटना के बाद अमृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोर की मां लैला खातून एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# पालीगंज बाजार में सड़क जाम व जल जमाव की समस्या को लेकर एसडीओ ने किया बैठक

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ नगर बाजार में सड़क जाम व जल जमाव की समस्या को लेकर गुरुवार को एसडीएम जयचंद्र यादव ने अनुमंडल कार्यालय में नगर वासियों, नगर अध्यक्ष, कार्यपाल पदाधिकारी, वार्ड पार्षद व थानाध्यक्ष के साथ बैठक किया। जानकारी के अनुसार पालीगंज नगर बाजार में लगने वाले भयंकर जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु एसडीएम जयचंद्र यादव ने सड़क किनारे लगने वाले सब्जी मंडी को हटाकर राम जानकी मठ की जमीन में शिफ्ट कर दिया है। साथ ही बिहटा मोड़ से चंढोस मोड़ तक नो जोन घोषित कर दिया था। जिससे कुछ दिनों तक जाम की समस्या से पालीगंज वासी को निजात मिल गई थी। लेकिन कुछ दिन बीत जाने के बाद सड़क पर व्यवसायिक वाहन, टेंपू चालक, मोटरसाइकिल चालक तथा ठेला लगाने वालों ने रोड़ पर ही गाड़ी एवं ठेला को लगाना, फल विक्रेता तथा कुछ सब्जी विक्रेता फिर से सड़क किनारे सब्जी बेचना शुरू कर दिया है। इससे निजात दिलाने को लेकर एसडीएम ने बैठक बुलाई। बैठक में एसडीएम ने नो जॉन घोषित बिहटा मोड़ से लेकर चंढोस मोड़ तक नगर बाजार में लग रहे जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु सबों से राय मांगी। जिसमें उपस्थित लोगो ने अपनी



अपनी बातों को रखी। सभी लोगों ने एक स्वर से कहा की बिना कड़ाई किए जाम की समस्या से निजात नही मिलेगी। मौके पर सबो की राय जानने के बाद एसडीएम ने कार्यपालक पदाधिकारी को कई आदेश देते हुए कहा की आप नगर बाजार में बैरियर लगवाए तथा गांधी मैदान के पास जो लोग दुकान लगाकर कब्जा किए हुए है उनको नोटिश देकर खाली कराए। वही पानी की जल्द निकाशी की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही नो जोन में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी करवाई करते हुए जुमार्ना वसूलने का आदेश दिया। सब्जी मंडी के पास पोखर के जलजमाव के कारण घरों में घुसे पानी को निकलने के लिए खिरीमोड़ रोड़ में होम पाइप डालने का आदेश दिया। एसडीएम ने कार्यपालक पदाधिकारी को कहा की नोटिस देने के बावजूद जो लोग अभी तक अतिक्रमण किए हुए है उन्हे अंतिम बार फिर से सूचित कर दे की अतिक्रमण को खाली कर दे। इसके बाद भी जो लोग खाली नही करते है उन्हे बुलडोजर लगा कर तोड़ दे और उनके ऊपर कानूनी कारवाई करें। अगली बैठक दस दिनों बाद पुनः की जाएगी

# चरपोखरी उप डाकघर में रजिस्ट्री एवं स्पीड पोस्ट की मशीन खराब होने से बढ़ी परेशानी

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित उप डाकघर चरपोखरी में पिछले एक सप्ताह से रजिस्ट्री एवं स्पीड पोस्ट किए जाने की मशीन खराब होने से लोगों को रजिस्ट्री एवं स्पीड पोस्ट की सेवा नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। प्रखंड



क्षेत्र के आसपास के दर्जनों गांव से लोग प्रखंड मुख्यालय स्थित उप डाकघर में रजिस्ट्री एवं स्पीड पोस्ट कराने के लिए हर रोज आते हैं,लेकिन वहां पहुंचने पर कर्मियों द्वारा मशीन खराब हो जाने की सूचना दिए जाने पर उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ता है।वहीं वजन करने वाला मशीन भी खराब है। मशीन खराब होने के कारण लोगों को 10 - 12 किलोमीटर दूरी तय कर पीरों या गड़हनी डाकघर में जाना पड़ता है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उप डाकघर के डाकपाल कमलेश कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मशीन खराब हो गई है,जिसकी सूचना डाक अधीक्षक भोजपुर को दे दी गई है। मशीन के ठीक होते हीं लोगों को यह सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

# विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से मजदूर घायल

**दैनिक समाज जागरण विकास सिंह आरा भोजपुर**

भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव में गुरुवार की सुबह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक मजदूर घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायल युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी नंद किशोर सिंह का 40 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है एवं वह पैसे से मजदूर है। इधर राकेश कुमार ने बताया कि वह गांव में ही स्थित डेयरी फार्म में काम करता है। गुरुवार की सुबह वह गाड़ी पर डेरी फार्म का दूध लोड कर रहा था। जहां जमीन पर पहले से बिजली का तार टूट कर गिरा पड़ा था। दूध गाड़ी पर लोड करने के दौरान उसका पैर उसी विद्युत प्रवाहित तार पर पड़ गया। जिसके कारण वह करंट की चपेट में आ गया और घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

# दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरण का हुआ वितरण

**दैनिक समाज जागरण से सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के अनुमंडल मुख्यालय स्थित नगर भवन सभागार में गुरुवार को आयोजित एक शिविर में दिव्यांग जनों के बीच ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी जैसे सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ सुनील कुमार गौतम, प्रखंड प्रमुख शमीमा बेगम और उप प्रमुख अरुण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद बीडीओ ने सहयक उपकरणों के वितरण की शुरूआत की। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गाँवों से काफी संख्या में दिव्यांग सहायक उपकरणों की आस में पहुंचे थे। शिविर में 75 दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, 30 दिव्यांगों को व्हील चेयर, 40 दिव्यांगों को



बैसाखी और छड़ी दिया गया। इसके अलावा कई दिव्यांगों को श्रवण यंत्र भी दिया गया। इस मौके पर बोलते हुए बीडीओ सुनील कुमार गौतम ने कहा कि सरकार दिव्यांगों को मुख्य धारा में शामिल करने और उनको सहायक उपकरण उपलब्ध कराने से लेकर उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन योजनाओं का लाभ भी हर दिव्यांग तक पहुंचाने का प्रयास सरकार और प्रसाशनिक स्तर पर किया जा रहा है। बीडीओ ने जन प्रतिनिधियों से भी सरकार प्रदत योजनाओं का लाभ प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति तक पहुंचाने में अपना सहयोग करने की अपील किया। कार्यक्रम में जन सेवक अजय सिंह, मार्कण्डेय शर्मा के अलावा दर्जनों कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# जिमुत्वाहन पूजनोत्सव को ले निकाली कलश यात्रा

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 05 अक्टूबर**

जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी गाँव स्थित पासवान टोले में आयोजित तीन दिवसीय जिमुत्वाहन पूजनोत्सव को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिमुत्वाहन पूजा समिति के तत्वावधान में निकाली गई कलश



शोभायात्रा में 501 कन्याओं एवं श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा दुल्लीपट्टी पंचायत के मेघवाड़ी स्थित पौराणिक ददरी क्षेत्र में कलश भरने के साथ प्रारंभ होकर पासवान टोल स्थित जिमुत्वाहन पूजनोत्सव पण्डाल में आकर पूर्ण हुई। पण्डितों के मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से कलश स्थापना के साथ ही तीन दिवसीय जिमुत्वाहन पूजनोत्सव प्रारंभ हुआ। पासवान टोल स्थित पण्डाल में जिमुत्वाहन सहित अनेक देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई है। आयोजकों ने बताया कि बिते चार वर्षों से जिमुत्वाहन पूजनोत्सव समिति द्वारा लगातार जिमुत्वाहन पूजनोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मिथिला में पुत्रवती महिलाएं अपने पुत्र की आयु अक्षुण्ण रखने और पुत्र पर आने वाले किसी भी संकट से बचाने के लिए जिमुत्वाहन का अखण्ड व्रत रखती हैं। पासवान टोल स्थित जिमुत्वाहन पूजनोत्सव पण्डाल में दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पूजनोत्सव संपन्न कराने को लेकर जिमुत्वाहन पूजनोत्सव समिति का गठन किया गया है।

# पालीगंज में मुखियासंघ की हुई बैठक

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र के बाली पाकड़ मोड़ स्थित शबरी भवन में अपनी मांगों पर चर्चा के लिए बैठक किया। जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता पालीगंज प्रखण्ड मुखिया संघ के अध्यक्ष आनन्द कुमार यादव ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय भूषण ने कहा कि हमसभी को अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते हुए आंदोलन करने की जरूरत है। वही बैठक के दौरान सभी लोगो ने एकजुट होकर आगामी 10 अक्टूबर को बिहार विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया। मौके पर मुखिया संघ के पालीगंज प्रखण्ड अध्यक्ष आनंद कुमार यादव, मुखिया निकेश कुमार, गुड्डु कुमार, पप्पू कुमार, रेयासत हुसैन, ममता कुमारी, ज्ञान वर्धन शर्मा, सुबैदा खातून, नीरा देवी, दशरथ राम, सरोज कुमार, आशा देवी, मीरा देवी, दुखनी देवी, दीपू कुमार, कंचनमाला व अनिशा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बुढागंज चक्करमाड़ी गांव में आधी सड़क व पुल के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी, बीडीओ ने दिया कार्रवाई का आश्वासन।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : दैनिक समाज जागरण**

खोरीबाड़ी : खोरीबाड़ी के बुढागंज ग्राम पंचायत अंतर्गत चक्करमाड़ी संसद में ग्राम पंचायत की राशि के दुरुपयोग की शिकायत से स्थानीय निवासी नाराज हैं। ग्राम पंचायत में फंड से गांव की मुख्य सड़क पर पुल और पक्की सड़क बनाने की योजना थी, लेकिन कोई भी काम पूरा नहीं हुआ, पुल और सड़क का काम 1 साल से आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसके कारण स्थानीय स्कूली छात्रों समेत लोगों को नदी पार कर आवाजाही करनी पड़ती है। गांव



में एंबुलेंस नहीं आ रही है और स्थानीय लोग परेशान हैं। इस संदर्भ में स्थानीय निवासियों ने कहा, हमें लंबे समय से आवागमन की समस्या थी, इसलिए हमने विकास के लिए तृणमूल कांग्रेस का समर्थन किया। हालाँकि, बात सिर्फ आश्वासन मिलने की नहीं है। उक्त पुल के अभाव में कभी भी खतरा होने की संभावना रहती है, समस्या का समाधान जल्द से जल्द होना चाहिए। दूसरी ओर, भाजयुमो सिलीगुड़ी जिला सचिव मनीषा सरकार ने कहा तृणमूल कांग्रेस पार्टी के कारण पूरे राज्य में लोग उनके कारण परेशान हैं। इसी तरह चक्करमाड़ी गांव में आधी सड़क और आधा पुल का निर्माण कर छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।बुढागंज ग्राम पंचायत की प्रधान अनिता राय ने कहा, "यह पुल पिछले बोर्ड का काम है। पुल बनाने के लिए हमें बहुत पैसे की जरूरत है। हम इसे ग्राम पंचायत के फंड से नहीं बना सकते। मामले की जानकारी महकमा परिषद के अधिकारियों को दिया गया है। सड़क के मुद्दे पर उन्होंने कहा, पुल का काम हो जायेगा तो सड़क बन जायेगी। हालांकि, खोरीबारी बीडीओ निरंजन बर्मन ने बुढागंज ग्राम पंचायत के प्रधान से बात कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी सेंगल अभियान जिला समिति की ओर से आमसभा का आयोजन।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : दैनिक समाज जागरण**

खोरीबाड़ी : सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासी सेंगल अभियान जिला समिति की ओर से गुरुवार को खोरीबाड़ी के बुरागंज रामभोला हिंदी प्राथमिक विद्यालय में आमसभा हुई। आदिवासी सेंगल अभियान राष्ट्रीय कमिटी अध्यक्ष सालखन मुर्मू, उत्तर बंगाल जोनल प्रमुख महन हाजदा, जिला सभापति रेणुका मार्डी, उपाध्यक्ष सोम टुडू, खोरीबाड़ी प्रखंड अध्यक्ष



मसाई हेम्ब्रम सहित अन्य लोग मौजूद थे। आदिवासी सेंगल अभियान राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा आदिवासी सेंगल अभियान में हम 7 राज्यों में काम कर रहे हैं। आदिवासी हिंदू - मुस्लिम - ईसाई नहीं हैं, हम प्रकृति की पूजा करते हैं।8 नवंबर को झारखंड के रांची में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 7 राज्यों के लोग एकजुट होंगे।

# अपराध स्थल की जांच में फोटोग्राफी की महत्वपूर्ण भूमिका अदृश्य सुरागों का अनावरण: कैसे फोटोग्राफी न्याय को आकार देती है

अपराध स्थल की जांच की भूलभुलैया वाली दुनिया में, जहां हर विवरण मायने रखता है और सच्चाई अक्सर छाया में छिप जाती है, एक मूक लेकिन शक्तिशाली सहयोगी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है - फोटोग्राफी। यह केवल एक क्षण को कैद करने के बारे में नहीं है; यह समय को स्थिर रखने, सबूतों को संरक्षित करने और अपराध दृश्यों के रहस्यमय दायरे में एक स्पष्ट खिड़की प्रदान करने के बारे में है। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ती है और जांच तकनीकें विकसित होती हैं, कैमरे का लेंस महज एक उपकरण से कहीं अधिक हो जाता है; यह वह आंख बन जाती है जो अदृश्य को देखती है, वह महत्वपूर्ण कड़ी जो साक्ष्य को न्याय से जोड़ती है। इस अन्वेषण में, हम मामले की गहराई में उतरते हैं, अपराध स्थल की फोटोग्राफी के गहरे प्रभाव और जटिल कलात्मकता को उजागर करते हैं।

फोरेंसिक फोटोग्राफी का जन्मः एक ऐतिहासिक प्रस्तावना

अपराध स्थल फोटोग्राफी के समकालीन महत्व को समझने के लिए, इसके मूल पर नजर डालना आवश्यक है। फोरेंसिक विज्ञान के इतिहास में एक अग्रणी फ्रांसीसी अपराधविज्ञानी अल्फोंस बर्टिलन का नाम सामने आता है, जिन्होंने 19वीं सदी के अंत में आपराधिक जांच में मानकीकृत तस्वीरों के महत्व को पहचाना था। एंथ्रोपोमेट्री, शरीर माप की एक प्रणाली, तस्वीरों के साथ उनके अभिनव उपयोग ने आधुनिक फोरेंसिक फोटोग्राफी की नींव रखी। क्रांतिकारी अवधारणा जल्द ही दुनिया भर में फैल गई, जिसने जांच तकनीकों को आकार दिया और अपराधों को सुलझाने के तरीके को बदल दिया।

अपराध स्थल फोटोग्राफी की कला और विज्ञान

21वीं सदी में, अपराध स्थल फोटोग्राफी ने अपनी प्रारंभिक बाधाओं को पार कर लिया है, कला और विज्ञान के एक परिष्कृत मिश्रण में बदल गया है। आज के फोरेंसिक फोटोग्राफर सिर्फ बटन दबाने वाले नहीं हैं; वे प्रकाश, कोण और संरचना की जटिल समझ से लैस कुशल तकनीशियन हैं। वे कलाकारों की तरह अपराध दृश्यों को नेविगेट करते हैं, सही फ्रेम की तलाश करते हैं जो अपराध के सार को पकड़ लेता है - सूक्ष्म चोट, गप्पी फिंगरप्रिंट, अनदेखा फाइबर। अराजकता की भूलभुलैया में, वे पैटर्न ढूंढते हैं; निराशा के बीच में, वे आशा को रोशन करते हैं

इसके अलावा, डिजिटल प्रौद्योगिकी के एकीकरण ने इस क्षेत्र में क्रांति ला दी है। उच्च-रिजॉल्यूशन वाले कैमरे, ड्रोन, 3डी इमेजिंग और संवर्धित वास्तविकता - ये आधुनिक फोरेंसिक फोटोग्राफर के उपकरण हैं। इन प्रगतियों के साथ, जांचकर्ता एक आभासी दायरे में अपराध दृश्यों का पुनर्निर्माण कर सकते हैं, जिससे घटनाओं का गहन विश्लेषण और समझ संभव हो सकेगी। कलात्मकता और प्रौद्योगिकी के इस सम्मेलन ने अपराध स्थल की फोटोग्राफी को सटीकता और विस्तार के अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ा दिया है।

मूक गवाहीः स्पष्ट से परे सुराग पकड़ना

एक अपराध स्थल एक कहानी कहता है - घटनाओं, उद्देश्यों और भावनाओं की कहानी। हालाँकि, कथा हमेशा स्पष्ट नहीं होती है; अक्सर, यह छोटी-छोटी बातों में, प्रतीत होने वाले अप्रासंगिक विवरणों में निहित होता है जो अप्रशिक्षित आंखों से दूर हो जाते हैं। यहां, फोटोग्राफी कहानीकार बन जाती है, जो उन मूक गवाहियों को पकड़ लेती है जो कानून की अदालत में बहुत कुछ कहती हैं।

एक सामान्य प्रतीत होने वाले कमरे पर विचार करें: एक चोरी का दृश्य। अप्रशिक्षित आंखों के लिए, यह उलटे फर्नीचर और बिखरे हुए सामान के साथ अस्त-व्यस्त लग सकता है। हालाँकि, एक फोरेंसिक फोटोग्राफर के लेंस के माध्यम से, यह अराजकता एक संरचित कथा में बदल जाती है। प्रत्येक विस्थापित वस्तु, प्रत्येक धब्बेदार फिंगरप्रिंट, प्रत्येक टूटा हुआ ताला - वे पहेली के टुकड़े हैं। सावधानीपूर्वक ध्यान देने से, फोटोग्राफर इन विवरणों को अमर कर देते हैं, और उन्हें अपराध के डिजिटल पदचिह्नों के रूप में संरक्षित करते हैं। यह विस्तार पर ध्यान है जो अक्सर ठंडे मामले और सुलझे हुए मामले के बीच अंतर करता है।

हिरासत की श्रृंखला का संरक्षणः कानूनी निहितार्थ

न्याय की खोज में, साक्ष्य की अखंडता पवित्र है। हिरासत की श्रृंखला में कोई भी टूट-फूट पूरे मामले को खतरे में डाल सकती है, जिससे बरी हो सकते हैं और न्याय की हानि हो सकती है। अपराध स्थल की फोटोग्राफी इस श्रृंखला को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, एक दृश्य रिकॉर्ड प्रदान करती है जो अदालत कक्ष में जांच का सामना कर सकती है।

जब एक फोरेंसिक फोटोग्राफर एक छवि खींचता है, तो वे केवल एक तस्वीर नहीं ले रहे होते हैं; वे एक कानूनी दस्तावेज बना रहे हैं. प्रत्येक तस्वीर एक टाइमस्टैम्प्ड, अकाट्य साक्ष्य है, जो अदालत में स्वीकार्य है। ये दृश्य रिकॉर्ड मानव स्मृति की भ्रांति के प्रति संवेदनशील नहीं हैं; वे दृढ़, अडिग और निष्पक्ष हैं। अदालत कक्ष में, वे जूरी की आंखें बन जाते हैं, जिससे उन्हें अपराध स्थल पर नजर डालने, सबूतों को प्रत्यक्ष रूप से देखने की अनुमति मिलती है।

उभरती चुनौतियाँ और नैतिक विचार

हालाँकि, एक फोरेंसिक फोटोग्राफर का मार्ग बाधाओं से रहित नहीं है।

इस क्षेत्र में नैतिक विचार बड़े पैमाने पर हैं। अपराध दृश्यों की ग्राफिक प्रकृति दस्तावेजीकरण और मृतक के सम्मान के बीच एक नाजुक संतुलन की मांग करती है। इसके लिए सहानुभूति, संवेदनशीलता और सत्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की



**डॉ . अंजनी कुमार**
**साइबर एवं डिजिटल फोरेंसिक विशेषज्ञ**

आवश्यकता होती है। इसके अलावा, डिजिटल युग प्रामाणिकता और हेरफेर की चुनौतियों को सामने लाता है। परिष्कृत संपादन उपकरणों के आगमन के साथ, फोटोग्राफिक साक्ष्य की सत्यता पर सवाल उठाया जा सकता है। डीपफेक और छवि हेरफेर के युग में छवियों की अखंडता सुनिश्चित करना फोरेंसिक फोटोग्राफरों और कानूनी प्रणाली दोनों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है।

न्याय के भावी संरक्षकों को प्रशिक्षण देना

अपराध स्थल फोटोग्राफरों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, कानून प्रवर्तन एजेंसियां और शैक्षणिक संस्थान व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश कर रहे हैं। ये कार्यक्रम तकनीकी कौशल से परे हैं; वे उभरते फोरेंसिक फोटोग्राफरों में नैतिकता, सहानुभूति और जिम्मेदारी की गहरी भावना पैदा करते हैं। न्याय के भावी संरक्षकों को न केवल तस्वीरें खींचने के लिए तैयार किया जा रहा है, बल्कि यह समझने के लिए भी तैयार किया जा रहा है कि उनके काम का लोगों के जीवन और समाज पर कितना गहरा प्रभाव पड़ता है।

न्याय के पहिये में एक महत्वपूर्ण पेंच

अपराध स्थल की जांच की जटिल मशीनरी में, जहां विज्ञान कला से मिलता है, और सत्य अंधेरे से लड़ता है, अपराध स्थल की फोटोग्राफी एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में खड़ी है। यह एक मूक, अडिग शक्ति है जो न्याय के मार्ग को आकार देती है। कैमरे के लेंस के माध्यम से, अदृश्य दृश्यमान हो जाता है, अस्पष्ट स्पष्ट हो जाता है, और सत्य को अपनी आवाज मिल जाती है।

जैसा कि हम प्रौद्योगिकी में प्रगति और फोरेंसिक फोटोग्राफरों की कलात्मकता पर आश्चर्यचकित हैं, आइए हम उनके काम के गहन महत्व को न भूलें। हर तस्वीर के पीछे एक कहानी है - नुकसान की, अन्याय की, बंद होने की उम्मीद की कहानी। न्याय की भव्य टेपेस्ट्री में, अपराध स्थल की फोटोग्राफी सच्चाई के धागों को बुनती है, यह सुनिश्चित करती है कि सबसे जघन्य अपराधों के बावजूद भी न्याय कायम रहे।

अपराध स्थल से परेः जांच और समाज पर प्रभाव

अपराध स्थल की फोटोग्राफी का प्रभाव जांच की सीमाओं को पार कर समाज के ताने-बाने में घुस जाता है। जब किसी अपराध का समाधान हो जाता है, जब न्याय मिल जाता है, तो इसकी गूंज अदालत कक्ष से कहीं दूर तक सुनाई देती है। यह कानूनी प्रणाली में विश्वास पैदा करता है, इस विश्वास को मजबूत करता है कि सत्य की जीत हो सकती है। अपराध स्थल के फोटोग्राफर, अपने सावधानीपूर्वक काम के माध्यम से, पीड़ितों के परिवारों को सांत्वना देते हैं, समुदायों को बंद करते हैं, और संभावित गलत काम करने वालों को एक शानदार संदेश भेजते हैं - कि उनके कार्यों पर किसी का ध्यान नहीं जाएगा या उन्हें दंडित नहीं किया जाएगा।

इसके अलावा, अपराध स्थल की फोटोग्राफी से प्राप्त सबक समाज के अन्य क्षेत्रों तक विस्तारित होते हैं। शैक्षणिक संस्थान इन अंतर्दृष्टियों को पाठ्यक्रम विकसित करने, वैज्ञानिकों, जांचकर्ताओं और फोटोग्राफरों की अगली पीढ़ी का पोषण करने के लिए नियोजित करते हैं। वास्तविक जीवन की फोरेंसिक प्रक्रियाओं से प्रेरित वृत्तचित्र और लोकप्रिय अपराध-सुलझाने वाली टेलीविजन श्रृंखला, न केवल मनोरंजन करती हैं बल्कि लाखों लोगों को शिक्षित भी करती हैं, और अपराध स्थल की जांच की जटिल कला को उजागर करती हैं।

वैश्विक सहयोगः ज्ञान साझा करना, न्याय बढ़ाना

वैश्वीकरण के युग में, अपराध अक्सर सीमाओं को पार कर जाते हैं। जटिल आपराधिक मामलों को सुलझाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान साझा करना अनिवार्य हो गया है। अपराध स्थल के फोटोग्राफर भौगोलिक सीमाओं तक सीमित न होकर, न्याय के दूत के रूप में कार्य करते हैं। उनका काम एक सार्वभौमिक भाषा बोलता है, जिसे सभी महाद्वीपों के जांचकर्ता समझते हैं। फोरम, सम्मेलन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे विविध पृष्ठभूमि के पेशेवरों को एक-दूसरे से सीखने, अपनी कार्यप्रणाली को समृद्ध करने और अपने कौशल को तेज करने की अनुमति मिलती है।

भविष्यः तकनीकी चमत्कार और नैतिक सीमाएँ

अपराध स्थल फोटोग्राफी का भविष्य समान माप में आकर्षक वादे और कठिन चुनौतियाँ रखता है। एआई-संचालित छवि विश्लेषण, संवर्धित वास्तविकता और आभासी अपराध दृश्य पुनर्निर्माण जैसे तकनीकी चमत्कार परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं। ये प्रगति अभूतपूर्व दक्षता, सटीकता और विश्लेषण की गहराई का वादा करती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एल्गोरिदम बड़ी मात्रा में छवियों को छांट सकता है, उन पैटर्न और विसंगतियों की पहचान कर सकता है जो मानव आंखों से बच सकते हैं, जांच में तेजी ला सकते हैं और मानवीय त्रुटि को कम कर सकते हैं।

हालाँकि, महान शक्ति के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ती है, नैतिक दुविधाएँ सामने आती हैं। गोपनीयता, सहमति और उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक उपयोग के बारे में प्रश्न क्षितिज पर मंडरा रहे हैं। इन नवाचारों की क्षमता का दोहन और व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना एक विकट चुनौती है। यह सुनिश्चित करने के लिए नैतिक दिशानिर्देश और कड़े नियम आवश्यक हैं कि अपराध स्थल की फोटोग्राफी का विकास निष्पक्षता, न्याय और मानवाधिकार के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित हो।

निष्कर्षः अपराध स्थल फोटोग्राफी की स्थायी विरासत अपराध और न्याय की लगातार विकसित हो रही गाथा में, अपराध स्थल की फोटोग्राफी एक स्थिर प्रकाशस्तंभ बनी हुई है, जो जांचकर्ताओं और पूरे समाज के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। अतीत की अल्पविकसित विधियों से लेकर वर्तमान की परिष्कृत तकनीकों तक इसका विकास न केवल तकनीकी प्रगति का प्रतीक है, बल्कि सत्य की खोज के लिए अनगिनत पेशेवरों के अटूट समर्पण का भी प्रतीक है।

जैसे-जैसे हम आधुनिक दुनिया की जटिलताओं से जूझते हैं, जहां अपराध नए रूप धारण करता है और न्याय की हमारी समझ को चुनौती देता है, अपराध स्थल फोटोग्राफी की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण हो जाती है। यह मानवीय सरलता, लचीलेपन और सत्य की शक्ति में विश्वास करने वालों की अडिग भावना का प्रमाण है।

अंत में, अपराध स्थल की फोटोग्राफी केवल तस्वीरें खींचने के बारे में नहीं है; यह न्याय पर कब्जा करने के बारे में है। यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि प्रत्येक पीड़ित की कहानी सुनी जाए, प्रत्येक अपराधी को जवाबदेह ठहराया जाए, और प्रत्येक समाज को उपचार करने की शक्ति मिले। कैमरे के लेंस के माध्यम से, अदृश्य दृश्यमान हो जाता है, और उस दृश्यता में, हम सभी के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और सुरक्षित दुनिया का वादा निहित है।

# व्हाट्सएप पर सामूहिक सेल्फी व हाजिरी रजिस्टर मंगाना निजता का हनन - दिपक पासवान।

## *जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश को रद्द करवाने हेतु सांसद से शिक्षक संघ का अनुरोध।*

दैनिक जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)

किशनगंज जिला के सभी सरकारी प्रारम्भिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विद्यालयों में ससमय नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से सभी प्रखंड के अलग-अलग व्हाट्सएप समूह में शिक्षक-शिक्षिकाओं का सामूहिक सेल्फी और हाजिरी रजिस्टर रोजाना विद्यालय खुलने के समय से 10 मिनट बाद 09:10 बजे पूर्वाह्न तक भेजना अनिवार्य है। यह आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी किशनगंज द्वारा निर्गत है।

उक्त आदेश पर गहरा रोष जताते हुए दिपक कुमार पासवान,जिला अध्यक्ष, शिक्षक संघ बिहार का किशनगंज इकाई, ने निजता का हनन का मुद्दा उठाते हुए मो जावेद आजाद, सांसद, किशनगंज लोक सभा क्षेत्र को ज्ञापन सौंपकर इस आदेश को रद्द करवाने का मांग किया है।

सांसद को सौंपे गये ज्ञापन में अंकित किया गया है कि हाजिरी रजिस्टर में शिक्षक-शिक्षिकाओं के हस्ताक्षर अंकित रहते हैं व इनमें से कई का हस्ताक्षर बिल्कुल वही है जो उनके बैंक खाता में है। व्हाट्सएप पर भेजे जा रहे हाजिरी रजिस्टर और सामूहिक सेल्फी को जबतब सोशल मीडिया पर वायरल किया जाता रहा



है। इससे उन शिक्षक-शिक्षिकाओं जिनका हस्ताक्षर हाजिरी रजिस्टर और बैंक खाता में एक समान है, को रोजाना किसी न किसी बैंक फजीर्वाड़े की चिन्ता सताती रहती है। श्री पासवान ने अपने ज्ञापन में अंकित किया है कि चूंकि शिक्षक पदों पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी नियुक्त हैं, के कारण उनके सामूहिक सेल्फी में एडिटिंग कर कभी भी किसी असामाजिक तत्वों द्वारा उनके तस्वीरों के संग छेड़छाड़ की जा सकती है जो किसी बड़े दुर्घटना का जनक साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति घटित होने पर पीड़ित होने वाली शिक्षिका का जीवन जीना दूभर हो सकता है।

क्या है निजता का अधिकार :- भारतीय संविधान में किसी भी समर्पित अनुच्छेद की अनुपस्थिति के बावजूद, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के दायरे को बढ़ा दिया है और माना है कि निजता का अधिकार भी एक मौलिक अधिकार है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 बताता है- जीवन का अधिकार

व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार

इस अनुच्छेद के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति - नागरिकों और गैर-नागरिकों को जीने का अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार है। भारतीय दंड संहिता द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अलावा राज्य किसी भी व्यक्ति को इन दोनों अधिकारों से वंचित नहीं कर सकता ।

आधुनिक संदर्भ में गोपनीयता इलेक्ट्रॉनिक संचार में गोपनीयता और ऐसी गतिविधियों के माध्यम से उत्पन्न होने वाले व्यक्तिगत डेटा के बारे में है। व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 का उद्देश्य इंटरनेट प्लेटफार्मों की डेटा प्रोसेसिंग गतिविधियों को स्थानीय बनाना है, जो यूरोप में जीडीपीआर कानून के समान है। इस बिल से 'डेटा फिड्यूशियरी' की अवधारणा सामने आई है. डेटा फि डुशियरी वह है जो डेटा एकत्र करता है (जैसे Google)। इसे यह स्थापित करने की आवश्यकता है कि किसी का व्यक्तिगत डेटा एकत्र करना क्यों आवश्यक है (उदाहरण के लिए - व्यक्ति को ऑनलाइन सेवा के लिए साइन अप करने में सक्षम बनाना)। व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए प्रत्ययी को पारदर्शिता और आवश्यक एन्क्रिप्शन सिस्टम बनाए रखने की आवश्यकता है।

शिक्षक संघ, बिहार के किशनगंज इकाई के जिला अध्यक्ष ने उम्मीद जताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की प्रस्तावित बैठक में सासंद महोदय द्वारा इस मांग को रखा जा सकेगा ताकि सम्यक विचारोपरांत नियमानुकूल निर्णय जारी करने के पक्ष में प्रस्ताव पारित हो सके।

# सागर परिक्रमा एक आउटरीच कार्यक्रम है, इसका उद्देश्य देश के संपूर्ण तटीय क्षेत्र में मछुआरा समुदाय तक पहुंचना है

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परषोत्तम रूपाला, राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के साथ 7 अक्टूबर, 2023 को तमिलनाडु के रामनाड जिले के थोंडी में सागर परिक्रमा चरण-क का शुभारंभ करेंगे। दोनों केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति तमिलनाडु के आठ तटीय जिलों पुदुक्कोट्टई, तंजावुर, नागापट्टिनम, मयिलादुथुराई, कुड्डालोर, विलुप्पुरम, चेंगलपट्ट, चेन्नई और करा-ईकल तथा पुडुचेरी में कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

सागर परिकामा चरण-क की यात्रा के दौरान श्री परषोत्तम रूपाला, डॉ. एल. मुरुगन के साथ मछुआरों से बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई), मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआईडीएफ), किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) तथा मछुआरों और लाभार्थियों के लिए राज्य की योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र/स्वीकृतियां भी वितरित करेंगे।

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परषोत्तम रूपाला और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दोनों मंत्री 07.10.2023 को नागापट्टिनम फिशिंग हार्बर, 08.10.2023 को पूम्पुहार फिशिंग हार्बर और कुड्डालोर फिशिंग हार्बर में आयोजित समारोहों में भी शामिल होंगे। परिक्रमा के दौरान, जागरूकता और लाभ के लिए योजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएमएमएसवाई योजना, राज्य योजनाओं, ई-श्रम, एफआईडीएफ, केसीसी पर साहित्य भी व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा। सागर परिक्रमा एक आउटरीच कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य देश के संपूर्ण तटीय क्षेत्र में मछुआरा समुदाय तक पहुंचना है। यह पहल मछुआरों की समस्याओं, अनुभवों और आकांक्षाओं को समझने तथा तटीय क्षेत्रों में मछुआरों के लिए उपलब्ध सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रारंभ की गई है। सागर परिक्रमा चरण-क में तमिलनाडु और पुडुचेरी के मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी, जिला अधिकारी, भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, भारतीय तट रक्षक, भारतीय मत्स्य सर्वेक्षण, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी एवं प्रशिक्षण, केंद्रीय मत्स्य पालन नौटिकल एवं इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारी भी भाग लेंगे। मछुआरे, मछुआरों के प्रतिनिधि, मछली-किसान, उद्यमी, मछुआरा सहकारी समिति के नेता, पेशेवर, वैज्ञानिक और अन्य हितधारक तमिलनाडु के थोंडी, रामनाड जिले से चेन्नई और पुडुचेरी सहित अन्य जिलों से गुजरते हुए सागर परिक्रमा की यात्रा में विभिन्न कार्यक्रमों और बातचीत में शामिल होंगे। केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में तालाबों और टैंकों के रूप में 1400 हेक्टेयर अंतर्देशीय जल क्षेत्र है जो मत्स्य पालन और संवर्धन दोनों के लिए उपयुक्त है। खारा जल झींगा पालन के लिए 800 हेक्टेयर खारा जल क्षेत्र उपलब्ध है।

# तीस्ता ने मचाई तबाही, तीस्ता बाजार इलाके की तस्वीर देखकर आंखों में आ जाएंगे आंसू

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):**

सिक्किम में मंगलवार देर रात बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने की वजह से कई घर और दुकानें नदी के गर्भ में समा गई है। तीस्ता बाजार इलाके के निवासी अब भी डरे हुए हैं। तीस्ता बाजार के पास पानी बढ़ने से एक-एक कर दुकानें और घर तीस्ता में डूब गए। अचानक पानी बढ़ने के कारण निवासी अपना कोई भी सामान बाहर नहीं निकाल सके।

तीस्ता बाजार के पास एक राहत शिविर बनाया गया है। वहां बहुत सारे निवासी रूके हुए है। अब निवासी सोच रहे हैं कि वे अपना परिवार कैसे चलाएंगे। वे दुकानें बेचकर अपना परिवार चलाते थे। लेकिन वे दुकानें भी तीस्ता नदी में बह गईं है। इसके अलावा तीस्ता में कई वाहनें भी बह गई है। इलाके के कई दो मंजिला घरों में भी तीस्ता का मिट्टी घुस गया है। निवासी वहां से मिट्टी हटाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कोई नहीं जानता कि स्थिति कब सामान्य होगी।



**दूसरी ओर सिक्किम में चारों ओर मलबे का ढेर, 22 जवान अब भी लापता, बचाव अभियान जारी**

उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर अचानक बादल फटने के बाद लाचेन घाटी में बहने वाली तीस्ता नदी मे अचानक आई बाढ़ आ गई। इसकी वजह से सेना के 22 जवान इस बाढ़ में लापता हो गए। सेना के लापता 22 जवानों की तलाश और बचाव अभियान जारी है।

शुरूआती 23 लापता जवानों में से एक जवान 4 अक्टूबर की शाम को ही सही सलामत मिल गया था। इस बीच त्रिशक्ति कर्पस की ओर से उत्तरी सिक्किम के चुंगथांग, लाचुंग और लाचेन इलाके में फंसे निवासियों और पर्यटकों को चिकित्सा सहायता और टेलीफोन कनेक्टिविटी प्रदान किया जा रहा है।

सिंहथाम के पास बरदांग में मलबे में फंसे वाहनों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।अब तीस्ता नदी के निचले इलाके में लापता लोगों की तलाश की जा रही है। लापता लोगों के परिजनों से संपर्क कर पूरी स्थिति की जानकारी दे दी गयी है।सिक्किम और उत्तरी बंगाल में तैनात अन्य सभी भारतीय सेना के जवान सुरक्षित हैं। लेकिन मोबाइल नेटवर्क की कमी के कारण अपने परिवारों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि, इस मुद्दे को हल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# हबों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान साइबर भौतिक प्रणालियों को सेंसर, संचार को बढ़ावा देने वाले नए कार्यक्षेत्रों में रूपांतरित कर सकता है: विशेषज्ञ

कानपुर में साइबर-भौतिक प्रणालियों में प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण (टीआईपीएस) पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने रेखांकित किया कि उद्योग और समाज में साइबर भौतिक प्रणालियों का अनुप्रयोग प्रौद्योगिकी को नए कार्य क्षेत्रों में रूपांतरित कर सकता है, सेंसर और संचार जैसे क्षेत्रों में इसके उपयोग में सहायता कर सकता है और हब सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करके और एक-दूसरे से सीखकर ये बदलाव ला सकते हैं।

नीति आयोग के विज्ञान के सदस्य डॉ वी.के. सारस्वत ने उद्योग 4.0 और समाज 5.0 से आगे की साइबर भौतिक प्रणालियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा ह्यदि दोनों को मिला दिया जाए, तो साइबर भौतिक प्रणालियां साइबर सोशल सिस्टम, साइबर बायोलॉजिकल सिस्टम और साइबर एंटरप्राइजेज सिस्टम जैसे नए क्षेत्रों में रूपांतरित हो सकते हैं। ऐसी सभी प्रणालियों में सामान्य तत्व सेंसर, संचार और एल्गोरिदम हैं और हबों को इन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

हबों के कार्य और उनमें महिलाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए, डॉ. सारस्वत ने एनएम-आईसीपीएस मिशन कार्यालय, इसकी विशेषज्ञ समिति के सदस्य और टीआईएच के बीच प्रत्यक्ष परस्पर संपर्क को सुगम बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हुए रेखांकित किया कि इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए साइबर फिजिकल सिस्टम और उसके रूपांतरण पर अनुसंधान और विकास मिशन मोड में होना चाहिए।

भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा नेशनल मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (एनएम-आईसीपीएस) के तहत साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (टीआईपीएस) में प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण पर तीसरी राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 5 से 6 अक्टूबर, 2023 तक किया जा रहा है और इसकी मेजबानी आईआईटी, कानपुर



में एक साइबर सुरक्षा टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब द्वारा की जा रही है।

एनएम-आईसीपीएस के मिशन गवर्निंग बॉडी (एमजीबी) के अध्यक्ष डॉ. क्रिस गोपालकृष्णन ने बताया कि अनुसंधान को ऐसी तकनीक तैयार करनी चाहिए जो समाज में प्रभाव डाल सके और जिसका व्यावसायीकरण भी किया जा सके।

उन्होंने जोर देकर कहा, "इसके अतिरिक्त, जो अर्जित किया जाना है उसकी रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए विविध राजस्व धाराओं के माध्यम से हब कार्यकलापों की निर्वहनीयता सुनिश्चित की जानी चाहिए।"

डीएसटी के वरिष्ठ सलाहकार और एसईआरबी के सचिव डॉ. अखिलेश गुप्ता ने विस्तार पूर्वक बताया कि एनएम-आईसीपीएस मिशन के माध्यम से 550 प्रौद्योगिकियों का निर्माण हुआ है, 12,000 रोजगार सृजित हुए हैं, 100 गठबंधन किए गए हैं, जबकि इससे 1400 प्रकाशन और 50,000 प्रशिक्षित जनशक्ति का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा ह्लसमेकन और युक्तिकरण की आवश्यकता है। इस दिशा में हमने जो पहला कदम उठाया है, वह इस कार्यशाला को 5 विषयगत क्षेत्रों झ्र अवसंरचना, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा और पर्यावरण के साथ आयोजित करना है।"

गणमान्य व्यक्तियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जिसमें 25 टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (टीआईएच) अपनी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान प्रगति का प्रदर्शन कर रहे हैं।

आईआईटी कानपुर के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर एस. गणेश, डीएसटी के , एनएम-आईसीपीएस की मिशन निदेशक डॉ. एकता कपूर तथा सभी 25 हबों के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (एनएम-आईसीपीएस) पर राष्ट्रीय मिशन को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिसंबर 2018 में पांच साल की अवधि के लिए मंजूरी दी थी। इस मिशन का नेतृत्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा किया जाता है और इसका उद्देश्य अनुसंधान, नवोन्मेषण और सहयोग के माध्यम से भारत में साइबर-फिजिकल सिस्टम (सीपीएस) के क्षेत्र को आगे बढ़ाना है। एनएम-आईसीपीएस कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में, देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में 25 प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण केंद्र (टीआईएच) स्थापित किए गए हैं। ये टीआईएच प्रौद्योगिकी विकास और अनुवाद, मानव संसाधन और कौशल विकास, उद्यमिता और स्टार्ट-अप विकास तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करने के द्वारा मिशन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

*आउटडोर गेम्स बैडमिंटन,बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल बालक एवं बालिका वर्ग में प्रतियोगिता आज से*

*शतरंज ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में खगड़िया के शुभम तो बालिका वर्ग में पूर्णिया की रोशनी कुमारी बनी चैंपियन*

*विजेता एवं उपविजेता खिला-ड़ियों को संजीव सर ने दिया बधाई*

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।** पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में चल रहे शतरंज प्रतियोगिता के ओपन टू ऑल प्रतियोगिता में कुल 22 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स शतरंज प्रतियोगिता पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया के एअर कंडीशन इंडोर हॉल में आज ओपन टू ऑल प्रतियोगिता खेली गई। जिसमें शतरंज ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में खगड़िया के शुभम तो बालिका वर्ग में पूर्णिया की रोशनी कुमारी बनी चैंपियन।विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा सर ने दिया बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए



उनके उज्वल भविष्य की कामना किया। छःअक्टूबर सुबह 8ः 00 बजे से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आउटडोर गेम्स शुरू होने जा रही है। सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शतरंज मैच रेफरी निरोज खान (किशनगंज) एवं अमृत साजन (पूणिया) थे।इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर", आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मो नैयर अली, जितेन्द्र कुमार सिन्हा "गोपी", राजीव कुमार, बब्लू चौधरी , रितेश कुमार झा, चन्दन कुमार, पवन कुमार, ललित कुमार एवं खिलाड़ियों के अभिभावक गण एवं खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

# बीएनएमयू : आर्थिक क्षतिपूर्ति की राशि हेतु पत्र

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा सामान्य पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सभी विद्यार्थियों (छात्र-छात्राओं) तथा सभी कोटि की छात्राओं को स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर नामांकन के समय सभी प्रकार के शुल्क नहीं लिए जाने का निर्णय संसूचित है। विभाग द्वारा शुल्क से सम्बन्धित आर्थिक क्षतिपूर्ति का प्रावधान है। तदनुसार शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय को अविलंब अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ससमय प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

**7 अक्टूबर तक भेजें विवरणी**

कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने सभी प्रधानाचार्यों एवं विभागाध्यक्षों के पत्र प्रेषित किया है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2019-20, 2020-21 2021-22 तथा 2022-23 में नामांकित छात्र-छात्राओं की संख्या तथा शुल्क से सम्बन्धित विवरणी पूर्व प्रेषित प्रपत्र में भरकर अध्यक्ष, छात्र कल्याण



कार्यालय को 7 अक्टूबर, 2023 तक निश्चित रूप से हस्तगत करवायी जाए। निर्धारित समय-सीमा के अन्दर वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में संस्थान आर्थिक क्षतिपूर्ति की राशि से वंचित रहेंगे, जिसकी सारी जवाबदेही संस्था के प्रधान (विभागाध्यक्ष, प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य) की होगी। इसे अतिआवश्यक समझा जाए।

**4 सितंबर को भी भेजा गया था पत्र**

डॉ. शेखर ने बताया कि शिक्षा विभाग के विभागीय संकल्प संख्या-1457 दिनांक 24.07.2015 द्वारा संदर्भ निर्णय संसूचित है और बीएनएमयू में भी इसका अनुपालन किया जा रहा है। इसके संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा लगातार आवश्यक निदेश जारी किए गए हैं। गत 4 सितंबर को भी विश्वविद्यालय अन्तर्गत सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों तथा अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए निदेश का अनुपालन कठोरता से करें तथा किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लें।

# प्रो. अरविंद कुमार यादव बने राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता

*राजद के विचारों तथा सिद्धांतों को शिक्षकों तथा समाज के बीच ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे: प्रो. अरविंद*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**

मधेपुरा प्रखंड के चकला निवासी तथा मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद कुमार यादव को राजद शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश मुख्य प्रवक्ता के पद पर मनोनयन किया गया है। प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव ने राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के द्वारा दो बार प्रदेश महासचिव और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें उक्त पद से नवाजा गया। इधर शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता बनाए जाने पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री लालू प्रसाद यादव जी, पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्रीमती राबड़ी देवी जी, बिहार सरकार के



उपमुख्यमंत्री आदरणीय श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी, राजद के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री जगदानंद सिंह जी, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री कुमार राय जी, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव आदरणीय श्री योगेंद्र प्रसाद यादव जी, युवा राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता, कोसी एमएलसी प्रत्याशी डॉ नितीश कुमार यादव जी का आभार प्रकट करते हुए प्रो.अरविन्द ने कहा कि मैं राजद के विचारों तथा सिद्धांतों को शिक्षकों तथा समाज के बीच ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे साथ ही पार्टी हित में मजबूती के साथ काम करेंगे।

# गर्व की बात है कि नई शिक्षा नीति को बनाई गयी है रोजगारोपरक :डा. पूनम यादव

*छात्र छात्राओं के हित में लागू की गई है नई शिक्षा नीति*

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।** बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति प्रो.(डा.) राजनाथ यादव के निदेशानुसार 5 अक्टूबर 2023 गुरूवार को मधेपुरा कालेज मधेपुरा के शिक्षक प्रकोष्ट में नई शिक्षा नीति आधारित बिषय को लेकर परिचर्चा आयोजित की गयी।परिचर्चा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रिंसिपल डा. पूनम यादव ने की। परिचर्चा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या डा. पूनम यादव ने कहा कि छात्र छात्राओं के हित में नई शिक्षा नीति लागू की गयी है।उन्होंने महाविद्यालय में नामांकित छात्र छात्राओं को निदेशित करते कहा कि नामांकित छात्र छात्राएं अविलंब महाविद्यालय पहुंचकर पठन पाठन में जुट जाएं।जबकि उनके अभिभावकों से आग्रह करते कहा गया कि बच्चों के भविष्य को संवारने खातिर अपने अपने नामांकित बच्चों को अविलंब महाविद्यालय जाने खातिर विशेष पहल शुरू करें।विश्वविद्यालय और महाविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान में सभी नामांकित बच्चों के अभिभावकों की बड़ी भूमिका है। प्रिंसिपल डा. पूनम यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत अब स्नातक पाठ्यक्रम के लिए समेस्टर प्रणाली का प्रावधान निर्धारित किया गया है।प्रति समेस्टर अंतर्गत 6 माह के भीतर ही दो परीक्षा होगी।जबकि प्रति वर्ष दो समेस्टर अंतर्गत चार परीक्षा होगी।उन्होंने जोर देकर कहा कि जो नामांकित छात्र छात्राएं नियमित रूप से महाविद्यालय पहुंचकर क्लास नहीं करेंगे, उन्हें परीक्षा प्रपत्र भरने से वंचित कर दिया जाएगा। महाविद्यालय में पिछले 29 सितम्बर से ही वर्ग आरंभ है।लेकिन अभी भी बहुत अधिक छात्र छात्राएं



महाविद्यालय नहीं आ रहे हैं।जबकि सभी शिक्षक नई तकनीक के साथ छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए तैयार हैं। प्रधानाचार्या डा. पूनम यादव ने कहा कि गर्व की बात है कि नई शिक्षा नीति को रोजगारोपरक बनाई गयी है।इस नीति के तहत बच्चों को यह छूट मिली है कि वे अपनी पसंद का बिषय चुन सकते हैं।ऐसे में वे एक साथ वैश्विक स्तर का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। नई शिक्षा नीति अंतर्गत सेमिनार संगोष्ठी, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है।इस व्यवस्था के लागू होने से छात्र छात्राओं को वैश्विक विकास के पथ पर चलने में मार्ग प्रशस्त करेगा। परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन संयोजक ब्रजेश कुमार मंडल ने किया।कार्यक्रम में उपाचार्य डा. भगवान कुमार मिश्र,प्रो.सच्चिदानंद सचिव, प्रो.मनोज कुमार झा, प्रो.मनोज भटनागर प्रो. अरविन्द कुमार यादव, प्रो. सदानंद यादव, प्रो. विनय कुमार झा, प्रो.विवेकानंद कुमार, डा. कामेश्वर यादव,प्रो.भीम कुमार,प्रो.सत्य नारायण यादव, प्रो.गजेन्द् नारायण यादव, प्रो. सुबोध कुमार, प्रो. अमरेंद्र कुमार अमर, मो.आरिफ हुसैन, प्रो. सोएब आलम,प्रो.रविन्द्र कुमार,प्रो रमेश कुमार,प्रो. रीना कुमारी सहित अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# मिथिला स्टूडेंट यूनियन व दर्जनों सामाजिक संगठनों के बैनर तले पूर्णियां एयरपोर्ट के निमित्त बैठे अनशनकारियों का भूख हड़ताल खत्म

## दिसंबर 24 तक उड़ान सेवा शुरू करवाने का पूर्णियां सांसद ने दिया वचन

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।** विगत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से पूर्णियां के थाना चौक पे मिथिला स्टूडेंट यूनियन व दर्जनों सामाजिक संगठनों के बैनर तले चल रहे जन सत्याग्रह आंदोलन सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का आज समापन हो गया। अनशन के चौथे दिन पूर्णियां सांसद श्री संतोष कुशवाहा जी अनशन स्थल पर पहुंचकर पूर्णियां एयरपोर्ट के निमित्त बैठे अनशनकारियों से व इस अभियान के तमाम समर्थकों और सहयोगी सामाजिक संगठनों से खुले मंच पर तमाम प्रेस और मीडिया कर्मियों व जनमानस के समक्ष इस वर्ष दिसंबर 2023 के अंत तक पूर्णियां एयरपोर्ट से पोर्टा केबिन के तहत हवाई सेवा शुरू करवाने का वचन दिया गया है। और इसके बाद सांसद ने अपने हाथों से जूस पिलाकर इस अनशन में बैठे मिथिला



स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री अविनाश कुमार मिश्र व उनके साथियों को अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। जिसके बाद अंततोगत्वा यह अनशन उसके आश्वासन पर आज समाप्त हो गई। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि पूर्णियां सांसद श्री संतोष कुशवाहा अपने इस बयान पर कितना खड़ा उतर पाते हैं और किस हद तक वो अपने जनता जनार्दन को अपने वचनों और कर्तव्यों का निर्वहन करके संतोष करने में सफल हो पाते हैं। सभी सम्मानित संस्था प्रबुधजनो पत्रकार बंधुओ का हृदय से आभार धन्यवाद।

# नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामला, दोषियों के खिलाफ शिकायत दर्ज

**दैनिक समाज जागरण सुपौल ।**

मेले के दौरान एक नाबालिग लड़की के साथ चार युवकों ने दरिंदगी की घटना सामने आई है। घटना छातापुर थाना क्षेत्र में घटित हुई, जहां पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है। 13 वषीर्या पीड़िता ने बताई कि है जन्माष्टमी मेले को देखने के लिए गई हुई थी। उन्हें मेला देखने के बाद राजकुमार झा , पवन सहनी व अन्य दो युवकों ने जबरदस्ती उठाया और तालाब के किनारे



ले गए, जहां उनके साथ गैंगरेप किया गया। पीड़िता के होश आने पर, उन्होंने घटित घटना की जानकारी दी और परिजनों के साथ छातापुर थाना पहुंची। नामजद राजकुमार झा व पवन सहनी दो दोषियों की पहचान कर ली गई है। इधर महिला थाना अध्यक्ष अंगिसा कुमारी ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए मामले की जांच हो रही है।

# पर्यावरण मित्र अवार्ड से सम्मानित होंगे राजेश शर्मा

**दैनिक समाज जागरण जोगबनी ।**

सीमांचल व इसके सीमावर्ती नेपाल के इलाकों में व्यापक तौर पर पर्यावरण के प्रति पौधारोपण को बढ़ावा देने के साथ ही आम लोगो के बीच पर्यावरण संरक्षण अभियान चला रहे जोगबनी नगर परिषद वार्ड संख्या 27 निवासी श्री शर्मा को पटना में एक कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण मित्र अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा ।इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप में उद्घाटनकर्त्ता जगद्गुरू शंकराचार्य, स्वामी श्री अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज, गोवर्धन पीठ होंगे ।

# संयुक्त निदेशक ने किया कीटनाशी इनपुट डीलरों का 12 दिवसीय एनआईपीएचएम कोर्स का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण अररिया।** जिला कृषि कार्यालय स्थित सभागार में आज आत्मा अररिया के सौजन्य से कीटनाशी इनपुट डीलरों का 12 दिवसीय एनआईपीएचएम कोर्स का उद्घाटन संयुक्त निदेशक, पूर्णिया प्रमंडल पूर्णिया श्री सुदामा महतो और उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण कीटनाशी विक्रेताओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इस प्रशिक्षण में किटनाशी विक्रेताओं को कीट और रोग की पहचान और दवा की सही जानकारी और कितना मात्रा में कौन सा दवा किसानों को प्रयोग करना है इसके बारे में विस्तार से बताया जाएगा। उप परियोजना निदेशक आत्मा अररिया द्वारा इनपुट



डीलरों को संबोधित करते हुए बताया गया कि इस कोर्स के दौरान 06 दिन फील्ड विजिट भी कराया जाएगा, जिसमें बीमारी की पहचान और कीड़ा की पहचान कर सही दवा की जानकारी दी जायेगी। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर संजीत कुमार द्वारा कीटनाशी दवाएं का सही मात्रा के बारे में विस्तार से बताया गया डॉक्टर ए .के. मौर्य द्वारा बीमारी और सूक्ष्म पोषक तत्व के कमी के बीच अंतर को विस्तार से बताया गया। मौके पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सिकटी थाना पुलिस एवम एस एस बी के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 1.85 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण सिकटी।**

सिकटी पुलिस एवं एस एस बी द्वारा 1.85 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि जिले के सिकटी थाना पुलिस एवम एस एस बी के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 1.850 केजी गांजा के साथ 01 तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

# एएनएम की जगह टीकाकरण करने आए पति का ग्रामीणों ने किया विरोध

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत गुरुवार को गोगहरा आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं को एएनएम की जगह टीकाकरण करने आए पति का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया इसकी शिकायत ग्रामीणों ने पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से की।ग्रामीण अमित पटेल,जोखन पटेल, माल साहब, अजय भगत, शैलेंद्र भगत, धर्मेंद्र सिंह आदि ने बताया कि करगहर पीएससी में पदस्थापित एएनएम लीलावती कुमारी सासाराम स्थित एक निजी क्लीनिक में कार्य करती हैं। बीएचएम के मिलीभगत से एएनएम पत्नी के स्थान पर पति काफी दिनों से कार्य कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल की उपस्थिति पंजी में पति द्वारा एएनएम का हस्ताक्षर किया जाता है। उन्होंने



बताया कि विगत एक वर्षों से केंद्र पर पति द्वारा टीकाकरण किया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीण उसकी कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न उठाते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से इसकी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा भेजी गई तस्वीर आवेदन पत्र के आलोक में एएनएम लीलावती कुमारी से स्पष्टीकरण मांगी गई है।

# वर्षा से मिट्टी का मकान ध्वस्त , मलबे में दब कर चाचा भतीजा घायल

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के सिड़ी गांव में मंगलवार की देर रात तेज वर्षा होने के कारण एक मिट्टी का मकान गिर गया।जिसमें सोये चाचा भतीजा मलबे में दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मलबे में दबे चाचा भतीजा को जख्मी हालत में बाहर निकाला। जबकि मलवे में दबकर एक कुत्ते की मौत हो गई। जख्मी दोनों को एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सिड़ी निवासी दीनबंधु खरवार अपने भतीजा 10 वर्षीय भतीजा मोहन खरवार के साथ मिट्टी के घर में सो रहा था। तेज वर्षा होने के कारण देर रात मिट्टी का मकान भर भरा कर अचानक गिर गया। जिससे सोये चाचा भतीजा मलबे में दब कर बुरी तरह जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि दरवाजा खुला होने की वजह से एक कुत्ता घर में ही सोया था। जिसकी दबाने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि दीनबंधु खरवार मजदूरी का कार्य कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे आज तक आवास नहीं मिला।

# बापू सभागार के मुख्य द्वार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में रंजीत यादव की अगुवाई में डटे दिखे भाजपा अररिया की टीम

**दैनिक समाज जागरण पटना।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा 9 माह के अंदर दूसरी बार गुरुवार को पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर बिहार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उनके स्वागत में खड़े थे। प्रदेश



अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उनका स्वागत किया। वहीं पटना मेयर सीता साहू ने अन्य भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जेपी नड्डा की आरती उतारी। भाजपा और भाजयुमो की ओर से पटना की सड़कों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पटना एयरपोर्ट से लेकर गांधी मैदान तक हजारों कार्यकर्ता ढोल-नगाड़े के साथ उनका भव्य स्वागत करने के लिए खड़े हैं। पूरे पटना को बड़े-बड़े पोस्टर और बैनरों से पाट दिया गया है। इधर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव की अगुवाई गए अररिया लोकसभा के विभिन्न पदों पर रहने वाले कार्यकताओं की टीम द्वारा अध्यक्ष के बापू सभागार मुख्य द्वार पर पहुंचते हीं जिंदाबाद नारों से उनका स्वागत किया गया। फिर बापू सभागार पहुंचे ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत हुआ।

# विजया दशमी के मौके पर लायाडीह में ईश्वर सोरेन नाईट का होगा आयोजन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पंडित रघुनाथ मुर्मू उतनाव गांवता की ओर से पटमदा की महुलबना पंचायत अंतर्गत लायाडीह हाट मैदान में 24 अक्टूबर को विजया दशमी के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईश्वर सोरेन नाईट एक रात्रि संताली ड्रामा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। क्लब के संरक्षक चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि इस संबंध में हाट मैदान में गुरुवार को आयोजित बैठक के दौरान इसपर महत्वपूर्ण निर्णय लिया



गया। बैठक में मुख्य रूप से हरिपद सोरेन, मोहनलाल बास्के, सोमाय हांसदा, वैद्यनाथ बास्के व धनंजय महतो आदि मौजूद थे।

# पटमदा में बाबुलाल मरांडी की सभा को लेकर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे सांसद

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की 11 अक्टूबर को पटमदा ब्लॉक मैदान में प्रस्तावित संकल्प यात्रा (सभा) को लेकर गुरुवार को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो तैयारियों का जायजा लेने पटमदा पहुंचे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर बन रहे पंडाल का निरीक्षण करते हुए सांसद ने मंडल के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त ने बताया कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रखंड के विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित कर लोगों को संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के क्रम में जमशेदपुर



महानगर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ,संकल्प यात्रा के कोल्हान संयोजक बिनोद सिंह, विमल बैठा, अजित कालिंदी, मुचीराम बाउरी, प्रदीप कुमार महतो, मंटू चरण दत्त, पंकज सिन्हा, प्रदीप बेसरा, बासुदेव मंडल, सानंद प्रधान, शांतनु मुखर्जी एवं प्रधान महतो आदि मौजूद थे।

# पत्रकारों पर हमला करना बंद करें केंद्र सरकार : कॉमरेड लोटन दास

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : दिल्ली पुलिस द्वारा न्यूज क्लिक के पत्रकारों पर कथित तौर पर हमला और गिरफ्तारी के खिलाफ सीपीएम की बोड़ाम लोकल कमेटी के सदस्यों ने बुधवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में कॉमरेड लोटन दास ने कहा कि दिल्ली पुलिस की दमनकारी कार्य के खिलाफ पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार नारा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा सरकार की अन्यायकारी नीतियों का विरोध करने वालों को देशद्रोही का तमगा देकर यूएपीए के तहत गिरफ्तार करके जनता की अभिव्यक्ति को कुचलना चाहती है, जिसका विरोध पूरे देश में हो रहा है। प्रत्रकारों की पत्रकारिता को जहां भी दबाया जाएगा सीपीएम विरोध करेगी। पार्टी हमेशा निष्पक्ष पत्रकारिता का साथ रही है



और आगे भी रहेगी। बोड़ाम प्रखंड के कांकीडीह गांव में आयोजित कार्यक्रम में भारी बारिश के बावजूद काफी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। मौके पर मुख्य रूप से सीपीएम के लोकल सचिव गुरुपद महतो, डमन महतो, माणिक महतो, हाबू महतो, कालीपद महतो, रासु महतो, तारामनी महतो, नियति महतो, सजनी महतो एवं पद्मलोचन आदि शामिल थे।

# डीएम ने प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार आयोजित करने का दिये निर्देश

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास**

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर योगदान के पश्चात जिला पदाधिकारी नवीन कुमार, भा०प्र० से० द्वारा प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जनता दरबार प्रत्येक शुक्रवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिसमे जन सामान्य जिला पदाधिकारी को अपनी समस्याओं, परेशानियों कठिनाईयों से अवगत करा सकते हैं।

# हौज का नाम बदलकर शहीद नगर होगा: संजय जोशी

**विशाल सोनकर (जौनपुर)**

जौनपुर। जनपद आगमन पर गुरूवार को आये भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव संगठन संजय विनायक जोशी का जगह–जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में जौनपुर–वाराणसी मार्ग पर स्थित हौज के शहीद



स्मारक पर जोशी का जोश–खरोश के साथ स्वागत हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हौज गांव का नाम बदलकर शहीद नगर करने की मांग किया जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही ऐसा हो जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब चन्द्र सरोज, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष शुक्ला, आलोक शुक्ला, सूरज शुक्ला, अनुराग शुक्ला, आनन्द राजभर, कुन्दन राजभर, ग्राम प्रधान हौज चन्दन चौहान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। स्वागत समारोह का संचालन युवा नेता/समाजसेवी नीरज श्रीधर शुक्ला ने किया।

## उप निरीक्षक ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया 51 हजार 500 ई–चालान किया गया

**विशाल सोनकर (जौनपुर)**

केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के मुफ्तीगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया ' इस दौरान पुलिस ने बिना हेल्मेट, गाड़ी पेपर, ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे वाहनों का किया चलान।



जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश और सीओ गौरव शर्मा के दिशा निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक केराकत रामजन्म यादव मुफ्तीगंज पुलिस चौकी प्रभारी विद्यासागर सिंह देख रेख में खड़हर डगरा चौराहा से गुजर रहे सभी दो पहिया वाहनों को रोक कर वाहनों के कागजात, हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ-साथ गाड़ियों के डिक्की खोलकर जांच की।

हालांकि इस दौरान किसी भी वाहन में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। वाहन चेकिंग का नेतृत्व कर रहे चौकी उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि वाहनों की जांच में पाए जाने वाली त्रुटियों के अनुरूप चालान किया गया कुल 51हजार 500 का ई-चालान किया गया।

## गाजीपुर पुलिस बल के द्वारा 82 द0प्र0सं0 की कार्यवाही किया गया।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जनपद गाजीपुर थाना रामपुर माँझा पुलिस द्वारा अभियुक्त राजू यादव उर्फ रजनीश उर्फ रंजन यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी ग्राम लमही मटखन्ना थाना रामपुर माँझा जनपद गाजीपुर का फौजदारी मु0नं0 220/20 स्टेट बनाम राजू यादव उर्फ रजनीश उर्फ रंजन धारा 307 भा0द0वि0 के अभियोग में अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय एफटीसी प्रथम / न्यायिक मजिस्ट्रेट गाजीपुर से निर्गत 82 द0प्र0सं0 के अनुपालन में थाना रामपुर माँझा पुलिस के द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के घर 82 द0प्र0सं0 ( उद्घघोषणा) की कार्यवाही स्थानीय लोगो की मौजूदगी में की गयी।



## चोरी की मोटर पम्प व एक नाजायज देशी तमंचा कारतूस के साथ दो नफर अभियुक्तगण की सफल गिरफ्तारी ।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जनपद गाजीपुर स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 180/23 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित चोरी की मोटर पम्प के साथ दो अभियुक्त 1. सुधीर यादव उर्फ मलखान पुत्र रविशंकर यादव निवासी नसरतपुर थाना बिरनो जनपद गाजीपुर 2.विकास यादव उर्फ . छोटू पुत्र राजेश यादव निवासी नसरतपुर थाना बिरनो जनपद गाजीपुर को मुखबीर की सूचना पर कछुहरा पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया है । जिनके कब्जे से चोरी की दो अदद मोटर पम्प बरामद हुआ है तथा जामा तलाशी से अभियुक्त सुधीर यादव के कब्जे से एक अदद नाजायद देशी तमंचा 315 बोर मय एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है मौके पर फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी तैयार किया गया है जिस पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 181/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।



## क्षेत्राधिकारीगण व थाना/चौकी प्रभारियों मय पुलिस बल द्वारा किया पैदल गश्त

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जनपद भदोही मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा



के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद भदोही पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# एक महीने में लगा दिया जाय सीसीटीवी : डीएम

**विशाल सोनकर (जौनपुर)**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में बुधवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अन्तर्गत ई-खसरा की प्रगति की समीक्षा करते हुए एक्टिव सर्वेयर्स की संख्या बढ़ाने, एक्टिव सर्वेयर्स को बुलाकर प्रत्येक ग्राम में सर्वे करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त एडीओ पंचायत को निर्देशित किया त्रिनेत्र प्रोजेक्ट के तहत गांव में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाए जाएं और यह कार्य प्रत्येक दशा में अगले एक महीने में पूर्ण हो जाना चाहिए।

उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी से मॉडल शॉप के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की जिसपर जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 75 मॉडल शॉप बनाए जाने हैं जिनमें कुछ पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने उन्हे निर्देश दिया कि जिन जगहों पर भूमि से सम्बन्धित विवाद है, सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय करते हुए विवाद का निस्तारण कराएं।

जिलाधिकारी ने निमाणार्धीन आंगनबाडी केन्द्रों की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन केन्द्रों पर भूमि सम्बन्धी विवाद है उसका त्वरित निस्तारण कराए और लर्निंग लैब्स भी बनवाने हेतु निर्देशित किया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक पंचायत सहायक को उनके विभाग से संचालित योजनाओं के 30 आवेदन का लक्ष्य दिया जाए।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गोंवशों के लिए अतिरिक्त शेड बनवाए व निमार्णाधीन शेड का कार्य 01 सप्ताह में पूण कराएं।

जिलाधिकारी ने विस्तार से सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, भुगतान की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार का भुगतान लम्बित न हो और शौचालय उपयोग की स्थिति में हों।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप जिलाधिकारी सदर रिषभ देवराज पुंडरीक, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत उप केंद्र का घेराव

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी लंका थाना क्षेत्र के नैपूरा गांव के रहने वाले बद्री यादव की भैंस की करंट की चपेट में आने से गुरुवार को मौत हो गई। भैंस घर के समीप खेत में चर रही थी । इस दौरान खंबे में उतर रहे करंट की चपेट में भैंस की आने से मौके पर मौत हो गई।भैंस की मौत के बाद गांव के लोग आक्रोशित हो गए। नैपूरा उपकेंद्र पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने लगे । बिजली कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।विरोध करने वाले लोगों का आरोप महीना भर में करंट की चपेट में आने से तीन चार भैंसों की मौत हो चुकी है। बिजली कर्मी सूचना देने के बाद भी बिजली का मरम्मत नहीं करते हैं।जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।विरोध प्रदर्शन की सूचना पर रमना चौकी प्रभारी सुफियान खान मौके पर पहुंचे।सभी को समझा बूझकरवापस लौट आया।

## भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में हाईकोर्ट में दाखिल हुई उइकजांच के लिए क्रिमिनल रिट याचिका

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी। जनपद के सारनाथ स्थित निजी होटल में मृत मिलीं चर्चित भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत मामले में उइक जांच के लिए बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दायर की गई है। अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने इस मामले में अगले हफ्ते कोर्ट में सुनवाई होगी।वही इस मामले में आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी भोजपुरी सिंगर समर सिंह की जमानत अर्जी पर आज (गुरुवार) को इलाहाबाद हा-ईकोर्ट में सुनवाई होगी।

उत्तर प्रदेश भदोही जिले के चौरी बाजार क्षेत्र के बरदहां की रहने वाली आकांक्षा दुबे 26 मार्च को वाराणसी के होटल के कमरे में मृत मिली थीं। अभिनेत्री की मां ने भोजपुरी गायक समर सिंह पर आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने और उसके दोस्त संजय सिंह के खिलाफ सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज



करवाया था। अभिनेत्री के परिजनों की ओर से मुकदमा दर्ज होने के पश्चात सिंगर समर और संजय को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल संजय सिंह फिलहाल जमानत पर बाहर है, जबकि समर सिंह अभी भी जेल में ही है।

अभिनेत्री आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में वादी पक्ष के सौरभ तिवारी ने बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर याचिका के माध्यम से आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने बेटी की मौत जिन परिस्थितियों में हुई है, वह निश्चित तौर पर संदेहास्पद है। वही उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विधि विज्ञान प्रयोगशाला कि रिपोर्ट से जाहिर है कि मौत से पहले उनकी बेटी के साथ शारीरिक रूप से बहुत गलत हुआ था। इसके साथ ही आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने मामले में पुलिस जांच की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए है और आरोप लगाया है, कि पुलिस के कुछ लोगो के द्वारा सबूतों को दबाने का पूरा प्रयास किया गया। ऐसी स्थिति में उन्होंने इस मामले में सीबीआई जांच कर सच सामने लाने की मांग किया है।

## पूर्व विधायक अजय राय के साथ हो रहा अन्य वर्तमान सरकार के द्वारा

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामनगर / वाराणसी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरदार सतनाम सिंह ने यहां जारी बयान में अन्याय प्रतिकार यात्रा मामले को लेकर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही पर बेहद नाराजगी जताई है। अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल 82 आरोपियों में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को छोड़कर बाकी सभी लोगों को दोष मुक्त कर सभी मुकदमे वापस ले जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार बदले की भावना से कार्य कर रही है। गरीबों, किसानों, नौजवानों की आवाज बन कर उभर रहे अजय राय को लगातार तरह-तरह से प्रताड़ित करने के साथ घोर अन्याय कर रही है। यह अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है। अजय राय महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार ,जंगल राज, व सरकार की तानाशाही के खिलाफ लगातार आवाज उठाकर मोदी एवं योगी से सवाल कर रहे हैं। इन सवालों से सरकार डरी हुई है। अजय राय की बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबराकर सरकार उनका उत्पीड़न कर रही है। सतनाम सिंह ने प्रदेश व केन्द्र सरकार को चेतावनी देते हुये कहा कि यदि इसी प्रकार अजय राय के साथ अन्याय होता रहा तो कांग्रेस कार्यकताओं को व्यापक पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल सभी साधु संतों से अपील किया है कि एकजुट होकर अजय राय के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज बुलन्द करें।

# कार के धक्के से युवक की मौत

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

चोलापुर। वाराणसी आजमगढ़ हाइवे पर बने नाद नदी पुल के समीप बुधवार शाम को अनियंत्रित कार एक खड़ी बाइक में धक्का मारते हुए पंद्रह फिट गड्ढे में जा गिरी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सी एच सी भेजवाया हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे बी एच यू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया

सदानंद पुत्र नंदलाल उम्र 25 वर्ष निवासी कोइलरी थाना चंदवक जिला जौनपुर बाइक से निजी कार्य के लिए वाराणसी के तरफ जा रहा था गोला हाइवे स्थित नाद नदी पुल के समीप बाइक रोककर उसके साथ बाइक पर बैठा साथी लघुसंका करने लगा सदानंद बाइक के पास खड़ा था की वाराणसी के तरफ जा रही सेंट्रो कार के ड्राइवर को नीद आने से बाइक में धक्का मारते हुए 15 फिट गड्ढे में जा गिरी धक्का लगने से सदानंद गंभीर राय घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सी एच सी भेजवाया हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहा इलाज के दौरान रात को उसकी मौत हो गई

# अभिनेश मौर्य को मिला महात्मा गांधी अवार्ड

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के राधा नगर सुंदरमती गली के रहने वाले अभिनेश मौर्य को मिला महात्मा गांधी अवॉर्ड अभिनेश मौर्य के द्वारा सुंदरमती गली राधानगर में संचालित की जा रही है वीरांगना स्पोर्ट्स एकैडमी में धूमधाम से मनाई गई थी गांधी जयंती जिसके परिपेक्ष में महात्मा गांधी अवार्ड से संगम



एकैडमी कोटा राज. के द्वारा सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जा रही है वहीं इस मौके पर हिमांशु ,नैतिक ,सौम्या सिंह,नीशू पाण्डेय ज्योति,रुपाली नबिता आदि के द्वारा फूल माला पहना कर शुभकामनाएं दी गई

## जांच में पकड़े गए 14अवैध विद्यालय विभाग ने जारी किया नोटिस

**बिना मान्यता के संचालित विद्यालयो के संचालको पर होगी एफ आई आर**

**शिक्षा विभाग की करवाई से मचा हड़कंप**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर । जिले मे बिना शासन से मान्यता लिए संचालित विद्यालयो के खिलाफ शिक्षा विभाग ने करवाई शुरू कर दी है। जिसमे 13विद्यालय नोडल अधिकारी द्वारा चिन्हित किए गए। चिंहित स्कूलों में राम रति शिक्षा निकेतन अल्लीपुर, यशोदा देवी शिक्षा निकेतन अल्लीपुर तेलियानी, संत निरंकारी पब्लिक स्कूल बहुवा, बाजपेई आदर्श शिक्षा मंदिर शाह, आनंद विद्या मंदिर, अल्लीपुर फतेहपुर, सुरजी देवी बालिका स्कूल, शिव नंदन पाल, दशवा मील, फूल मति देवी पब्लिक स्कूल, बिलियंट पब्लिक स्कूल फतेहपुर, प. देवदत्त पब्लिक स्कूल, स्व शिव सहाय इंटर कॉलेज , सीएसए कान्वेंट स्कूल दसवा मिल, शामिल है इन सभी स्कूलों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी की तथा तीन दिन के भीतर बंद करने का शपथ पत्र देने के निर्देश दिए गए।

जिला विद्यालय निरीक्षक अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय को नोटिस जारी करके प्रपत्र मांगे गए हैं। तीन दिन के बाद नियमानुसार करवाई की जाएगी।

# चोरी रोकने के लिए किया जा रहा है निरन्तर प्रयास : रेलवे

वाराणसी रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा,चोरी रोकने एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 04 अक्टूबर,2023 को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा गठित CPDS टास्क टीम द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत रेलवे स्टेशन छपरा पर निगरानी व चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 04 पर गाड़ी संख्या 13020 बाघ एक्सप्रेस के आगमन के समय तीन संदिग्ध व्यक्तियों देवरिया निवासी 19 वार्षिय अजय पटेल (2) वैशाली निवासी 30 वर्षीय दिलीप सिंह (3) नकहा जंगल निवासी 20 वर्षीय जीतू राजपूत समेत तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक संजय कुमार राय/सीआईबी/छपरा, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार/रेसुबल/छपरा, सहायक उप निरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ल/सीआईबी/छपरा, सहायक उप निरीक्षक विजय रंजन मिश्र/रेसुबल/छपरा, कांस्टेबल लक्ष्मण यादव/रेसुबल/भटनी तथा कांस्टेबल सत्य प्रकाश सिंह/रेसुबल/छपरा शामिल थे ।

पकड़े गए अभियुक्तों के पास से चोरित Realme Narzo, POCO व Samsung on 7 Pro मोबाइल, 01 चाकू, आधार कार्ड, पैन कार्ड, श्रम कार्ड व एटीएम कार्ड प्राप्त किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों को अग्रिम कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना छपरा आई पी सी(IPC) की धाराओं में अपराध संख्या- 217/23 धारा 401, 414 / दि. 04.10.23 पंजीकरण कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

# रेड टेप बांधकर वृक्षों को बचाने का लिया संकल्प

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

काशी विद्यापीठ/ वाराणसी प्राथमिक विद्यालय भिटारी, विकास क्षेत्र में शिक्षकों व बच्चों ने वृक्षों को रेड टेप बांधकर बढ़ाने का संकल्प लिया। मिशन शिक्षण संवाद की टीम द्वारा पर्यावरण को बचाने हेतु प्राकृति मित्र अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 5 जून से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान में वृक्षारोपण से लेकर वृक्षों को बचाने तक का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में बच्चों का शिक्षकों द्वारा वृक्षों को रेड टेप बांधकर वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार सिंह का कहना है कि इस अभियान में बच्चों



के साथ-साथ अभिभावकों को भी जोड़ा जाएगा जिससे वृक्षों की सुरक्षा हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि यदि बच्चे वृक्षों को बचाने का संकल्प लेते हैं तो निश्चित तौर पर उस संकल्प को पूरा करने का प्रयास करते हैं। रविंद्र कुमार सिंह द्वारा यह भी बताया गया कि मिशन शिक्षण संवाद वह टीचर्स क्लब उत्तर प्रदेश द्वारा प्रत्येक वर्ष या अभियान चलाया जाता है यह मानवता की कल्याण हेतु चलाया गया एक अभियान है। इस अभियान में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक रजनी, मीनू शुक्ला, सविता देवी, सविता कुमारी के साथ-साथ लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी-आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत श्री मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ, वाराणसी की टीम द्वारा "क्षमता निर्माण कार्यक्रम" तथा ह्लस्कूल सुरक्षा कार्यक्रमह्व का आयोजन कर आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीआरएफ के प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा 89 उत्तर प्रदेश बटालियन, एनसीसी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट एवं सेना के जवानों को तथा वैभव बालिका विद्यापीठ, साईं महावीर बाजार, आजमगढ़ रोड, वाराणसी में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने भूकम्प से बचाव, बांढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें,



सीपीआर, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों एवं सांप के काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, सड़क सुरक्षा, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस (राफ्ट) बनाना, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना/बिजली चमकना, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप, सचेत ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। श्री मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक ने बताया कि एनडीआरएफ टीमों द्वारा आज वाराणसी, चंदौली, लखीमपुर खीरी, बहराइच (उत्तर प्रदेश) एवं जबलपुर (मध्य प्रदेश) में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया हैं आगे भी इस प्रकार का कार्यक्रम जारी रहेगा।

# कला समागम में बच्चों को मिलेगा मंच निखरेगी कला

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

कला समागम की द्वितीय बैठक अग्रसेन युवा मंच काशी परिवार के प्रतिनिधि मंडल एवं अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय चौखंभा के मध्य विद्यालय प्रांगण में आहूत हुई । बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा एवं तैयारियां की गयीं साथ ही छात्रों की कलाओं को उभारने एवं निखारने के लिये प्रत्येक बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी । कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र कला समागम में भाग लेंगे एवं प्राप्त विषय के अनुसार अपने अपने चित्रकला, प्रोजेक्ट, क्राफ्ट, नृत्य, वादन एवं अन्य की प्रस्तुत करेंगे । कला समागम में छात्रों को कार्टून, प्रकृति, ग्रामीण जीवन, स्वच्छ भारत, प्रदूषण, भारतीय सुरक्षा तकनीकी, ब्रह्मांड, एस्ट्रोनॉट्स, और गंगा घाट बिंदुओं पर अपनी चित्रकला एवं क्राफ्ट प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन जमा करेंगे



जिसकी भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी । बैठक में विद्यालय प्रशासन एवं सभी अध्यापकों को प्रदर्शनी की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपते हुए प्रदर्शनी स्थल का निरीक्षण किया गया प्रदर्शनी स्थल पर छात्रों के लिए एवं उनके माता-पिता के लिए हेल्थ चेकअप एवं मनोरंजन के स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे । बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम संयोजक के पद पर सौरभ अग्रवाल एवं सुधांशु मिश्रा का चयन किया गया जिनके निर्देशन में कला समागम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जायेगा ।बैठक में मंच अध्यक्ष अतुल अग्रवाल श्याम के दास, प्रबंधक पंकज अग्रवाल, सहायक मंत्री दिनेश अग्रवाल, महामंत्री सौरभ अग्रवाल, आयुष अग्रवाल बिमल त्रिपाठी उपस्थित हुए साथ ही श्याम दरबारी मण्डल मंत्री अभिषेक अग्रवाल की भी गरिमामयी उपस्थिति रही ।।

## वाराणसी के मलदहिया चौराहे स्थित विनायक प्लाजा में ईडी की छापेमारी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

छापेमारी में आयकर विभाग के अधिकारी भी मौजूद विनायक प्लाजा में सपा नेता अबू आसिम आजमी के करीबियों के यहां धमकी ईडी टीम विनायक प्लाजा स्थित विनायक निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में चल रही जांच पड़ताल विनायक प्लाजा पर मौजूद पुलिस फोर्स मौजूद विनायक प्लाजा के तीसरे तल पर



स्थित एक दफ्तर में ईडी के अधिकारी कर रहे जांच पड़ताल कार्यालय में लोगों के फोन ईडी अधिकारियों ने लिए कब्जे में तीसरे तल पर लोगों के आने-जाने पर पुलिस ने लगाई रोक

## पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संदीप कुमार पटेल को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी सिटी रिपोर्ट**

वाराणसी थानामिजार्मुराद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0234/2023 धारा 363 भादवि व बढोत्तरी धारा 366/376(3) भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त



संदीप कुमार पटेल पुत्र सदानन्द पटेल, नि0 ग्राम पुरे, थाना मिजार्मुराद, जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष को रूपापुर चौराहे से गिरफ्तार कर कब्जे से अपहृता/पीड़िता को बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने नौगढ़ ब्लाक में किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

***बड़ी संख्या में पहुंचे ग्राम प्रधान, किया प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत***

***प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सिर्फ नाम की है प्रधानी, प्रधान अपनी मर्जी से खड़ंजा भी नहीं लग सकता***

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा के जिले में आगमन पर प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा के अध्यक्षता में नौगढ़ ब्लॉक सभागार में प्रेस कांफ्रेंस किया गया साथ में ज्यादा संख्या में





ग्राम प्रधान पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस कर सीधे भाजपा सरकार पर सीधे निशाना साधा और कहां कि भाजपा सरकार में प्रधानों की पावर अब नही रह गई है एक भी प्रधान अपने मर्जी से इंटरलॉकिंग और खड़ेंजा तक नही लगा सकता बहुत ही विडंबना की बात है की प्रधान सिर्फ एक नाम की अब राज गई है और कहा कि इस संबंध में सरकार को अवगत कराएंगे अगर समस्या का निदान नहीं हुआ तो प्रधान संगठन आंदोलन करने को मजबूर हो जायेगा।

## भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए घर : बेघर हुए लोग

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी, जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)05 अक्टूबर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के खराटी (इंद्राही) गांव मे हफ्ते भर से हो लगातार बारिश से पंचायत मे लोगो के घर धरसायी हो गये। प्राकृतिक आपदा से आहत लोगो मे उक्त गांव के धनेश्वरी देवी पति विनोद यादव,पांचू यादव पिता स्व० गोविंद यादव ,अंकिता देवी पति रविंद्र यादव ,सविता देवी पति योगेंद्र यादव,फूलमंती देवी पति शिबू यादव, कविता देवी पति संजय दास ,रजिया देवी पति लखन यादव,मुनिश्वरी देवी पति देवनारायण यादव,कलावती देवी पति सतेन्द्र यादव है। जो इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी मे सरकार की राह देख रहे है।उक्त लोगो से बात करने पर उनलोगो ने बताया की हम लोग मामूली किसान है वर्तमान स्थिति के मुताबिक इस वर्ष खेती भी नही हो पायी है जिससे घर चलाना भी मुश्किल हो रखा है। ऐसे मे ध्वस्त हुए घर को देख के ऐसा प्रतीत हो रहा है की मुश्किल की घड़ी सामने है।उन्होंने ये भी कहा की ऐसे विपरीत परिस्थिति मे सरकार को आगे आना चाहिए और सम्बन्धित विभाग के विभागीय पदाधिकारियों इस आपदा की स्थिति से अवगत होते हुए पीड़ित लोगो तक सरकारी योजना का लाभ देने का कार्य करना चाहिये।



## टुण्डी उच्च विद्यालय के मैदान में जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र जिला संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 05अक्टूबर 2023 :जिला स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 07 अक्टूबर दिन शनिवारको टुण्डी उच्च विद्यालय मैदान में होगी ।टुंडी विधायक मथुरा महतो ने टुण्डी उच्च विद्यालय पहूंचकर मैदान की स्थिति का जायजा लिया। जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अंतर्गत "ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023" का आयोजन उच्च विद्यालय टुंडी स्टे-डियम में आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमें निम्नांकित खेलों का आयोजन करने की योजना है। तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड़ एवं सेकोर खेल का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 9 से 12 अक्टूबर तक हजारीबाग ले जाया जाएगा। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 14 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। उक्त योजना में भाग लेने हेतु आवेदन एवं अधिक जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय, धनबाद में संपर्क किया जा सकता है। मौके पर मुख्य रूप से टुण्डी के लोकप्रिय विधायक सह पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो, उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अभिमन्यु जायसवाल, उप प्रधानाध्यापक मिलन प्रजापति और जय कुमार, बीआरसी के बीपीओ गौतम दास एवं बीआरपी दिनेश महतो, विधायक अनुज बसंत महतो इत्यादि के अलावें उच्च विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे थे।



## जेजेए सरायकेला परिसदन में जिला कोर कमेटी की बैठक संपन्न

### *जेजेए सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी का हुआ विस्तार*

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां झारखंड 05 अक्टूबर 2023 :-झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सरायकेला-खरसावां जिला कोर कमेटी की बैठक सरायकेला परिसदन में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई बिंदुओं में चर्चा की गई। मुख्य रूप से जिला कमेटी का विस्तार एवं जिले में सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाना मुख्य उद्देश्य रहा। इस बैठक में कोर कमेटी द्वारा जिला कमेटी का विस्तार करते हुए सर्वसमिति से उपाध्यक्ष के रूप में उमाकांत प्रधान, सचिव पीतांबर सोय, संगठन सचिव अजीत लाभ और कोषाध्यक्ष के रूप में गणेश स-रकार को मनोनीत किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार शेख अलाउद्दीन ने अपने वक्त में कहा कि संगठन एक परिवार की तरह है हर सुख-दुख में हम लोग एक साथ हैं। संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों को एकजुट रहना चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अभय लाभ,संयुक्त सचिव मनोज स्वर्णकार, सुरेंद्र मार्डी, सरायकेला खरसावां जिला कार्यकारी अध्यक्ष के०दुर्गा राव, जिला महासचिव बिल्लू शर्मा, विजय साहू, अन्य लोग उपस्थित थे।



## विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल संगठन ए ई एफ ए के द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 05 अक्टूबर 2023:– विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल संगठन ए ई एफ ए के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वेस्ट बंगाल , के कोलकाता का महाबोधि सोसाइटी में सम्मानित हुई झारखंड की राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका श्रीमती संध्या प्रधान ।पश्चिम बंगाल के महाबोधि सोसायटी कोलकाता कॉलेज स्क्वेयर में विश्व शिक्षक दिवस पर वर्तमान की शिक्षा नीति के ऊपर एक कार्यक्रम आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप भट्टाचार्य एक्स एमपी ,प्रोफेसर जय गोपाल मंडल। कार्यक्रम के अध्यक्षता ए ई एफ ए ए के वाइस प्रेसिडेंट मिथिलेश शर्मा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के विभिन्न प्रांत से चार संगठन के शिक्ष-क शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों का कर्तव्य एवं विद्यार्थियों के जीवन का लक्ष्य हासिल करने में भूमिका के बारे में सभी ने अपनी मत रखा। यह कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के विभिन्न शिक्षक संगठन के मिलित तत्वबधान में आयोजित की गई थी ।कार्यक्रम का संचालन ए ई एफ ए ए के महासचिव नब कुमार कर्मकार के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्री अधीर कुमार दास के द्वारा किया गया।




## महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता अभियान एवं बाल श्रमिकों के कानूनी अधिकार का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,शेखर सुमन, ईचागढ़,सरा-ईकेला**

ईचागढ़ - महिला उत्पीड़न और बाल श्रम के कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता और कानूनी जानकारी को बढ़ावा देने के लिए जिला विधिक सेवा समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत एसडीएलएससी आनंदिया विधिक सेवा समिति के सचिव अमित आकाश सिन्हा के निर्देशन में पीएलवी कार्तिक गोप ने चिमटिया गांव में महिलाओं के साथ महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू किया है. इस अभियान के दौरान महिलाओं के अधिकारों, अनाथ पालन-पोषण योजना, कैदियों के अधिकारों और मानव तस्करी, बाल विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित नियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की गई। इस अभियान के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ग्रामीण समुदायों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में समझाना और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सहायता प्रदान करना है। यह अभियान 100 दिनों तक चलाया जाएगा और किसी भी समस्या के लिए ग्रामीणों को पीएलवी कार्तिक गोप से संपर्क करने का मौका दिया गया है. यह पहल एक सुरक्षित और सक्षम समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने का अवसर प्रदान कर रही है। इस अभियान के तहत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए दृढ़ संकल्प दिखाया. इस अभियान के माध्यम से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जो एक मजबूत और समर्पित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण है।



## अधिकारी के कारण 11 वे वेतन समझौता अधर में लटका

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा। अधिकारी के कारण 11 वे वेतन समझौता अधर में लटका । उक्त बातें संयुक्त मोर्चा ने नॉर्थ तीसरा 6 नंबर के समीप सभा प्रदर्शन में क-हां। श्रमिक नेताओं ने कहा कि उनका वेतन समझौता शीघ्र बहाल नहीं हुआ, तो 12 से 14 अक्टूबर तक एकजुट होकर सभी कर्मी कोयला जगत में ऐतिहासिक हड़ताल किया जाएगा। बताते चलें कि कोल कर्मियों का 11वां वेतन समझौता रोक लग गया है।वक्ताओं ने कहा कि अदिकारी वर्ग प्रबंधन की ओर से मध्यप्रदेश के जबलपुर कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है,जिसके बाद कोर्ट ने 11वां वेतन समझौता रोकने का आदेश दे दिया है. इस कारण इस माह का वेतन समय पर नहीं मिल सका है.नेताओ ने कहा कि यूनियन प्रबंधन के साथ आर पार की लड़ाई लड़ेगे. अधिकारी का मेडिकल सुविधा एक समान करने सहित सभी अन्य सुविधाओं में बराबर की भागी-दारी कराने की बात कही.कोल इंडिया प्रबंधन के द्वारा जबलपुर हाई कोर्ट का हवाला देकर सितंबर महीने का अक्टूबर में मिलने वाले वेतन पर रोक लगा दी है. प्रबंधन के इस फरमान के विरोध में कोलकर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है.कर्मियों ने कहा कि कोल इंडिया अगर उनके हित में फैसला नहीं लेती तो आगामी 12 से 14 अक्टूबर तक पूरे कोल इंडिया में हड़ताल की घोषणा की गई है. प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी अधिकारी वर्ग ने एक साजिश के तहत वेतन समझौता पर रोक लगाया है वही दुर्गा पूजा बोनस पर अभी तक कोई चर्चा नहीं हो पाया है प्रबंधन की गलत नीति के कारण ही कोल इंडिया में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है निजीकरण को जानबूझकर बढ़ावा दिया जा रहा है इस बार कर्मी अपने अधिकार व मान सम्मान की रक्षा के लिए आर पार की लड़ाई लड़ेंगे. सभा की अध्यक्षता मुद्रिका पासवान व संचालन भगवान प्रसाद पासवान ने किया. मौके पर मानस चटर्जी, रुद्र प्रताप सिंह, लकी सिंह ,बिहारी लाल चौहान , मनोज कुमार पासवान युद्धेश्वर सिंह, शिव कुमार सिंह, रितेश निषाद संतोष मिश्रा ,बाल्केश्वर सिंह, सुजीत मंडल ,फागु नापीत,कन्हैया सिंह, मोहन पांडे ,स-ुदर्शन सिंह, हराधन रजवार, धर्मेंद्र राय, , ,मल्लू सिंह, उमाशंकर शाही, प्रमोद सिंह, अनिमेष सिंह, बंटी सिंह,छोटू सिंह, केल्विन तिर्की आदि थे।




## टुंडी के कोकराद गांव में जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने कन्यादान में किया आर्थिक सहयोग

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र जिला संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-05अक्टूबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत के कोकराद गांव निवासी अत्ताउल अंसारी को पुत्री के विवाह में आर्थिक सहयोग हेतु झा-रखंड जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने अपने निजी सचिव श्री मुरारी सिंह के द्वारा 5100₹ की राशि भेंट किया ।बताते चले की श्री माना पाठक ने टुंडी विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों में कई एक लोगो को विकट परिस्थितियों में इस प्रकार का आर्थिक सहयोग स्वेक्षा से किया है जिसे नकारा नहीं जा सकता।श्री मु-रारी सिंह ने संवाददाता को बताया कि झारखंड जनहित मोर्चा प्रतिदिन क्षेत्रों में असहायों को आर्थिक सहयोग कर रहा है एवम आगे भी सभी तरह के जरूरतमंद लोगों की सेवा में तत्पर रहेगा। मोर्चा के संस्थापक माना पाठक ने एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को रांची रिम्स में भर्ती हेतु खुद अपने कुछ सहयोगियों के साथ रांची चले जाने के कारण कोकराद नही पहुंच सके परंतु बाद में आने का विश्वास दिलाया है ।इस तरह से जनहित मोर्चा के द्वारा आर्थिक सहयोग किया जा रहा है और हुक्मरान सरकारी खजाना लूटने में व्यस्त हैं। इस तरह से झारखंड जनहित मोर्चा के द्वारा प्रतिदिन टुंडी विधानसभा क्षेत्रों में असहायों का सहयोग मोर्चा के संस्थापक कर रहे हैं। श्री पाठक का इस तरह के जनहित कार्यों को करना उनका वसूल बताते हैं। मौके पर जनहित मोर्चा के निजी सचिव मुरारी सिंह, प्रकाश पाण्डेय , कन्या के पिता अताउर अंसारी,अकबर अंसारी ,मुस्ताक अंसारी,,जकाउल अंसारी,सुल्तान अंसारी,रजाउदीनअंसारी,जहीररूदीन अंसारी,शमीम आदि मौजूद थे`



## एदल : शिलान्यास के डेढ़ साल गुजरने के बाद भी नही बनी सड़क। 500 से ज्यादा बने गड्ढे और गड्डो में भरा पानी ।बनी है जनता की परेशानी।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड) एन एच 220 मुख्य मार्ग से एदल जानी वाली सड़क इन दिनों लोगों की सबसे बड़ी परेशानी का कारण बन गई है ।क्योंकि इस मार्ग में 500 से ज्यादा गड्ढे बन गए है ।और गड्डो में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।मोटरसाइकिल तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली छात्र छात्राएं एदल उत्क्रमित उच्च विद्यालय भी जाते है ।और इन गड्डो में फस कर गिर जाते है। ऐसा नही कि इस सड़क को बनाने के लिए स-रकार ने पहल नही की ।पहल की,डेढ़ वर्ष पहले झारखंड सरकार के परि-वहन मंत्री सह स्थानीय विधायक द्वारा सड़क मार्ग का शिलान्यास भी कर दिया गया ।परन्तु डेढ़ साल पूरा होने के बावजूद सड़क नही बन पाया ।केवल अब तक तीन पुलिया बना कर छोड़ दिया गया है। वहीं ग्रामीणों एवं प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले लोग सरकार व प्रश-ासन से जल्द सड़क मार्ग निर्माण की मांग कर रहे है।

**क्या कहती है जनता:-**

**नटवर महतो(एक्स आर्मी) :-** इस सड़क का शिलान्यास होकर लगभग 2 साल होने को आया ,सड़क तो बनी नहीं लेकिन सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जहां से लोगों का आना-जाना जोखिम से कम नही ।ना जाने कब बनेगी सड़क, और कब तक लोग प्रतिदिन घायल होते रहेंगे ।लेकिन इसकी सुद्दी लेने वाला कोई नही ।ना सरकार ना प्रशासन।

**नरेश दास (ग्रामीण):-** हमलोग कई वर्षों से इस सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे ।जब सड़क निर्माण कार्य आया ।तो सभी खुश थे ।लेकिन शिलान्यास के डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी सड़क नही बनने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है ।प्रतिदिन इस मार्ग में कई लोग गड्डो में फस कर गिर जाते है।

**बिट्टू मोदक(ग्रामीण) :-** यहाँ मोटरसाइकिल तो दूर की बात पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ।मुख्य मार्ग जाने का एकमात्र रास्ता है,जहाँ प्रतिदिन लगभग 20 से 25 गाँव के लोग आना जाना करते है।

**रूपेश कुमार महतो (शिक्षक):-** इस मार्ग से पांच से छह गाँव के स्कूली बच्चे स्कूल जाते है ।बड़े बड़े गड्डो के कारण यहाँ गिर जाते है ।यदि इस मार्ग में फिलहाल गड्डो को भी भर दिया जाता तो कम से कम स्कूली छात्र छात्राओं को कोई दिक्कत नही होती।



## बोड़ाम में मंत्री बादल पत्रलेख व बन्ना गुप्ता का जनता दरबार 7 को

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : राज्य सरकार में कांग्रेस कोटे के दो मंत्रियों बादल पत्रलेख व बन्ना गुप्ता का 7 अक्टूबर को बोड़ाम प्रखंड के कुईयानी पंचायत मंडप में जनता दरबार लगाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस के जिला महासचिव किशनलाल महतो व बोड़ाम प्रखंड प्रभारी मोहनलाल बनर्जी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन बोड़ाम प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से किया जाएगा। नेताद्वय ने बताया कि कार्यक्रम में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जनता की समस्याएं सुनेंगे और ऑन द स्पॉट समाधान का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भीड़ जुटाने के लिए प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रचार-प्रसार का कार्य जारी है।



## बेलटांड़ में दुर्गा पूजा समिति ने लगाया बोर्ड, गंदगी फैलाने पर 1000 जुमार्ना

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर से गुरुवार को पटमदा के बेलटांड़ बाजार में तीन जगहों पर साइन बोर्ड पर लगाकर लोगों को दुर्गा मंदिर, बजरंगबली मंदिर, बाबा तिलका पार्क एवं आसपास के जगहों पर गंदगी नहीं फैलाने की अपील की गई है। इसके साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर इस क्षेत्र में कोई पेशाब/शौच करते हैं या कूड़ा करकट फेंकते हैं तो पकड़े जाने पर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ 1,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। इस संबंध समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप ने बताया कि पिछले 2 अक्टूबर को मंदिर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए परिसर में साफ-सुथरा किया गया था और लोगों से गंदगी नहीं फैलाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर को पंडाल उद्घाटन के साथ ही दुर्गा पूजा का कार्यक्रम शुरू होने वाला है इसलिए आसपास को स्वच्छ और सुंदर बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को बेलटांड़ में पूजा समिति के सदस्यों की अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है जिसमें सभी सदस्यों से भाग लेने की अपील की गई है।



## पहली बार आमटाल गांव के पाताल फोड़ बूढ़ा शिव मंदिर में महामृत्युंजय जाप एवं रुद्राभिषेक नवग्रह पूजा का आयोजन किया गया '

**दैनिक सामान जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झा-रखंड**

बलियापुर आमटाल पंचायत के सबसे पुराने पाताल फोड़ बूढ़ा बाबा शिव मंदिर के प्रांगण में एकदिवसीय महामृत्युंजय जाप एवं रुद्राभिषेक नवग्रह पूजा पुजारी आशीष चक्रवर्ती उर्फ पप्पू ठाकुर एवं बाम'पद (गुजा) आचार्य जो की झरिया राजा के गणक पंडित भी है उनके साथ विश्वजीत मिश्रा एवं चंदन देवघरिया भी इस पूजा आयोजन में पुजारी के रूप में शामिल थे सभी ने विधिवत वैदिक मंत्र उच्चारण करके तमाम आमटाल पंचायत के ग्रामवासी के सुख शांति के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगे इस पूजा आयोजन में गांव के सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे ' सिंटू बनर्जी विश्वजीत बनर्जी, शीतल चंद्र सीमा गोराई,सुरजीत आदि के द्वारा सहयोग भी किया गया।



## दुकान बंद करने के बाद लापता हुए युवक का शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

सिंदरी मनोहरटांड़ के समीप आज दीपक महतो का शव प्रशासन एवं ग्रामीणों के द्वारा बरामद किया गया है मृतक के बड़े भाई का कहना है कि मेरा भाई कल दुकान बंद करने के बाद लापता हो गया था काफी खोजबीन के बाद प्रशासन को सूचित किया गया मगर आज उसका शव मनोहरटांड़ के समीप झाड़ियां में मिला मृतक के भाई का कहना है कि उसके भाई को किसी ने मार कर फेंक दिया है फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है



## दस दिन से अंधेरे मे डूबा गांव : विभाग सुध लेने को तैयार नही।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)05 अक्टूबर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत के करमा ,करानी ,सोनपुरा गांव पिछले दस दिनों से अंधेरे मे डूबा हुआ है। बताते चले की दस दिन पूर्व ही ट्रांसफार्मर तक आने वाले ग्यारह हजार के कनेक्शन के बिजली के खम्भे टूट के गिर गये जिसकी जानकारी विभाग को दी गयी पर इस-की मरम्मत का कार्य अभी तक नही हो पाया है। जिस-के चलते उक्त गांव के सैकड़ो घर पिछले दस दिनों से अंधेरे मे डूबे हुए है ।ग्रामीणों से बात करने पर बताया की ये बिजली विभाग की निष्क्रियता है जिसको आम ग्रामीण झेलने को मजबूर है ।उक्त समस्या की जानकारी विभाग तक पहुँचाने का कार्य भी किया गया लेकिन अभी तक विभाग इस विकट समस्या विभाग के उदासीन रवैया अपना रहा है जो सम्बन्धित विभाग के लिए निंदनीय है ।विभाग की उ-दासीनता से लोगो मे आक्रोश पनप रहा है।





## फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का किया गया उद्घघाटन।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ चतरा**

चतरा (झारखंड) 05 अक्टूबर 2023 :- जिले के कुन्दा प्रखंड के ग्राम बौधाडीह के कासिलोंग फुटबाल मैदान में गुरुवार को जेबीकेएसएस कमिटी चतरा के द्वारा फुटबॉल टूनामेंट मैच का उद्घघाटन विधिवत फीता काटकर किया गया। जिसमे पहले दिन लमटा शि-ावराजपुर एवं सती टाड लावालौंग के बीच खेला गया ।इस मौके पर जेबीकेएसएस चतरा के जिला उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिन्हा ,प्रेमलाल कुमार महतो ,कार्यकरणी अध्यक्ष राजू दा, जिला कोशाध्यक्ष उपेन्द्र भोक्ता,उप कोशाध्यक्ष जयकिशोर कुमार महतो,जिला मीडिया प्रभारी लोकनाथ महतो, जिला प्रवक्ता महेश बांडो ,एवम चतरा जिला के सक्रिये सदस्य मादी उरांव , बिजली महतो, दिलीप यादव , जितेंद्र कुमार यादव,राकेश महतो,रंजीत भोक्ता सहित कुन्दा प्रखंड के जेबीकेएसएस के सभी सदस्य उपस्थित थे।





## कुचाई अंचल में भूमि सत्यापन पर चल रही जोर शोर कार्य

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां**

अबुआ वीर दिशुम अभियान वन कानून अधिनियम 2006 के तहत कुचाई अंचल कार्यालय में छोटासेगोई,बडाबांडी,चंपद,पुनीबुढी, गोपीडीह,गोगामोर्चा,पागारडीह गांव में सामुदायिक वन पट्टा की वितरण हेतु भूमि सत्यापन की कार्य काफी जोर शोर से चल रही है। वहीं अंचल के अंचल निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारियों के द्वारा गांव एवं स्थल का निरीक्षण कर खाता प्लॉट एवं रखवा की भुमि सत्यापन की कार्य किया जा रहा है ।ताकि ग्रामीणों को सामुदायिक वन पट्टा अंचल से मिल सकें मौके पर उपस्थित झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के कुचाई प्रभारी भरत सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार की नियम को पालन करते हुए।आबुआ वीर दिशुम अभियान वन कानून अधिनियम 2006 के तहत विभिन्न गांव में सामुदायिक वन पट्टा का वितरण व मुहिया करने के लिए भूमि सत्यापन की कार्य चल रही है। ताकि समय पर ग्रामीणों के बीच सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक फूल कुमारी सोय मुखिया करम सिंह मुंडा झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के कुचाई प्रभारी भरत सिंह मुंडा राजस्व कर्मचारी सानो मुर्मू प्रकाश लमाय अंचल अमीन सुरेश कुमार महतो विनोद मानकी दुर्गा मुंडा बेरगा सोय आदि उपस्थित थे।

# प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाले जन सुराज से ही होगा अक्लियतों का कायाकल्प

समाज जागरण
जिला ब्यूरो राम बालक राम

मोतिहारी (बिहार) जिले में अल्पसंख्यक समाज के लोकप्रिय नेता और ढाका विधानसभा क्षेत्र के चंदनवारा पंचायत के लगातार चौथी बार से मुखिया चुने जाने वाले जैमुर्रहमान ने आज जन सुराज का दामन थाम लिया है। जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर ने उन्हें सीतामढ़ी जिले के नानपुर प्रखण्ड के गौरा गांव स्थित कैम्प में माला पहनाकर और चादरपोशी कर जन सुराज परिवार में शामिल किया। इस अवसर श्री रहमान ने कहा कि प्रशांत किशोर जी के नेतृत्व वाले जन सुराज में ही हमारी हिस्सेदारी और हक महफूज रहेगा। उन्होंने लोगों से जन सुराज के साथ जुड़ने और अपना तथा अपने बच्चों का मुस्तकबिल भविष्य



बुलंद करिए। मौके पर जिला संगठन महासचिव जयमंगल कुशवाहा, मुख्य प्रवक्ता संजय कुमार ठाकुर, सिकरहना अनुमंडल अध्यक्ष मुन्ना सिंह समेत अनेक जन सुराजी मौजूद थे। ज्ञात हो कि श्री रहमान के दादा साहब, पिता मरहूम अनिसुर्रहमान साहब भी अपने अपने जीवन काल तक लगातार चंदनवारा पंचायत के मुखिया चुने जाते रहे। इनकी लोकप्रियता समाज के सभी वर्गों में है तथा इनके घराने का सम्मान इलाके में काफी है। मुख्य प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा है कि श्री रहमान के जन स-,राज में सक्रिय होने से जिले में जन सुराज काफी मजबूत होगा।

# युवाओं का एक ही पुकार महागठबंधन से 2024 में सांसद उम्मीदवार पप्पू यादव हो

समाज जागरण
डाक्टर परमानंद कुमार

भागलपुर (बिहार) राजद के कद्दावर युवा नेता जिले में विकास पुरुष के नाम से चर्चित नाथनगर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पप्पू यादव अन्य जनप्रतिनिधियों के तरह जनता के बीच हर समय उपलब्ध तो रहते ही हैं। मानव कल्याण के लिए अपने दायित्व पर खड़े उतरने वाले युवा प्रत्याशी पप्पू यादव है। इतना ही नहीं किसी असहाय गरीब मजदूर लाचार जरूरतमंद लोगों तक हर संभव सहयोग कर पुण्य कमा रहे हैं। जनता के बीच जाकर उनके सुख-दुःख में भागीदारी निभाते हैं। चाहे बाढ़ की समस्या हो या सुखाड़ का या किसी गरीब की बेटी की शादी की बात हो हर एक मोड़ पर पप्पू यादव जनता के समक्ष तन मन धन से निस्वार्थ भाव से सेवा में लगे है। ये मानव सेवा के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है। भागलपुर के वर्तमान जिला अधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एस एस पी आनंद कुमार तथा अधिकारी पदाधिकारी के बीच मजबूत पकड़ तो है ही कई आईपीएस तो वरीय अधिकारियों से इनका अच्छा संबंध है। वही इस बार खासकर सभी जाति धर्म के युवा वर्ग 2024 के चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी भागलपुर नाथनगर के युवा व बेबाक निर्भीक होकर जनता की आवाज उठाते हैं। मतदाता इस बार अधिक बहुमत से जीतायेंगे, खासकर भागलपुर के युवाओं का एक ही मांग हो रहा है कि पप्पू भैया चाहिए,



क्योंकि ये जमीनी स्तर पर जनता के साथ है, ऐसा ही जन प्रतिनिधि होना चाहिए। हम आपको बता दे कि आज जनता के दिलों में पप्पू यादव बस गए हैं। अपने जिले के कई जटिल से जटिल समस्याओं का निदान सार्वजनिक रूप से सफलतापूर्वक हल करने से जनता का दिल व भरोसा जीतने का काम किए। ऐसे में क्षेत्र में काफी मजबूत पकड़ है। वही नाथनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पप्पू यादव को 2024 के चुनाव में भागलपुर की जनता चाह रही है। इस बार छः विधानसभा क्षेत्र में जनता इनको आशीर्वाद देकर भारी मतों से विजई बनाएंगे! सभी छः विधानसभा क्षेत्र में खासकर युवा वर्ग के सभी युवा नेता जिले में विकास पुरुष के नाम से जाने जाते है, वही पप्पू यादव बिहार के वर्तमान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के काफी करीबी और खास है। ऐसे जनप्रतिनिधि सभी क्षेत्र शहरों में हो तो जमीनी स्तर पर विकास देखने को मिलेगा। किसी भी समय जनता के लिए दिन रात सेवा में लगे हुए रहते हैं। वर्तमान उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव भी जा रहे हैं कि इस बार युवा वर्ग आगे आए।मौके पर शंभू शाह,प्रवीण यादव,अभिनंदन यादव,अशोक यादव,प्रमोद यादव,संजय मंडल,अनिल मंडल ,मंटू मंडल,मन्ना खान,मोहम्मद कलमी, संजय पासवान, दीपकमंडल,राजू मंडल, आकाश यादव,राहुल ठाकुर,सोनू कुमार अन्य युवा वर्ग

# जितिया पर्व पर गंगा स्नान करने गया नाबालिग डूबा, खोजबीन जारी

समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार

भागलपुर बिहार जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंपा नदी घाट में जीवित्पुत्रिका स्नान को लेकर गंगा स्नान करने गया नाबालिग छात्र डूब गया। इसके बाद चंपा नदी घाट पर कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस को दी।नाथनगर थाना पुलिस ने घटना की जानकारी को लेकर गस्ती दल को भेजा।तत्पश्चात सदर



एसडीओ व अंचलाधिकारी को दी। नाथनगर अंचल अधिकारी ने सूचना के उपरांत चार की संख्या में आपदा मित्र को मौके पर भेजा। वही आपदा मित्रों के द्वारा नदी में नाबालिग को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।नाबालिग छात्र की पहचान नाथनगर रेलवे फाटक के समीप निवासी पवन शाह के 12 वर्षीय पुत्र पृथ्वी कुमार के रूप में हुआ है।घटना करीब 8:30 बजे सुबह की बताई जा रही है। वही इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के करीब 3 घंटे बीत जाने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम के मौके पर नहीं पहुंचने से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है परिजन के साथ स्थानीय लोग नाथनगर थाना पहुंचकर अपने पुत्र की बरामदगी को लेकर हंगामा करने लगे। नाथनगर थाना पुलिस ने लोगों को समझा बूझकर शांत कराया।करीब 3 बजे पहुंची एस डी आर एफ की टीम डूबे छात्र की खोजबीन में जुट गई है।

# नहाए खाए के साथ हुआ प्रारंभ, अहले सुबह से ही गंगा में नहाने और पूजा अर्चना करने वाली महिलाओं का लगा रहा तांता

समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ
प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर बिहार जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर आज भागलपुर व भागलपुर के आसपास के विभिन्न गंगा घाटों में अहले सुबह से ही महिलाएं गंगा स्नान को लेकर पहुंच गई हैं, बरारी पुल घाट मुसहरी घाट सीढ़ी घाट सखी चंद्र घाट बाबूपुर घाट मुसहरी घाट सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ घाट कहलगांव के बटेश्वरनाथ घाट में महिलाओं ने स्नान किया और तेल खल्लि दान कर विधि विधान से पूजा अर्चना की, इस दिन गंगा स्नान का बड़ा महत्व है जिसका घर घर गंगा के किनारे होता है वह गंगा स्नान करती है पर दूर दराज के लोग भी गंगा स्नान करने



और पूजा अर्चना करने इस दिन गंगा घाटों पर पहुंचती है। जिसका जीता जागता नजारा भागलपुर के कई गंगा घाट में देखा गया, तीन दिनों तक चलने वाला इस महापर्व में पहला दिन आज नहाय खाए व्रत किया गया कल महिलाएं निर्जला व्रत रखेंगी और उसके बाद पारण करेंगे वहीं महिलाओं ने बताया कि जितिया व्रत संतान की लंबी उम्र और मंगल कामना के लिए हम लोग कर रहे हैं।वही जिले भर में महिला जीतिया का उपवास रखी थी।नहाय खाय के साथ हुआ प्रारंभ

# शादी का झांसा देकर एक युवती का किया यौन शोषण, पीड़िता न्याय की गुहार लगाने पहुंची एएसपी कार्यालय

समाज जागरण
कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार

भागलपुर बिहार एक ऐसा परिवार जो शादी का झांसा देकर करते हैं यौन शोषण, जी हाँ हम बात कर रहे हैं भागलपुर जिले के ततारपुर थाना क्षेत्र के जब्बारचक की जो भागलपुर जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के जमुनिया गाँव के रहनेवाली एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला भागलपुर महिला थाना पुलिस द्वारा नहीं लेने पर भागलपुर एएसपी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाने उसके कार्यालय पहुँची' इस मामले में जमुनिया गाँव के रहनेवाली एक युवती ने भागलपुर एएसपी को लिखित आवेदन देकर कहा है कि तीन माह पूर्व भागलपुर जिले के ततारपुर थाना क्षेत्र के जब्बारचक के रहनेवाले आमिर उसमानी के साथ शादी का बातचीत परिजन में लड़के जीजा जीया खान, लड़का बहन अफसा उसमानी,के द्वारा नौ सितम्बर को निकाह का तारिख तय होने पर सगुन के तौर पर हमारे पिता 51 हजार रुपये आमिर उसमानी को दिया



गया थो तभी आमिर उसमानी के द्वारा मोबाईल से बातचीत शुरू होने पर आमिर उसमानी अपने पते पर बुलाकर शादी की बात कहते हुए हमारे साथ यौन शोषण किया और शादी का समान कि खरिदारी होने पर शादी की बात कहते हुए कुछ दिन तक शादी रुकने को कहा गयो और मुझे बार बार मोबाईल से बातचीत में मुझे घुमाने के लिए कलकत्ता लेकर चले गए वहाँ भी हमारे साथ यौन शोषण किया'और जब शादी का तारिख नजदीक आने पर हमारे पिता को बुलाकर आमिर उसमानी एवं इनके परिजनों के द्वारा सात लाख रुपये दहेज देने की मांग करने पर शादी होने की बात कह रहे है नहीं देने पर शादी नहीं होने की बात कही जा रही है और आमिर उसमानी धमकी दे रहा है कि थाना पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा की धमकी बार बार दे रहा है और पिडिता युवती ने कहा कि थाना परबत्ता, ततारपुर थाना, भागलपुर महिला थाना में आवेदन देने पर नहीं लिया गयो तभी भागलपुर एएसपी को लिखित आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाते हुए कानुनी कार्यवाही की मांग किया है'

# तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कई छात्रावास में जल जमाव,छात्र परेशान, छात्र कर रहे हैं नाव के सहारे पलायन

समाज जागरण कार्यालय संवादाता दिलीप कुमार शाह

भागलपुर बिहार तिलकामांझी विश्वविद्यालय भागलपुर स्थित पीजी अंबेडकर हॉस्टल में वर्षा का पानी भर जाने के कारण कई दिनों से छात्रावासों के छात्र



परेशान हैं उनके रहने वाले कमरे, शौचालय, कॉमन रूम इत्यादि में भारी जल जमाव हो गया है, इन परेसानियों को देखते हुए छात्रों ने विरोध जताया, उसके बाद आनन फानन में नगर निगम की टीम पहुंची है परंतु अत्यधिक जल जमाव होने के कारण निगम कर्मी भी सोच में पड़े हुए हैं छात्रों की हॉस्टल से पानी कैसे निकाला जाए, छात्र कितने परेशान है कि वह अब भागलपुर के नगर आयुक्त कमिश्नर जिलाधिकारी को ज्ञापन शौंप में जा रहे हैं, विश्वविद्यालय के पग अंबेडकर हॉस्टल में हॉस्टल में जल जमाव होने के कारण आज नाव के सहारे छात्र अपने सामानों को लाद कर अन्यत्र रहने के लिए जा रहे हैं।

# बांका जिलेभर में नहाए खाए के साथ आज से तीन दिवसीय जीवितुत्रिका व्रत हुआ शुरू महिलाओं ने चांदन नदी में स्नान कर की विधि विधान से की पूजा अर्चना

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका (बिहार) जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर बांका जिले भर में उत्साह का माहौल देखा गया, वहीं बाजारों में काफी भीड़ देखी गई, यह व्रत पुत्र की लंबी आयु के लिए किया जाता है, आज से तीन दिवसीय जीवित्पुत्रिका को लेकर व्रत की शुरूआत की गई, वहीं महिलाओं ने चांदन नदी



में स्नान कर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना किया वहीं गुरुवार को नहाए खाए एवं शुक्रवार की सुबह से ही पुत्र की लंबी आयु की कामना करने को लेकर 24 घंटे से अधिक निर्जला उपवास महिला रखेगी वही व्रत का पारण 7 अक्टूबर की सुबह 8:08 मिनट पर उसके बाद निर्जला उपवास व खत्म हो जाएगा।

# चैत्र प्रतिपदा तिथि पर सबसे पहले कलश स्थापना होती है फिर लगातार नौ दिनों तक मां देवी दुर्गा के नौ स्वरूपो का विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाता है।

समाज जागरण
डाक्टर परमात्मा कुमार

भागलपुर (बिहार) हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र मांह के चैत्र प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि कोड श-,रूआत होती है। हिंदू धर्म में नवरात्रि व्रत का विशेष महत्व होता है। मान्यता है ,नवरात्रि के नौ दिनों तक देवी मां दुर्गा 9 दिनों तक पृथ्वी पर आती है, और अपने सभी भक्तों की हर तरह की मनोकामना पूर्ण करती है। चैत्र प्रतिपदा तिथि पर सबसे पहले कलश स्थापना होती है।9 दिनों तक लगातार मां देवी दुर्गा की नौ रूपों की विधि विधान से स्वरूप की पूजा अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि का व्रत रखने वाले भक्तों की सारी मनोकामना पूर्ण होती है, और जो भक्त 9 दिनों तक देवी की उपासना करते है उनका हर मनोकामना पूर्ण होती है ।मां दुर्गा की उपवास करने से पहले की कई बातों पर ध्यान रखना चाहिए, और आईए जानते हैं कि कौन सी ऐसी चीज है जो कि भूल से भी नहीं करनी चाहिए, नवरात्रि में खासकर इस बातों का ध्यान रखना चाहिए अगर आपने घर में कलश की स्थापना की है, या माता की चौकी या अखंड ज्योति जला रखी है तो इस स्थिति में घर को आपको खाली नहीं छोड़ना चाहिए, अगर आप ने घर में कलश स्थापना की है। यानी देवी को घर में आने को आमंत्रित किया है।पूरे 9 दोनों मां दुर्गा की सुबह शाम विधि विधान से पूजा अर्चना करनी चाहिए, आरती के रूप में उनकी पूजन करनी चाहिए, नवरात्रि में साफ सफाई का







खास कर ध्यान रखनी चाहिए, और सूर्य उदय होने से पहले ही स्नान कर लेना चाहिए, एवं साफ- सुथरा कपड़ा पहनना चाहिए तभी मां देवी दुर्गा का आराधना करनी चाहिए, और नौ दिनों तक काले वस्त्र नहीं पहनना चाहिए, नाही 9 दिनों तक चमड़े की कोई वस्तु पहनना नहीं चाहिए और नवरात्रि में बाल ,नाखून भी नहीं कटनी चाहिए, ऐसे में इसे बेहद ही अशुभ माना जाता है, देवी मां दुर्गा की पूजा विधि विधान शांति श्रद्धा एवं प्रेम से करनी चाहिए, ऐसे में घर में घर वालों से कलह नहीं करनी चाहिए, कलह करने से देवी मां नाराज हो जाती है, और इसके दुष् रिणाम आपको भोगने पड़ते हैं, नवरात्रि के दिनों में प्याज लहसुन एवं मांस मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए इसे बेहद ही अशुभ माना जाता है, उपवास करने वाले को फलाहार करना चाहिए, इन नौ दिनों तक नमक का सेवन नहीं करना चाहिए, और नौ दिनों तक दोपहर में नहीं सोना चाहिए, उपवास करने वाले को दुर्गा चालीसा व दुर्गा पाठ करनी चाहिए नवरात्रि की नौ दिनों तक नौ रूपों की मां दुर्गा की पूजा विधि विधान से करनी चाहिए!

# रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति में नामित हुए सत्य प्रकाश झा

समाज जागरण
श्याम कुमार ठाकुर

बिहपुर -(बिहार) बिहपुर प्रखंड के बभनगामा निवासी सत्यप्रकाश झा पूर्व मध्य रेलवे में क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्रि समिति में नामित हुए हैं ।वहीं समिति में नामित होने पर श्री झा ने कहा कि क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता की बातों को सीधे समिति में रखने का काम प्रमुखता से करूंगा।इधर इसको पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक-कार्यालय/सामान्य रेल निकेतन हाजीपुर द्वारा 27 सितंबर को उप महाप्रबंधक/सा. वीरेंद्र कुमार द्वारा जारी पत्र में सत्यप्रकाश झा को प्राप्त हो गया है।उक्त पत्र में श्री झा को बताया गया है कि पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्रि समिति में



आपको रेलमंत्री के विशेष हित का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक फरवरी 2023 से 31 जनवरी 2025 तक अथवा रेल मंत्रालय द्वारा समिति भंग किए जाने तक के लिए आपको नामित किया जाता है।श्री झा के इस समिति में नामित होने पर भाजपा नेता महंत नवलकिशोर दास,प्रो.भोला कुंवर,शंभु ठेर व गोपाल चौधरी आदि समेत क्षेत्र के गणमान्य बुद्धिजीवियों ने श्री झा को बधाई देते हुए कहा कि इससे अब हमारे क्षेत्र से रेल संबंधी समस्या व जरूरत के बारे में बातों को सीधे रेलवे बोर्ड तक पहुंचाने में अब कोई रूकावट व बाधा सामने नहीं आएगी।

# राष्ट्रीय जनता दल के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का जिला महा सम्मेलन आयोजित

समाज जागरण

भागलपुर (बिहार) जीरो माइल स्थित मौर्या विवाह भवन में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला महासम्मेलन में आए अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद बांका जय प्रकाश नारायण यादव एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार श्री वृषण पटेल एवं अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वही कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि के रूप में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सहनी , माननीय विधायक भारत भूषण मंडल , माननीय विधायक रामवृक्ष सदा , माननीय विधायक भरत बिंद, माननीय विधायक अली अशरफ सिद्दिकी एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती उर्मिला ठाकुर ने शिरकत किया। वही अति पिछड़ा जागरूकता महासम्मेलन अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नट बिहारी मंडल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

वही विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर प्रसाद यादव , बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु, प्रदेश सचिव डॉ तिरूपति नाथ यादव , प्रदेश महासचिव संभु बिंद , अति पिछड़ा प्रदेश महासचिव गीता बिंद, अति पिछड़ा प्रदेश महासचिव नीरज सहनी, जिला प्रवक्ता सह उप महापौर भागलपुर सलाहुद्दीन अहसन,पूर्व जिला अध्यक्ष केदारनाथ यादव, पूर्व विधायक सुल्तानगंज फनीन्दर चौधरी, पूर्व विधायक पीरपैंती रामविलास पासवान, पूर्व प्रत्याशी अरूण साह , जिला प्रधान महासचिव विश्वजीत कुशवाहा आदि ने महा सम्मेलन को संबोधित किया । वही अति पिछड़ा महासम्मेलन को संबोधित करते हुए उदघाटन कर्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद बांका जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा आज बात करते है आरक्षण की बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान के पन्नों पर आरक्षण शब्द जब लिखें, तब दलित, पिछड़ा अति पिछड़ा के लोगों को ज्ञात हुआ कि आरक्षण क्या है, लेकिन तब बात उस समयकाल की है जब हमारे समाज के लोग शिक्षित नहीं थे, लेकिन 1990 ईस्व में जब राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव बिहार की गद्दी पर बैठे ब्रह्मवादियों के खिलाफ अति पिछड़ा, दलित, पिछड़ा को सामाजिक न्याय के साथ सभी को समानता का अधिकार दिए, अति पिछड़ा समाज के भाइयों उठों, लड़ों और अपना अधिकार लो, आज जाति जनगणना होना बिहार सरकार का एक सार्थक कदम है, ताकि पता चले कि जिसकी जितनी आबादी उसको उतनी हिस्सेदारी मिले।



वही संबोधित करते हुए अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार सहनी ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई आदरणीय नेता श्री लालू प्रसाद यादव जी ने जब दलित, पिछड़ा अति पिछड़ा को राजनीतिक क्षेत्र में अधिकार देते हुए समाजिक एकता का पहचान कराया।तो सामाजिक एकता को खंडित करने वाले केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार ने देश को गुलामी की ओर धकेल दिया, जिस देश के किसानों की आवाज को दबाया जाये वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता, जिस देश में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हो वह देश कितना शक्तिशाली बनेगा, ऐसा कारनामा केन्द्र में बैठे भाजपा सरकार के द्वारा लगातार सामने आ रहा है, अब पिछड़ा दलित, अति पिछड़ा समाज जग चुका हैं इसका मुंहतोड़ जवाब आने वाले समय में देश की जनता देगी। वही संबोधित करते हुए आचार समिति के सभापति भारत भूषण मंडल ने कहा - ब्रह्मण वादी ने जातिवाद पैदा किया, अगर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने संविधान नहीं लिखा होता, तो ब्राह्मणवादी उच्च जाति को 5 वोट का अधिकार होता और दलित,अति पिछड़ा को सिर्फ एक वोट , वही सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती उर्मिला ठाकुर ने कहा कि अब तक सभी राजनीतिक दलों ने अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को ठगने का काम किया है, राष्ट्रीय जनता दल ही एक ऐसी पार्टी है जिन्होंने जन नायक कपूरी ठाकुर जी के सिद्धांतों पर चलते हुए अति पिछड़ा समाज के लोगों को बिहार के राजनीतिक में समानता का अधिकार दिया। वहीं राजद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा बिहार की राजनित में अति पिछड़ा शब्द महत्वपूर्ण बिंदु है, आज जाति गत गणना से ये पता चलता है कि अति पिछड़ा समाज को प्रतिशत के अनुसार सरकारी संस्थाओं के साथ साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी हिस्सेदारी मिले, इसके लिए हमेशा से ही राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लालू प्रसाद यादव ने महेश मंडल एवं ब्रह्मदेव मंडल जी जैसे अति पिछड़ा समाज को राजनीतिक मंच देते हुए बिहार सरकार में मंत्री बनाने का काम किया था । वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नटबिहारी मंडल ने कहा कि अति पिछड़ा जागरुकता महासम्मेलन से राजनीतिक क्षेत्र में भी अति पिछड़ा समाज को हिस्सेदारी मिले। वही कार्यक्रम में - पूर्व एमएलसी प्रत्याशी डॉ नितेश, झुग्गी झोपड़ी जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमेश रमण, गौतम बनर्जी, बांका जिला अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद ठ-,कुर, महिला प्रदेश सचिव श्रीमती रानी देवी, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष दिवाकर कुशवाहा, नवगछिया जिला अध्यक्ष अलख निरंजन पासवान, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद यादव, जिला महासचिव मोहम्मद मेराज, महोम्मद अफरोज आलम, अनुपम मंडल, मनोहर सिन्हा, महोम्मद नईम उद्दीन, शंकर बिंद, शंभु मंडल,पवन ठ-,कुर, आपदा प्रबंधन जिला अध्यक्ष इरसाद फतेहपुरी, महोम्मद मोजीब,राजू रंजना, पूजा पांडेय, मीना देवी, कुन्दन मंडल, दिलीप पंडित, प्रदीप ठाकुर, प्रदीप मंडल,दिलीप गुप्ता, अरविन्द मंडल, महोम्मद रिजवान, पूर्व अति पिछड़ा प्रदेश महासचिव अशोक राय, रमण साह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ महासचिव मुंगेर लालू यादव, प्रिंसिपल योगेन्द्र प्रसाद यादव, सुमंत यादव, महोम्मद कमरुद्दीन, कन्हाई प्रसाद सिंह चंद्रवंशी, महोम्मद अफरोज आलम, जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार उर्फ पप्पू, जिला महासचिव अशोक यादव, अशोक कुमार र-,केश, महोम्मद सज्जाद उर्फ भोलू, प्रवीण कुमार उर्फ गोपाल, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष अयाज अली, दिलीप कुमार दीवाना, बसंत कुमार उर्फ बासुकी, नूर हसन फरीदी, जिला सचिव रामविलास मंडल, जिला कोषाध्यक्ष महोम्मद मरगूबुल हसन, अरविंद यादव, विरेन्द्र भारती, महोम्मद कौशर लाला, कला संस्कृति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बासुकी यादव, कीड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष महोम्मद उमर ताज, प्रखंड अध्यक्ष पीरपैंती दक्षिणी रंजीत साह, प्रखंड अध्यक्ष पीरपैंती उत्तरी मुरली यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अरविंद यादव,रमण कुशवाहा, जिचछो मंडल, परमेश्वर मंडल, जिला महासचिव धनेश्वर मंडल, मुसाय सहनी, जिला महासचिव शिशिर सिंह, रोहित यादव, बबलू ठाकुर, नवगछिया जिला प्रधान महासचिव संजय मंडल, रत्नाकर झा, मृदुला ठाकुर, सुमन देवी एवं जिला मिडिया प्रभारी मंजीत ठाकुर के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल के हजारों सम्मानित कार्यकर्ता गण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

# स्व, कैलाशपति मिश्र की सौवी जयंती धूमधाम से मनाई गई।

समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

बिहपुर- (बिहार) गुरुवार को बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा दक्षिण पंचायत में बड़ी भगवती स्थान के समीप मंडल भाजयुमो के संयोजन में पार्टी में भीष्म पितामह के नाम से विख्यात स्व.कैलाशपति मिश्र की सौवीं जयंती मनाई गई।बिहपुर मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत चौधरी जी की अध्यक्षता में बिहार भाजपा के भीष्म



पितामह परमश्रद्धेय कैलाशपति मिश्र जी की जनशताब्दी सह जयंती पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए, श्रद्धासुमन व भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।इस मौके पर भाजयुमो आईटी सेल संजोयक कल्याण कुमार झा, ब्रजेश चौधरी, आमोद चौधरी, राजेश कुमार, विक्की चौधरी, अभिषेक आनंद, सत्यम कुमार व अनिमेष कुमार उपस्थित थे।